* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

25 जुलाई, 2023
सावन, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 275


# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

नोएडा में कपड़े की फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मौके पर पहुंचीं चार जिलों की दमकल की 30 गाड़ियां








## न्यूज रील्स

### पीएफ पर 8.15% मिलेगा ब्याज, सरकार की मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रोविडेंट फंड (पीएफ) अकाउंट पर 8.15% ब्याज को मंजूरी दे दी है। एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गनाइज़ेशन (इपीएफओ) ने मार्च में ब्याज दरें 0.05% बढ़ाने की सिफारिश की थी। यानी अगर आपके 1 लाख रुपये जमा है तो इस पर साल में 8,150 रुपये का ब्याज मिलेगा।

### भाजपा में शामिल हुए सपा के साहब सिंह सैनी

लखनउ। भापा प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री रहे साहब सिंह सैनी ने पार्टी का दामन थाम लिया। उनके अलावा कुछ और पूर्व विधायकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। 2022 विधानसभा चुनाव में खतौली सीट से रालोद के प्रत्याशी रहे राजपाल सैनी, सपा की पूर्व विधायक सुषमा पटेल, पूर्व मंत्री जगदीश सोनकर सहित करीब एक दर्जन लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उधर, कांग्रेस के टिकट पर 2017 में मेयर चुनाव और 2019 में सपा के टिकट से लोकसभा चुनाव में ताल ठोकने वाली शालिनी यादव ने सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। शालिनी दिग्गज कांग्रेसी नेता व केंद्रीय मंत्री रहे श्याम लाल यादव की पुत्र वधु हैं।

### बसपा के दो बड़े नेता भाजपा में हुए शामिल

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले सपा, बसपा और कांग्रेस नेताओं का भाजपा में जाने का सिलसिला थम नहीं रहा। खबर है कि आगरा में दक्षिण विधानसभा से बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले रवि भारद्वाज और बसपा से खेरागढ़ से चुनाव लड़ने वाले गंगाधर कुशवाहा ने लखनऊ में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

### अफजाल अंसारी के लिए सुप्रीम कोर्ट का सहारा

इलाहबाद। उत्तर प्रदेश की गाजीपुर सीट से बसपा के निवर्तमान सांसद अफ्जाल अंसारी को बड़ा झटका लगा है। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने गैंगस्टर मामले में अफ्जाल अंसारी को मिली चार साल की सजा पर रोक लगाये जाने से इनकार कर दिया है। लोकसभा की सदस्यता बचाये रखने के लिए अफ्जाल अंसारी ने हाइकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। हालांकि उनकी जमानत अर्जी को मंजूर कर लिया गया है। अब उनके पास बस सुप्रीम कोर्ट का सहारा ही बचा है।

## झारखंड में बढ़ते बांग्लादेशी घुसपैठियों से राज्यपाल चिंतित

# आदिवासियों की परंपरा और जीवन शैली पर बुरा असर पड़ेगा : सीपी राधाकृष्णन

- मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से राज्यपाल ने की बातचीत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिये बढ़ रहे हैं। खासकर साहिबगंज, पाकुड़ समेत संथाल के सीमावर्ती क्षेत्र में घुसपैठ ज्यादा है। इस बात को लेकर लंबे समय से भाजपा समेत अन्य राजनीतिक दल चिंता जाहिर करते रहे हैं। इस मुद्दे को विधानसभा में उठाते रहे हैं। अब राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बांग्लादेशी घुसपैठियों पर चिंता जाहिर की है। उन्होंने इस बारे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य सचिव सुखदेव सिंह से भी बात की है।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बांग्लादेशी घुसपैठियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह बहुत खतरनाक है। क्योंकि विदेशियों की घुसपैठ आदिवासियों की जीवनशैली उनकी परंपरा को बदल देगी। खासकर जब वे आकर आदिवासी महिलाओं से शादी कर रहे हैं, यह तो चिंताजनक है। हमें इसे लेकर बहुत सतर्क रहना होगा। मैंने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के साथ-साथ मुख्य सचिव के सामने भी उठाया है। आदिवासी परंपरा नहीं बदलनी चाहिए और विदेशियों की घुसपैठ से झारखंड की जनसांख्यिकी नहीं बदलनी चाहिए। हमें इस बारे में बहुत सावधान रहना चाहिए। राज्यपाल एक न्यूज एजेंसी से बातचीत कर रहे थे।

**भाजपा नेता लागातर उठा रहे मुद्दा :** बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर भाजपा के नेताओं ने कई बार आवाज उठायी है। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मुद्दे पर कई बार ट्वीट किये हैं। सरकार पर निशाना साधा है। सरकार को अगाह किया है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने भी यहां तक कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठ एटम बम से भी ज्यादा खतरनाक है। भाजपा विधायक अनंत ओझा विधानसभा के लगभग हर सत्र में प्रश्नकाल, ध्यानाकर्षण और कार्यस्थगन के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे को उठाते रहे हैं।

**कोर्ट में दायर की गयी है जनहित याचिका :** इस मामले को लेकर झारखंड हाइकोर्ट में एक जनहित याचिका भी दायर की गयी है। इस याचिका पर हाइकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए केंद्र और राज्य सरकार से पूछा है कि बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड में कैसे घुस रहे हैं? केंद्रीय गृह मंत्रालय से पूछा कि संथाल परगना के सीमावर्ती इलाकों में बांग्लादेशियों की घुसपैठ की जानकारी है या नहीं? घुसपैठ हो रही है, तो उसे रोकने के लिए क्या कदम उठाये गये? जनहित याचिका में कहा गया है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज सहित झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठ कर रहे हैं। इससे इन जिलों की जनसंख्या पर असर पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसे बनाये जा रहे हैं। स्थानीय आदिवासियों को गुमराह कर उनसे शादी की जा रही है।

**साहिबगंज-पाकुड़ सबसे प्रभावित :** बंग्लादेशी घुसपैठ से सबसे अधिक प्रभावित साहिबगंज और पाकुड़ जिला है। पाकुड़ की 2001 में आबादी 7 लाख 1 हजार 664 थी, जिसमें मुस्लिमों की आबादी 2 लाख 32 हजार 373 थी। यानी कुल आबादी का 33 प्रतिशत। वहीं, 2011 में यहां की आबादी 9 लाख 422 हुई, जिनमें मुस्लिम आबादी 3 लाख 22 हजार 963 हो गयी। यानी कुल आबादी का 33.87 प्रतिशत। इसी तरह 2001 में साहिबगंज की आबादी 9 लाख 27 हजार 770 थी, जिनमें मुस्लिम आबादी 2 लाख 70 हजार 423 थी। यानी 29.15 प्रतिशत। 2011 में कुल आबादी 11 लाख 50 हजार 567 हो गई, जिनमें मुस्लिम 3 लाख 8 हजार 343 हो गयी। यानी 26.80 प्रतिशत।

## नव प्रोन्नत अधिकारियों को सीएम ने बैज लगा कर सम्मानित किया

# कर्मियों को हक और अधिकार दे रही है सरकार : हेमंत सोरेन

- राज्य पुलिस सेवा के 24 अधिकारियों का आइपीएस बनने का सपना हुआ पूरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम में भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) में नवप्रोन्नत राज्य पुलिस सेवा के 24 पुलिस अधिकारियों को बैज लगा कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग में कई बार फाइल मूवमेंट के समय अधिकारियों द्वारा यह बताया गया कि राज्य पुलिस सेवा की प्रोन्नति से संबंधित फाइल सांप-सीढ़ी की तरह ऊपर-नीचे हो रहा है। कार्यपालिका नियम-कानून के तहत अपना कार्य कर रही है, परंतु प्रोन्नति से संबंधित फाइल तेज गति से आगे नहीं बढ़ रही है। तभी मैंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रोन्नति से संबंधित फाइल में मैं कितनी बार साइन करूं? मेरी जिज्ञासा थी कि आखिर प्रोन्नति कब मिलेगी, राज्य सरकार द्वारा इस पर गंभीरतापूर्वक कार्य किया गया। अंततोगत्वा आज प्रोन्नति का सुखद क्षण हमारे बीच आया। राज्य पुलिस सेवा के अधिकारियों का आइपीएस बनने का सपना पूरा हुआ है। इन सभी नव प्रोन्नत अधिकारियों और उनके परिजनों को मैं अपनी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**सरकार कर्मियों का रख रही ध्यान :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने शुरू से ही राज्य में विभिन्न सेवा के कर्मियों और पदाधिकारियों को उनके हक और अधिकार देने का काम किया है। कई संवर्गों में तो लोग प्रभारी के रूप में कार्य करते-करते सेवानिवृत्त हो गये। उनकी प्रोन्नति से संबंधित फाइलें रुकीं रह गयीं। हमारी सरकार ने प्रोन्नति से संबंधित समस्याओं को निपटाया है। अब राज्य सरकार के कर्मियों को नियमानुसार प्रोन्नति मिलनी शुरू हो गयी है। मुख्यमंत्री ने नव प्रोन्नत भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों से कहा कि आप अपने कर्म क्षेत्र में निर्भीक होकर जिम्मेदारी का निर्वहन करें, राज्य सरकार झारखंड के आम जनमानस के साथ-साथ सरकार के अधिकारियों का भी मान-सम्मान औरअधिकार का पूरा ख्याल रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन की सौगात दी है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पिपिंग समारोह में नव प्रोन्नत 24 भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारियों को बैज लगा कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग अविनाश कुमार, डीजीपी अजय कुमार सिंह, पुलिस महानिदेशक (सीआइडी) अनुराग गुप्ता, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**ये हुए हैं प्रोन्नतः 2017 बैचः** सरोजिनी लकड़ा, एमेल्डा एक्का, सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडेय और विजय आशीष कुजूर

**2019 बैच :** दीपक कुमार शर्मा, राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, सहदेव साव, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडेय और अनिमेष नैथानी

**2020 बैचः** अजय कुमार, आरिफ एकराम, डॉ विमल कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली और पीतांबर सिंह खेरवार।

### दो महिलाओं ने कांस्टेबल से आइपीएस तक सफर तय किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार यह क्षण आया है, जब इतनी बड़ी संख्या में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी भारतीय पुलिस सेवा में प्रोन्नत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आइपीएस अधिकारी बननेवालों में दो ऐसी महिला अधिकारी सरोजिनी लकड़ा और अमेल्डा एक्का हैं, जिन्होंने कांस्टेबल पद से आइपीएस बनने तक का लंबा सफर तय किया है। इन दोनों महिला आइपीएस अधिकारियों का सफर राज्य पुलिस कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत और मील का पत्थर साबित होगा।

# पाकुड़ में दोस्त के साथ घूमने पहुंची आदिवासी महिला से सामूहिक दुष्कर्म

## दुष्कर्म के बाद बेहोश हो गयी थी महिला, होश आने पर लौटी घर

- अपने प्रेमी के साथ रविवार की देर शाम अमड़ापाड़ा पहुंची थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अमड़ापाड़ा (पाकुड़)।** पाकुड़ में एक 36 वर्षीय आदिवासी महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना रविवार देर रात आमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव के निकट फुटबॉल मैदान की है। यहां लगभग आठ युवकों ने मिल कर महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद महिला बेहोश हो गयी। सोमवार सुबह होश आने के बाद महिला पाडेरकोला चौक पहुंची। यहां महिला ने कुछ लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। ग्रामीणों की मदद से महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। महिला महेशपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहनेवाली है। वह अपने प्रेमी के साथ रविवार की देर शाम अमड़ापाड़ा पहुंची थी। उधर, महिला का प्रेमी भी घटना के बाद से फरार है।

**एक हफ्ते पहले दिल्ली से लौटी है महिला :** पीड़िता ने बताया कि वह दिल्ली में काम करती है। एक सप्ताह पूर्व वह घर लौटी थी। रविवार की शाम वह अपने प्रेमी के साथ बाइक में बैठ कर अमड़ापाड़ा आयी थी। वह करीब छह महीने से अपने प्रेमी से मोबाइल पर बातचीत कर रही थी। पीड़िता ने बताया कि अमड़ापाड़ा पहुंचने पर प्रेमी ने एक दुकान से मिठाई खरीदी। इसके बाद उसे फुटबॉल मैदान के पास लेकर गया। वहां पहले से लगभग आठ युवक घात लगाये बैठे थे। वे मुझे जबरन पकड़ कर एक पेड़ के पीछे ले गये, जहां सभी ने दुष्कर्म किया। महिला ने पुलिस को यह भी बताया कि वह अपने प्रेमी को केवल हेम्ब्रम नाम से जानती है।

### पुलिस मामले की छानबीन में जुटी



पुलिस ने महिला का बयान दर्ज कर लिया है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में पुलिस बल पीड़िता के साथ घटनास्थल और मिठाई दुकान पहुंचा। महिला ने बताया कि दुष्कर्म के दौरान युवकों ने मोबाइल छीन लिया था। पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकालने में जुटी है। एसडीपीओ विमल कुमार ने कहा कि चूंकि महिला को अपने प्रेमी का पूरा नाम भी पता नहीं है, इसलिए अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा।

# ज्ञानवापी में 26 तक नहीं होगा एएसआइ सर्वे

**वाराणसी (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) के सर्वे को लेकर 26 जुलाई तक रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि 26 जुलाई की शाम 5 बजे तक कोई सर्वे ना किया जाये। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस दौरान अगर मस्जिद कमेटी चाहे तो वाराणसी कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट जा सकती है। गौरतलब है कि वाराणसी की अदालत ने मस्जिद में एएसआइ सर्वे का आदेश दिया था। वाराणसी में एएसआइ ने सोमवार को ज्ञानवापी का सर्वे शुरू किया। सील वजूस्थल को छोड़ कर पूरे परिसर का सर्वे कराने की बात थी। शुरूआती तीन घंटे के सर्वे में फीता लेकर पूरे परिसर को नापा गया। चार स्टैंड कैमरे परिसर के चारों कोने पर लगाये गये। उसमें एक-एक एक्टिविटी रिकॉर्ड की गयी। उधर, मुस्लिम पक्ष ने सर्वे का बहिष्कार किया। वह सर्वे के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट में जब सुनवाई शुरू हुई, तब एएसआइ की टीम ज्ञानवापी में सर्वे कर रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने तुरंत वहां पर किसी तरह की खुदाई पर रोक लगा दी।

# मणिपुर पर संसद में हंगामा, आप सांसद संजय सिंह सस्पेंड

- खड़गे का आरोप, विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश
- अमित शाह बोले, सरकार चर्चा को तैयार


आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसद में मानसून सत्र के तीसरे दिन मणिपुर मुद्दे को लेकर जम कर हंगामा हुआ। लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने नारेबाजी की। हंगामे के चलते संसद के दोनों सदनों को मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। उधर, राज्यसभा में मणिपुर मुद्दे पर सभापति जगदीप धनखड़ से बहस कर रहे आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह को पूरे मानसून सत्र से सस्पेंड कर दिया गया है। उन पर सभापति का आदेश न मानने का आरोप है। विपक्षी सांसदों ने इस कार्रवाई का विरोध भी किया है।

राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने मणिपुर मुद्दे पर शोर-शराबा शुरू कर दिया। दोनों सदनों की कार्यवाही दो बार कुछ-कुछ देर के लिए स्थगित की गयी। तीसरी बार सदन की कार्यवाही शुरू होने पर जब विपक्ष सांत नहीं हुआ, तो मंगलवार तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। विपक्ष ने मणिपुर मुद्दे और आप सासंद संजय सिंह के निलंबन पर सरकार पर निशाना साधा, तो सत्ता पक्ष ने कहा कि सरकार चर्चा कराने के लिए तैयार है। विपक्ष केवल हंमागा चाहता है।

संजय सिंह के निलंबन पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि कोई विरोध जता रहा है। सभी लोग संसद में विरोध करते हैं। आज सरकार की मंशा है कि किसी ना किसी तरीके से आवाज को बंद किया जाये। पिछली बार भी उन्होंने ऐसा ही किया था।

उधर, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं सदन में मणिपुर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार हूं। मुझे नहीं पता कि वो (विपक्ष) यह चर्चा क्यों नहीं होने दे रहे। मेरा आग्रह है कि विपक्ष चर्चा होने दे, ताकि इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर देश के सामने सच्चाई पहुंचे।

189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,200 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# मिशन 2024 के रास्ते में कितना बलिदान कर सकेगी कांग्रेस

## ■ कम से कम पांच राज्यों में पार्टी को देनी होगी बड़ी सियासी कुर्बानी

## ■ दक्षिण को छोड़ अन्य राज्यों में कितनी दूर तक जा सकेगी कांग्रेस

**देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत से दूर रखने के लिए उत्तरप्रदेश, पंजाब, दिल्ली, बिहार, बंगाल और महाराष्ट्र जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में बड़ा दिल दिखाते हुए छोटे दलों के लिए बलिदान देने की जरूरत है। कांग्रेस अब तक दो बड़ी विपक्षी बैठकें आयोजित करने में कामयाब रही है, एक बिहार में और दूसरी कर्नाटक में। इन बैठकों का मुख्य आकर्षण संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) का नाम बदलना रहा। कांग्रेस 2019 के लोकसभा चुनाव में 421 सीटों पर लड़ी थी और 373 पर भाजपा से उसकी सीधी टक्कर थी। उसे महज 52 सीटें मिली थीं। वहीं भाजपा ने 2019 का चुनाव 435 सीटों पर लड़ा था, जबकि बाकी सीटों पर उसके गठबंधन के सहयोगियों ने चुनाव लड़ा था। इस बार कांग्रेस लोकसभा चुनावों में लगातार दो बड़ी हार झेलने के बाद भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों को एक साथ लेकर आयी है। इनमें वे दल शामिल हैं, जिनका कुछ राज्यों में मजबूत आधार है, जबकि अन्य दलों के पास राज्य विधानसभाओं या संसद में कोई विधायक या सांसद नहीं है। ऐसे राज्यों में वोटों का बिखराव रोकने के लिए कांग्रेस को सियासी समझौता करना होगा। लेकिन हकीकत यह है कि विपक्षी एकता की सुनहरी तस्वीर पेश करने के बावजूद कांग्रेस के लिए आगे की राह बहुत आसान नहीं है, क्योंकि इसके लिए बहुत गंभीर बातचीत की आवश्यकता है, जिसमें उन राज्यों में बलिदान शामिल है, जहां क्षेत्रीय दल इसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी हैं। विपक्षी नेताओं का एक साथ तस्वीरें खिंचवाने का विकल्प तभी काम करेगा, जब पार्टियां बड़े दिल से बलिदान, समायोजन और सीट साझा करने के लिए तैयार होंगी, जिसके लिए बहुत नाजुक विचार-विमर्श की आवश्यकता होगी। कांग्रेस इसी मुद्दे को लेकर गंभीर असमंजस में है। कांग्रेस की इस असमंजस का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

विपक्षी दलों की बेंगलुरु में हुई बैठक की बाहर आयीं तस्वीरें कुछ ऐसी थीं, जिनकी सियासत में अब जबरदस्त मायने निकाले जा रहे हैं। सियासी जानकारों का कहना है कि विपक्षी दलों की एकता में डांवाडोल स्थिति अरविंद केजरीवाल की मांग पर कांग्रेस के समर्थन न किये जाने से बन रही थी। लेकिन बैठक में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सोनिया गांधी के अगल-बगल में होने के साथ ममता बनर्जी की पड़ी हुई बगल की कुर्सी यह इशारा कर रही है कि अब सब कुछ 'ऑल इज वेल' हो गया है। लेकिन इस 'ऑल इज वेल' के फेर में पांच राज्यों में सबसे ज्यादा कांग्रेस के नेताओं को बड़ा सियासी बलिदान भी करना होगा, क्योंकि गठबंधन में कांग्रेस की सबसे बड़ी पार्टी है, जिसका देश के सभी राज्यों में विस्तार है। फिलहाल बेंगलुरु की बैठक के बाद अगली कुछ बैठक और होनी है, जिसमें चुनाव लड़ने के फॉर्मूले पर बड़ी चर्चा होगी।

ध्यान देनेवाली बात यह है कि बेंगलुरु में संपन्न बैठकों के एक-एक मिनट की योजना ऐसी बनायी गयी थी कि उसका सियासी संदेश जम कर निकले। शुरुआत डिनर और उससे पहले होनेवाली बैठक से हुई। इस बैठक में जो तस्वीर सामने आयी, उसमें राहुल गांधी और सोनिया गांधी के आसपास बैठे हुए नेताओं से गठबंधन की तस्वीर के साथ-साथ उसकी तासीर भी दिखी। सोनिया गांधी की दाहिनी ओर जहां ममता बनर्जी बैठी दिखीं, वहीं राहुल गांधी की बायीं ओर लालू यादव और दाहिनी ओर नीतीश कुमार दिखे। लालू यादव के बगल में अरविंद केजरीवाल, उनके बगल में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे नजर आये, जबकि अखिलेश यादव के बगल में एक ओर जयंत चौधरी, तो चौधरी के बगल में ही बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी बैठे दिखे। तेजस्वी के बगल में ही महबूबा मुफ्ती और उनके पास पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बैठे दिखे। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह उन राज्यों के नेताओं की वे तस्वीरें हैं, जहां पर उनका दावा सियासी गठबंधन में बड़ा माना जा रहा है।

### ममता और केजरीवाल से मिला यह बड़ा संदेश

सियासी जानकारों का कहना है कि नेताओं के बैठने की जो व्यवस्था की गयी थी, उससे पता चलता है कि राहुल और सोनिया इस गठबंधन में सबसे महत्वपूर्ण क्यों हैं। बैठक के दौरान जिस तरह से राहुल गांधी के अगल-बगल में बिहार के दो बड़े नेता लालू यादव और नीतीश कुमार बैठे, वह बताता है कि सियासी गठबंधन में नीतीश और लालू की कितनी भूमिका होनेवाली है। इसी तरह पश्चिम बंगाल की नेता ममता बनर्जी की कुर्सी भी सोनिया गांधी के बिल्कुल दाहिनी ओर थी। सोनिया गांधी और ममता बनर्जी के अगल-बगल बैठने का संदेश स्पष्ट है कि गठबंधन में पड़ने वाली गांठों को सुलझा लिया गया है। इस बैठक में ही अरविंद केजरीवाल और सोनिया गांधी की भी तस्वीर सामने आयी। गठबंधन में सबसे बड़ा पेंच आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के आपसी समझौते को लेकर मच रहा था। जिस तरह कांग्रेस ने अध्यादेश मामले में आम आदमी पार्टी के समर्थन की बात कही है, उससे बहुत हद तक सियासी अदावत खत्म होने जैसा ही लग रहा है।



### पंजाब, बंगाल, बिहार, यूपी और दिल्ली में कांग्रेस नेताओं का कटेगा टिकट

गठबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि जल्द ही सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला भी तय किया जायेगा। बैठक के बाद नेताओं ने कहा कि हालांकि सबसे बड़ा पेंच अभी सीटों के बंटवारे को लेकर होना बाकी है। इसमें पंजाब, पश्चिम बंगाल और उत्तरप्रदेश में सीटों के बंटवारे को लेकर बड़ा मंथन किया जाना है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हैं। उत्तरप्रदेश में विपक्ष के नाम पर समाजवादी पार्टी और आरएलडी मजबूत स्थिति में है। इसलिए इन तीन राज्यों में कांग्रेस के नेताओं को बड़े सियासी बलिदान के लिए तैयार रहना होगा। इसके अलावा बड़ी सियासत दिल्ली में भी होनी है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के चलते कांग्रेस के नेताओं को यहां भी बड़े समझौते करने पड़ सकते हैं। ऐसे ही मामलों पर सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला जल्द ही तय कर लिया जायेगा। इधर बिहार और झारखंड में इस वक्त कांग्रेस के साथ गठबंधन में सरकार चल रही है। झारखंड में तो सीटों के बंटवारे में कोई परेशानी नहीं होगी, लेकिन बिहार में जदयू और राजद के साथ आने से कांग्रेस के सीटों की संख्या घट सकती है। वैसे महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी गठबंधन पहले से बना हुआ है। वहां परेशानी नहीं होगी।

### कांग्रेस के लिए ये राज्य अहम

कांग्रेस के लिए राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्यों में उत्तरप्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में बातचीत को संतुलित करने की जरूरत है। ये राज्य लोकसभा में 280 से अधिक सांसद भेजते हैं। इनमें से अधिकांश राज्यों में विपक्षी दलों, विशेष रूप से क्षेत्रीय दलों की अपनी मजबूत उपस्थिति है, जहां कांग्रेस मुख्य प्रतिद्वंद्वी पार्टी में से एक है। अब सबसे पुरानी पार्टी के लिए उनके साथ आना, भले ही एक उच्च उद्देश्य के लिए, आसान नहीं होगा।

### कांग्रेस तो अभी भी है एकता के केंद्र में

विपक्षी नेताओं की बैठकों में जिस तरीके की तस्वीरें सामने आयीं, उनसे एक बात तो स्पष्ट हो रही है कि अभी भी केंद्र में कांग्रेस ही है। कांग्रेस के नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते हैं कि कांग्रेस प्रधानमंत्री पद की बिल्कुल इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा कि हम मानते हैं कि हमारे बीच राज्य स्तर पर कुछ मतभेद हैं, लेकिन ये मतभेद वैचारिक नहीं हैं। ये मतभेद इतने बड़े भी नहीं हैं कि आम आदमी, गरीब, युवाओं और मध्यम वर्ग के लिए हम इन्हें भुला कर आगे नहीं बढ़ सकते। 26 पार्टियां साथ हैं और 11 राज्यों में हम सबकी सरकार है। कांग्रेस की ओर से आये इस बयान से फिलहाल गठबंधन में जुड़नेवाले नेताओं की बड़ी दुविधा तो खत्म होती हुई नजर आ रही है।

लेकिन सवाल फिर वहीं आकर अटकता है कि आखिर कांग्रेस इतना सियासी बलिदान कैसे कर सकेगी। इन राज्यों में उसके नेताओं की आकांक्षाओं को वह कैसे पूरा कर सकेगी, जो नौ साल से विपक्ष में रह कर लगभग बेचैन हो चुके हैं। इस सवाल का जवाब देश की सबसे पुरानी पार्टी कैसे देती है, यह देखना दिलचस्प होगा।

---

## बदहाली : हजारीबाग जिले का एक ऐसा गांव, जहां आजादी के बाद से नहीं मिली है ग्रामीणों को कोई सुविधा

# सड़क नहीं होने के कारण अस्पताल जाने से पहले दम तोड़ चुके हैं एक दर्जन से अधिक लोग



पिंटू कुशवाहा दिनकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले की आंगो पंचायत के ग्राम सिमराजरा में आजादी के 75 साल गुजर जाने के बाद भी मौलिक सुविधाओं का नामोनिशान नहीं है। यह गांव लगभग 200 मीटर ऊंची पहाड़ी पर बसा है। इसकी दूरी हजारीबाग जिले से 55 किलोमीटर है। आंगो पंचायत मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर। इस गांव में सड़क नहीं रहने के कारण विधायक, सांसद या ऑफिसर तक वहां नहीं जाना चाहते। जब इस गांव में आजाद सिपाही की टीम पुनः आठ महीने बाद पहुंची, तो वहां के लोग आश्चर्यचकित होकर अपनी पारंपरिक व्यवस्था के साथ लोटा पानी देने लगे। कहने लगे कि आपने

**बड़कागांव के कोयले से रोशन होता है पूरा देश, तब भी अंधेरे में है बड़कागांव का यह गांव**

तो हमारे गांव के बारे में सभी को बताने की खूब कोशिश की है और बढ़िया से अपने अखबार में जगह भी दी, लेकिन उसके बावजूद हम लोगों की समस्या जस की तस बनी हुई है। कोई देखने तक नहीं आता है। ग्रामीणों का कहना है कि विभिन्न पार्टियों के एक्का-दुक्का कार्यकर्ता चुनाव के समय वोट मांगने आते हैं, लेकिन वोट के बाद सिमराजरा गांव आना भूल जाते हैं। यहां सड़क बिजली, पानी, स्वास्थ्य, रोजगार, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली दुकान आदि मौलिक सुविधाओं का अभाव है। सिमराजरा जाने के लिए सड़क नहीं है। लोग पगडंडियों के सहारे बाजार, जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय पंचायत और स्कूल कॉलेज आना-जाना करते हैं। इस पहाड़ी क्षेत्र के सिमराजरा में लोग 1920 से रह रहे हैं। इस गांव में 30 घर हैं। सभी आदिवासी जाति के हैं। इस गांव में मैट्रिक पास 20, इंटर पास 16, चार विद्यार्थी स्नातक सेमेस्टर थर्ड में पढ़ाई कर रहे हैं। यहां सरकारी सुविधा के नाम पर 2007 में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भवन बनाया गया। दो पारा शिक्षक हैं, जबकि 17 बच्चे हैं। यहां पांचवीं क्लास तक पढ़ने के बाद बच्चे पहाड़ी क्षेत्रों से गुजरते हुए आठ किलोमीटर दूर पैदल चल कर बरतुआ स्कूल में पढ़ने जाते हैं, जबकि हाइस्कूल, कॉलेज की पढ़ाई करने के लिए बच्चों को 21 किलोमीटर दूर बड़कागांव आना पड़ता है।

## बिना सड़क, बिजली, पानी और अस्पताल के रहने को मजबूर हैं आदिवासी





### गांव में स्वास्थ्य के लिए कोई साधन नहीं

सिमराजरा गांव में स्वास्थ्य के लिए कोई साधन नहीं है। यहां के लोगों को उप स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए आठ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। आंगो का उप स्वास्थ्य केंद्र भी एक नर्स के सहारे चलता है। यहां कोई डॉक्टर नहीं बैठता है। ऐसी परिस्थिति में 21 किलोमीटर दूर बड़कागांव अस्पताल आना पड़ता है। सड़क नहीं रहने के कारण बीमार व्यक्तियों को खटिया में टांग कर अस्पताल ले जाना पड़ता है। जाते-जाते रास्ते में कई लोगों की मौत हो चुकी है।

### रास्ते में दर्जनों की हो चुकी है मौत

गांव के मालिक साहिब राम मांझी और जीतन मांझी ने बताया कि सात वर्ष में अब तक दर्जनों लोगों की मौत अस्पताल ले जाने के कारण रास्ते में ही हो चुकी है, जिसमें से बिरसा मांझी की पत्नी सधनी देवी, जुलाई 2018 में, दशमी देवी (28 वर्षीय) की मौत 17 नवंबर 2022 को, 2016 में कपूर कुमार (सात वर्ष ), राजू हेंब्रम (तीन वर्ष ) पांच वर्ष पहले बेनी राम मांझी, मुंशी मांझी, सात वर्ष पहले गुल्ली देवी, संझली देवी, छह वर्ष पहले बोधा राम मांझी, लेटे मांझी, बिगा रामा मांझी, शर्मा मानसी की पत्नी आशा हेंब्रम की मौत हो गयी।

### राशन दुकान, आंगनबाड़ी के लिए जाना पड़ता है 8 किमी दूर

सिमराजारा में बच्चों की पढ़ाई के लिए आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है और ना ही जन वितरण प्रणाली की दुकान है। राशन के लिए लाल कार्डधारियों को आठ किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि डीलर द्वारा दो किलो चावल काट लिया जाता है। वहीं नन्हे बच्चों और गर्भवती माताओं को इलाज के लिए पैदल आठ किलोमीटर दूर आंगो जाना पड़ता है।

### पानी के लिए हाहाकार

सिमराजारा में पानी के लिए हमेशा हाहाकार मचा रहता है। एक भी चापाकल नहीं है। यहां सरकारी कुआं दो है। एक कुआं पूरी तरह सूख जाता है, तो दूसरा कुएं में गर्मी के दिनों में पानी कम रहता है।

### ढिबरी युग में जीने की विवशता

पूरे भारत में राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना के तहत गांव में बिजली पहुंचायी जा रही है। वहीं इस गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंची है। लोगों को ढिबरी युग में जीना पड़ रहा है। चार साल पहले लोगों को जरेडा द्वारा सौर ऊर्जा का सोलर लैंप मिला था, वह भी छह महीने में ही खराब हो गया। यहां के लोग जर्जर मिट्टी के घर में रहने के लिए मजबूर हैं। 1997 में सात लोगों को इंदिरा आवास मिला था, जो अत्यंत जर्जर हो गया। यहां के लोगों को पेंशन नहीं मिलती है। 10 लोगों का राशन कार्ड नहीं बना है। 1997 में लेबर कार्ड बना था, लेकिन उससे काम नहीं मिलता है।

### ग्रामीणों की मांग

ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, कुआं, चापाकल, आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली की दुकान, उप स्वास्थ्य केंद्र, तालाब, जीविको पार्जन के लिए पशुधन योजना के तहत बकरी पालन, सूकर पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन, भेड़ पालन की मांग की है।

### शौचालय की व्यवस्था नहीं

स्वच्छता विभाग की ओर से भारत के हर गांव में शौचालय बनाया जा रहा है। लेकिन सिमराजरा गांव में किसी के घर में शौचालय नहीं बना है।

### रोड नहीं रहने के कारण रिश्ता टूट गया

बिरसा मांझी ने बताया कि मेरा नया रिश्ता के लिए मेहमान लोग आये हुए थे। शादी के लिए छेका भी हो गया था, लेकिन रोड नहीं बनने के कारण रिश्ता टूट गया।

### कृषि के लिए कोई साधन नहीं

इस गांव में मात्र 2 एकड़ जमीन में धान और मकई की खेती होती है, जिससे जीविका चलाना मुश्किल हो जाता है। यहां एक भी सरकारी नौकरी करने वाला नहीं है। नौकरी करने चेन्नई, रांची, तमिलनाडु जाना पड़ता है। यहां से अब तक 15 लोग पलायन कर चुके हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.1 °c | 22.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.16 बजे |



# कृषि और पशुपालन से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी : हेमंत

**मुख्यमंत्री ने की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा, दिये कई अहम निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि कृषि और पशुपालन के रास्ते ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जब तक किसान और पशुपालक सशक्त नहीं बनेंगे, राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से आगे नहीं बढ़ेगा। इस वजह से कृषि एवं पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। उन्हें इन योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इस दिशा में धरातल पर ठोस कार्य होगा। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कई निर्देश दिये ।




### मौसम के रुख को देखते हुए एक्शन प्लान तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल मौसम का जिस तरह का रुख देखने को मिल रहा है, उससे किसानों के सामने कई बड़ी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। ऐसे हालात में नयी फसलों या फसल प्रणालियों से कृषि उत्पादन को जोड़ने का एक्शन प्लान तैयार करें। किसानों को वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कृषि योग्य भूमि कम हो रही है और किसान भी खेतिहर मजदूर के रूप में तब्दील होते जा रहे हैं। यह कृषि के लिए किसी भी रूप में अच्छा संकेत नहीं है । ऐसे में जो किसान खेतिहर मजदूर बनने को मजबूर हैं, उन्हें बिरसा हरित ग्राम योजना और नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना जैसी योजनाओं से जोड़ें।

### किसान पाठशाला को एक विद्यालय की तरह स्थापित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान पाठशाला को एक विद्यालय की तरह स्थापित करें। यह सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर मूवमेंट हो सकता है। ऐसे में यहां किसानों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण और कार्यशाला का आयोजन होना चाहिए। किसानों को यहां उन्नत और बहु वैकल्पिक कृषि की जानकारी दी जाये। किसानों को किसान पाठशाला में लाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इतना ही नहीं किसानों को अगल-बगल के गांवों, प्रखंडों और जिलों का भी भ्रमण कराया जाये, ताकि दूसरे किसानों द्वारा की जाने वाले कृषि कार्यों से भी अवगत हो सकें।

मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों से कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को केसीसी से आच्छादित करने के साथ केसीसी लोन उपलब्ध कराने की पहल करें। ऐसा देखा जा रहा है कि केसीसी लोन स्वीकृत करने में बैंक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। ऐसे में सहकारी बैंकों और ग्रामीण बैंकों से लांच कराने की दिशा में कार्य करें।

### कृषि उत्पादों के निर्यात की संभावनाओं को तलाशें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जैसे राज्य में कई ऐसे कृषि और वनोपज हैं, जिसकी अच्छी पैदावार होती है, लेकिन किसानों को उसका उचित लाभ नहीं मिल पाता है। ऐसे में इन कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ उसके निर्यात की संभावनाओं को तलाशें। इसके साथ एग्रो इंडस्ट्रीज को भी बढ़ावा देने की दिशा में कार्य योजना बनायें।

### पशुओं का इंश्योरेंस सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रदेश में किसानों के लिए पशुपालन काफी अहम है। अगर किसी वजह से पशुओं की मौत हो जाती है तो किसान पशुपालक आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। ऐसे में सभी पशुओं के इंश्योरेंस को सुनिश्चित करें।

सोरेन ने कहा कि दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन में राज्य कब तक आत्मनिर्भर बन जायेगा, इसके लिए एक्शन प्लान बनायें और उसी अनुसार योजनाओं को कार्यान्वित करें। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए मॉडल फार्म स्थापित करने की दिशा में ही पहल हो। इससे दुग्ध का उत्पादन बढ़ेगा और बाजार भी उपलब्ध होगा।

### लैंप्स-पैक्स को मजबूत करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में लैंप्स और पैक्स को मजबूत करने की दिशा में सरकार काम कर रही है, लेकिन कई लैंप्स-पैक्स के भवन काफी जर्जर हालात में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में जो भी कोल्ड स्टोरेज बन रहे हैं, वहां एप्रोच रोड के साथ बिजली-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए, ताकि उसका इस्तेमाल सही तरीके से हो सके।

## मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ कार्रवाई पर 16 अगस्त तक रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस संजय प्रसाद की कोर्ट ने देवघर के डीसी मंजूनाथ के खिलाफ कार्रवाई पर रोक बरकरार रखते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त निर्धारित की है। सांसद निशिकांत दुबे को अगस्त, 2022 में प्लेन से दिल्ली जाने के क्रम में देवघर एयरपोर्ट पर रोकने के खिलाफ दिल्ली में दर्ज जीरो एफआइआर को निरस्त करने को लेकर देवघर के डीसी मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर सोमवार को आंशिक सुनवाई हुई।

भाकृअनुप - राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक - 753006 (ओड़िशा), भारत / CUTTACK-753006, (ODISHA), INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 17/SRF/FA/2023-24
भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"धान फसल में विविध अजैविक तनाव सहनशीलता को नियंत्रित करने वाले संभावित मास्टर नियामक के रूप में OsSnRK (सुक्रोज नॉनफेरमेंटिंग -1 [एसएनएफ 1] संबंधित किनेज़) जीन परिवार की भूमिका की समझ" (ईएपी-405)** परियोजना के तहत **एक (01) फिल्ड असिस्टेंट** तथा **एक (01) सीनियर रिसर्च फेलो** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार दिनांक क्रमश: 03.08.2023 तथा 04.08.2023 को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।
Walk-in-interviews will be held on **03.08.2023** and **04.08.2023** for selection of **one (01) Field Assistant (FA)** and **one (01) Senior Research Fellow** respectively at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Deciphering the role of OsSnRK (Sucrose nonfermenting-1 [SNF1] related kinase) gene family as a potential master regulator governing multiple abiotic stress tolerance in rice" (EAP-405)**. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**
*प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR*

## हजारीबाग के पूर्व सीओ की तीन वेतन वृद्धि पर रोक लगी

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य सरकार ने तत्कालीन अंचल अधिकारी सदर हजारीबाग को दंडित करते हुए संचायात्मक प्रभाव से तीन वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। उनके खिलाफ 2018 में अंचल अधिकारी सदर हजारीबाग के पद पर रहते हुए ग्राम हरहद में खाता संख्या- 172 प्लॉट संख्या 2366 रकबा 33 एकड़ का पंजी टू पृष्ठ संख्या- 185 : भौलूम 2 में विश्वकर्मा व खाता संख्या-172 प्लॉट संख्या 2368 रकबा 34 एकड़ का पंजी टू संख्या-185 वॉल्यूम 2 में प्रवृष्टि मालती देवी के नाम से झारभूमि पोर्टल पर अपने डिजिटल सिग्नेचर लॉगिन आइडी और पासवर्ड के माध्यम से नया पृष्ठ क्रिएट करते हुए ऑनलाइन जमाबंदी 11 दिसंबर 2018 को कायम करने का आरोप लगा, जबकि ऑफलाइन पंजी 2 में पृष्ठ संख्या 174 के बाद के पृष्ठ पर कोई जमाबंदी कायम नहीं है। पूरा मामला पकड़ में आने के बाद विभाग ने राजस्व अनियमितता का गंभीर मामला बताया है। जांच में यह पाया कि बिना अनुमति के ही निजी प्रतिष्ठान से राजस्व तथा अन्य सरकारी कार्यों का निष्पादन किया जाता था और उक्त कार्य में निजी व्यक्तियों का भी प्रयोग हुआ। सक्षम प्राधिकार के अनुमति के डिजिटल सिग्नेचर का भी उपयोग किया गया। प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर के जरिये डिजीटल सिग्नेचर किया व हटाया जाता था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने साधा निशाना : आरजेडी ने खाया चारा, कांग्रेस ने गोबर

# कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार और घोटाले की गारंटी : बाबूलाल

**कहा- कांग्रेस कभी भी भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हो सकती**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी पर कड़ा हमला बोला। श्री मरांडी ने छत्तीसगढ़ में हुए गोबर घोटाले पर कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार और घोटाले की गारंटी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हुए 246 करोड़ के गोबर घोटाले ने कांग्रेस के चरित्र को उजागर किया है। इसके पूर्व राज्य में कोयला और शराब के घोटाले उजागर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि लालू राज में जैसे कागज पर फर्जी बिल बना कर करोड़ों रुपये चारा के नाम पर लूटे गये थे, उसी प्रकार छत्तीसगढ़ की बघेल सरकार ने कागज पर ही गोबर की खरीद-बिक्री दिखा कर जनता की गाढ़ी कमाई के करोड़ों रुपये लूट लिये। कहा कि कागज पर 246 करोड़ रुपये की गोबर की खरीद दिखायी गयी, जिसमें 17 करोड़ की बिक्री दिखायी गयी। फिर 229 करोड़ रुपये का गोबर कहां गया? श्री मरांडी ने कहा कि तीन महिलाओं से 2,82000 किलो गोबर खरीद के बाद उन्हें 5,65000 रुपये का भुगतान भी किया गया, जबकि सच्चाई यह है कि उन तीनों महिलाओं के पास गाय तक नहीं है। श्री मरांडी ने कहा कि कांग्रेस कभी भी भ्रष्टाचार मुक्त नहीं हो सकती।

## बाबूलाल के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा मजबूती से आगे बढ़ेगी : काले

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले सोमवार को रांची स्थित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार मुलाकात की।

श्री काले ने बताया कि उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से शिष्टाचार भेंट की है, इस दौरान संगठन के कई विषयों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा, बाबूलाल मरांडी के कुशल नेतृत्व में निश्चित रूप से झारखंड में भारतीय जनता पार्टी मजबूती से आगे बढ़ेगी और 2024 लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में सफलता हासिल करेगी। इस अवसर पर काले ने बाबूलाल को बधाई भी दी।



# शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी : बंधु तिर्की



**21वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोमिसाइल स्थानीयता आंदोलन में अपने हक, अधिकार और अस्तित्व की लड़ाई में 24 जुलाई को अपने प्राण की आहुति देनेवाले शहीद कैलाश कुजूर, विजय तिग्गा, संतोष कुंकल को कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस क्रम में वह शहादत स्थल त्रिमूर्ति चौक मेकॉन कॉलोनी डोरंडा पहुंचे और इनकी 21वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी। इनकी शहादत आनेवाली नस्लों के लिए एक प्रेरणा है, जो इतिहास के पन्नों में सुनहरे शब्दों में लिखी जायेगी। इन्होंने झारखंड के आदिवासी मूलवासी के अधिकार को दिलाने के लिए अपने प्राण की आहुति दे दी। इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करनेवालों में लक्ष्मीनारायण, जगदीश लोहरा, अजय कच्छप, शिवा कच्छप, अरविंद बाखला, राजू महतो, विनय बागे, सविता कुजूर, विजय शंकर नायक, आशीष लफड़ा, रोशन तिर्की शामिल हुए। सभा का संचालन संजय कच्छप ने किया।

कार्यक्रम : जामताड़ा, फतेहपुर में सदानों की विचार गोष्ठी में बोले राजेंद्र प्रसाद

# सदानों में राजनीतिक चेतना जगानी होगी

**सरकार जब तक खतियान आधारित नियोजन नीति और स्थानीय नीति नहीं बनाती है, तब तक संयुक्त बिहार में बने नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को लागू करे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** मूलवासी सदान मोर्चा की केंद्रीय समिति की ओर से सदानों के अधिकार को लेकर लगातार महापंचायत, सम्मेलन और सेमिनार किया जा रहा है। इसी क्रम में अधिकार, आस्था और पहचान को लेकर सदानी झंडा लगाओ अभियान सह विचार गोष्ठी का आयोजन जामताड़ा के फतेहपुर में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बाल-बच्चों के भविष्य को बचाना है, तो मूलवासी सदानों के बीच राजनीतिक चेतना जगानी होगी। उन्होंने कहा कि यहां की राज्य सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया और अब हमारी पहचान को मिटाने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बाहरी लोगों को लोकसभा और विधानसभा में राजनीतिक दल उम्मीदवार बना कर सांसद विधायक बना रहे हैं। इससे मूलवासी सदानों की राजनीतिक उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि सदानी झंडा हमारी पहचान और आस्था का प्रतीक है। प्रसाद ने कहा कि सदानों के बिना झारखंड का अस्तित्व ही नहीं है। उन्होंने कहा कि सदानों के बलिदान से राज्य मिला है। उन्होंने कहा कि झारखंड में विधानसभा की सीटों को 160 और लोकसभा की सीटों को 28 करने की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने कहा कि मूलवासी सदानों की आबादी 65% है।



गोष्ठी में असीम मंडल, नारी शक्ति जामताड़ा जिला की अध्यक्ष आभा आर्या, मनोज गोस्वामी ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने राजेंद्र प्रसाद की तारीफ करते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में ही सदानों को अधिकार मिलेगा। तुलसी मंडल, मो रसीद मियां, तीर्थ नाथ मंडल, रंजीत मण्डल, गुरुपद पंडित, गया प्रसाद, लखीकांत चार, जयप्रकाश पंडित, सपन गोराई, निमाई, विश्वनाथ, बेजन, अरुण मंडल के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता असीम मंडल और संचालन आभा आर्या ने किया।


## नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय
संबद्धता संख्या-3420006, विद्यालय संख्या-69558
(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटी निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अधीन एवं स्वायत्तशासी संस्था एच.ई.सी. एम.डी.आई भवन, धुर्वा, राँची - 834004, निबंधन संख्या: 688/2009-2010 के द्वारा संचालित)

**नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2023-24**

विज्ञापन संख्या -981    दिनांक- 10.07.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट की कक्षा 6 में 10 से 12 वर्ष के स्वस्थ बालकों के सत्र-2023-24 में नामांकन हेतु लिखित प्रवेश परीक्षा के लिए निःशुल्क आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं निम्नवत हैं:-

1. प्रवेश परीक्षा एक स्तरीय होगी जो दो पालियों (2-2 घंटे की) में प्रमंडल स्तर पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार आरक्षण का पालन करते हुए **अंतिम रूप से चयनित 100 (एक सौ) छात्रों की चिकित्सीय जांचोपरांत सभी प्रमाणपत्रों/दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात ही उनका नामांकन लिया जायेगा।**
2. परीक्षा आवेदन कार्यक्रम :-

| क्रम सं. | विवरणी | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञप्ति/ आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ | 12.07.2023 |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि/भरा हुआ आवेदन नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट पहुंचने की अंतिम तिथि | 31.07.2023 |
| 3. | ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड अंतिम तिथि | 25.09.2023 से प्रारंभ |
| 4. | प्रवेश परीक्षा की तिथि | 08.10.2023 (रविवार) |

**3. प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक योग्यताएं/शर्तें निम्नांकित हैं :-**
(क) अभ्यर्थी को झारखंड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। इस संबंध में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(ख) 01 अगस्त 2023 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म दिनांक - **01.08.2011 से 31.07.2013** के बीच हुआ हो (दोनों तिथियां शामिल)। सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
(ग) अभ्यर्थी को झारखंड राज्य के अंतर्गत किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से कक्षा - 5 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके प्रमाण स्वरूप अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से हस्ताक्षरित कक्षा - 5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र अनिवार्यतः संलग्न करें।
(घ) अभ्यर्थी यदि आरक्षित वर्ग से हों तो सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र यथाः-अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
**(ड.) उपरोक्त सभी प्रमाण पत्र अनिवार्य है। प्रमाण पत्रों के अभाव में आवेदन स्वतः रद्द माना जाएगा ।** ध्यातव्य हो कि नामांकन के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति को उपस्थापित करना अनिवार्य होगा ।

**4. सामान्य निर्देश:-**
**(I) प्रवेश परीक्षा का स्वरूप निम्नवत है:-**

| प्रथम पाली (09:30 पूर्वाह्न से 11:30 पूर्वाह्न) | | | |
|---|---|---|---|
| प्रश्नपत्र - 1(100 अंक) | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| | हिन्दी | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकृष्ठ प्रकृति-20 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति-30 अंक |
| | गणित | 50 | वस्तुनिष्ठ प्रकृष्ठ प्रकृति-20 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति-30 अंक |
| द्वितीय पाली (01:00 अपराह्न से 03: 00 अपराह्न) | | | |
| प्रश्नपत्र-2 (100 अंक) | विषय | अंक | प्रश्न स्वरूप |
| | मानसिक योग्यता | 30 | वस्तुनिष्ठ प्रकृति -30 अंक |
| | विज्ञान | 35 | वस्तुनिष्ठ प्रकृष्ठ प्रकृति-15 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति-20 अंक |
| | सामान्य ज्ञान | 35 | वस्तुनिष्ठ प्रकृष्ठ प्रकृति-15 अंक, विषयनिष्ठ प्रकृति-20 अंक |
| | कुल अंक | 200 | |

**(ii) लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमंडल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी जिसकी सूची निम्नवत् है:-**

| प्रमंडल | प्रमंडल मुख्यायल | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खूंटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) प्रवेश परीक्षा में प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पांचवीं कक्षा तक का होगा ।
(iv) यह सूचना नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।
(v) आवेदन जमा करने की विधि : आवेदन online एवं offline मोड में उपलब्ध है:-
a) Online Mode:- विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर online आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर Online आवेदन के दिशा-निर्देशों के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।
b) Offline Mode:- आवेदन हेतु आवेदन पत्र नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com से डाउनलोड कर सुलभ रूप से प्राप्त कर सकते हैं।
भरे हुए आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः सभी अनुलग्नकों यथा - स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र/ आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र (यदि आरक्षित वर्ग के हों), कक्षा-5 का उत्तीर्णता प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्वाभिप्रमाणित प्रति को स्पीड पोस्ट के माध्यम से इस प्रकार भेजें कि आवेदन निम्न पते पर दिनांक 31.08.2023 को शाम- 5:00 बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाए। आवेदक भरा हुआ आवेदन हाथों-हाथ भी दिनांक 31.08.2023 तक निम्न पते पर जमा कर सकते हैं। दिनांक 31.08.2023 के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
आवेदन पत्र भेजने / जमा करने का पता :-
**प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पोस्ट - नेतरहाट, जिला - लातेहार, पिन - 835218**
(vi) अभिभावक कृपया ध्यान दें कि उनके द्वारा दिए गये प्रमाण पत्रों में किसी भी प्रकार का असत्य पता चलने पर विद्यार्थी एवं अभिभावक के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।
**(vii) आवेदन शुल्क :- आवेदन पूर्णतः निःशुल्क है।**
(viii) प्रवेश परीक्षा से संबंधित सूचनाएं नेतरहाट विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर समय-समय पर उपलब्ध रहेगी।

ह. /- प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट






## राज्य सरकार ने झारखंड हाइकोर्ट को दी जानकारी

# नगर निकायों में नक्शा पास करने का सॉफ्टवेयर 25 से होगा लाइव

**एक सप्ताह तक चलेगा ट्रायल, उसके बाद नया सॉफ्टवेयर 2 अगस्त से पूरे राज्य में चालू कर दिया जायेगा**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृत करने के लिए नया सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है, जो मंगलवार को लाइव कर दिया जायेगा। इस नक्शा पास करने के सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग और ट्रायल सप्ताह भर चलने की उम्मीद है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने बताया कि पूर्व में नक्शा पास करने की प्रक्रिया में संशोधन कर नया प्रोसेस लागू किया गया है। उस प्रोसेस में नक्शा स्वीकृति की प्रक्रिया पांच चरणों में पूरी हो जानी है। इसमें नक्शा की वैधता की जांच होनी है और नक्शा पास होना है। इसे लोगों के हित को देखते हुए पूरे राज्य के नगर निगमों में लागू किया जाना है। इसके लिए एक नया सॉफ्टवेयर भी तैयार किया गया है, जो मंगलवार को लाइव कर दिया जायेगा। इस नक्शा पास करने के सॉफ्टवेयर की टेस्टिंग और ट्रायल सप्ताह भर चलने की उम्मीद है।

नक्शा का निष्पादन इस नये सॉफ्टवेयर से 2 अगस्त से पूरे राज्य में चालू कर दिया जायेगा। कोर्ट ने मामले में आरआरडीए और रांची नगर निगम को लंबित नक्शा के बारे में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 3 अगस्त निर्धारित की है। मामले में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश, रांची नगर निगम की ओर से अधिवक्ता एलसीएन सहदेव और आरआरडीए की ओर से अधिवक्ता प्रशांत कुमार सिंह ने पैरवी की। मामले में एमिकस क्यूरी अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा उपस्थित थे।

# हत्या की योजना बनानेवाले चार अपराधी गिरफ्तार, हथियार बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची की पंडरा ओपी पुलिस ने पंडरा बाजार समिति के दुकानदार दीपक कुमार गुप्ता की हत्या की साजिश को विफल करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में दीपक का बड़ा भाई राधानगर रोड नंबर 2 निवासी आनंद कुमार गुप्ता, पुंदाग आइएसएम चौक निवासी अल्तमस खां, रवि स्टील निवासी रितेश वर्मा और हिंदपीढ़ी कब्रिस्तान लेन निवासी शाहबाज खां शामिल है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने दो देशी पिस्टल, सात जिंदा गोली और चार मोबाइल फोन बरामद किया है। एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि दीपक के छोटे भाई आनंद ने ही संपत्ति हड़पने के लिए हत्या की साजिश रची थी। एक कार और तीन लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी गयी थी। इसमें 50 हजार रुपया एडवांस भी शूटरों ने ले लिया था। दीपक के भाई आनंद ने रेकी कर अपराधियों को पूरी जानकारी दे दी थी।

दीपक की हत्या करने के लिए उनके ही मोहल्ले में अपराधी रेकी कर रहे थे। इसकी सूचना एसएसपी को मिली। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित करके रितेश वर्मा और अल्तमस खां को पकड़ा। दोनों के पास से लोडेड देशी पिस्टल और गोली बरामद की गयी। दोनों अपराधियों से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम ने इस हत्याकांड की सुपारी देनेवाले दीपक कुमार गुप्ता के छोटे भाई आनंद कुमार गुप्ता को उनके घर से गिरफ्तार किया। साथ ही इस घटना में शामिल एक अन्य अपराधी शाहबाज खां को हिंदपीढ़ी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

### कालू लामा गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)। आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कालू लामा (मृत) गिरोह के अपराधी रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी सहित तीन को गिरफ्तार किया है। सोमवार को सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में शुभम विश्वकर्मा, रोहित मुंडा और अभिषेक मल्लिक शामिल हैं। रोहित मुंडा उर्फ बीड़ी और अभिषेक मल्लिक को बोकारो से और शुभम विश्वकर्मा को रांची से गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गये अपराधियों से एटीएस और रांची पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है।**

### मंदिर पर बम फेंकने के आरोपित के खिलाफ कोर्ट ने किया गैरजमानती वारंट जारी

**रांची।** रांची सिविल कोर्ट ने धार्मिक उन्माद फैलाने के आरोपित नाजिम उर्फ बौना के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। शनिवार को रांची पुलिस ने हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज कांड संख्या 88/22 के प्रमुख अभियुक्त नाजिम उर्फ बौना का वारंट मांगा था। सोमवार को सीजेएम कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। इसके खिलाफ केस ट्रू पाया गया है। रांची में 10 जून 2022 को हुई हिंसा के बाद हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के एक मंदिर पर बम से हमला किया गया था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दिलकश गद्दी, अमजद और नाजिम को मामले में आरोपित बनाया गया था। दिलकश गद्दी और अमजद को रांची पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन नाजिम उर्फ बौना फरार है।

### तारा शाहदेव मामले में रकीबुल और मुश्ताक की ओर से होगी बहस

**रांची।** सीबीआइ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सोमवार को नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष की ओर से रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली और मुश्ताक अहमद की ओर से बहस करने के लिए समय देने की मांग की गयी। इस पर कोर्ट ने दोनों आरोपितों को बहस के लिए 1 अगस्त का समय दिया है। कोर्ट ने आरोपितों को एक सप्ताह में बहस पूरी कर लेने का निर्देश दिया है। इस केस में सीबीआइ की ओर से बहस पूरी कर ली गयी है। इस मामले में मुख्य आरोपित रकीबुल उर्फ रंजीत कोहली के अलावा हाइकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और रकीबुल की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे हैं। रकीबुल और तारा शाहदेव की शादी 7 जुलाई 2014 को हुई थी। शादी के बाद ही धर्म परिवर्तन कराने को लेकर मारपीट और उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थीं।

# सीएम ने वोटबैंक की राजनीति के कारण आदिवासी समाज के अस्तित्व का सौदा कर दिया : बाबूलाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कुछ नहीं हो पा रहा है। सोशल मीडिया पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने राजनीतिक स्वार्थों और वोटबैंक की राजनीति के कारण आदिवासी समाज के अस्तित्व का सौदा कर दिया है। संथाल परगना में घुसपैठियों ने वहां की परंपरा, संस्कृति और पहचान को नष्ट करने का अभियान चलाया है। झामुमो के स्थानीय नेताओं के सहयोग से घुसपैठिये भारतीय नागरिक बन रहे हैं। राज्यपाल ने आदिवासियों की वेदना-पीड़ा को सुना है, जिसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। राज्य का चुना हुआ मुख्यमंत्री ना ही बात सुनते हैं ना ही कुछ बोलते हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीपी राधाकृष्णन ने चिंता जताते कहा हुए पिछले दिनों कहा था कि बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड में तेजी से प्रवेश कर रहे हैं। इससे स्थानीय जनजाति समाज के सामने अपने अस्तित्व को बचाने का भी संकट खड़ा हो रहा है। घुसपैठिए जनजाति समाज की महिलाओं से शादी कर रहे हैं। यह सब खतरनाक स्थिति है। आदिवासियों की परंपरा और रिवाज को बचाये जाने की जरूरत है।

### लाल डायरी का राज

बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया के जरिये लाल डायरी के मकड़जाल के बारे में भी चर्चा की है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भी केंद्रीय एजेंसियों को ऐसी ही डायरी हाथ लगी थी। छत्तीसगढ़ में भी लाल डायरी मिली। दिल्ली शराब घोटाला केस में सीबीआइ को लाल डायरी मिली। अब राजस्थान के बर्खास्त मंत्री ललकार कर कह रहे हैं कि अगर मैं लाल डायरी खोल दूं तो अशोक गहलोत जेल में होंगे। बाबूलाल ने पत्रकारों से लाल डायरी के रहस्य को सुलझाने में मदद मांगते हुए पूछा है कि धन पशु लोग लाल डायरी पर ही विश्वास क्यों करते हैं? क्या विशेषता है इसमें?

# सांसद ने मोटे अनाज के उत्पादन का मुद्दा राज्यसभा में उठाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नयी दिल्ली।** सांसद दीपक प्रकाश ने देश में मोटे अनाज (श्री अन्न) के उत्पादन से संबंधित सवालों के संबंध में केंद्र सरकार से संसद में जानकारी मांगी। राज्यसभा में उन्हें कृषि एवं कल्याण मंत्रालय ने जानकारी दी कि वर्ष 2022-23 के दौरान मिलेट्स (श्री अन्न) का अखिल भारतीय उत्पादन 171.49 लाख टन था। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जवाब देते हुए बताया कि 171.49 लाख टन में से 39.90 लाख टन ज्वार, 111.66 लाख टन बाजरा, 15.97 लाख टन रागी और 3.97 लाख टन स्माल मिलेट्स (तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार) का उत्पादन शामिल हैं। सरकार की ओर से लगातार मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ावा देने के पीछे क्या उद्देश्य है और लोगों की सेहत के लिए श्री अन्न की उपयोगिता के संबंध में भी दीपक प्रकाश ने जानकारी मांगी थी। इस पर कृषि मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि मिलेट्स (श्री अन्न) पारंपरिक रूप से देश के वर्षा सिंचित क्षेत्रों में उगाये जाते हैं। ये किसान अनुकूल फसलें हैं। इन्हें न्यूनतम कृषि आदानों, कम पानी की आवश्यकता होती है। ये सूखा सहिष्णु, प्रकाश असंवेदी, जलवायु परिवर्तन के प्रति लचीले होते हैं। प्रमुख अनाजों की तुलना में विविध कृषि जलवायु परिस्थितियों को सहन करने वाले होते हैं। मिलेट्स पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। अच्छी मात्रा में गैर-स्टार्च पॉलीसेकेराइड के साथ आहार फाइबर और काबोहाइड्रेट मिश्रित होते हैं। मिलेट्स में पॉलीफेनोल्स, फाइटेट्स, कैरोटीनॉयड, टोकोफेरोल्स आदि जैसे फाइटोकेमिकल्स भी होते हैं, जिन्हें न्यूट्रास्यूटिकल्स कहा जाता है। इस प्रकार, मिलेट्स मधुमेह आदि जैसी जीवन शैली संबंधी विकारों से पीड़ित लोगों के लिए सबसे उपयुक्त अनाज है। इन न्यूट्रास्युटिकल घटकों के होने से, मिलेट्स में उत्कृष्ट एंटीऑक्सीडेंट और रोगाणुरोधी गुण होते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष (आइवाइएम) घोषित किया था। भारत सरकार ने आइवाइएम 2023 को मनाने और इसे जन-आंदोलन बनाने का निर्णय लिया है, ताकि भारतीय मिलेट्स, व्यंजनों, मूल्यवर्धित उत्पादों को विश्वस्तर पर स्वीकार किया जा सके।

# 2024 में फिर से कमल खिलेगा: शिवशंकर उरांव




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने आगामी लोकसभा और विधानसभा के चुनावों को देखते हुए अगस्त से नवंबर तक के कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली है। भाजपा अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव ने कहा कि 2024 लोकसभा और विधानसभा चुनाव में फिर से कमल खिलेगा।

सभी विधानसभा , जिला, प्रमंडल प्रभारियों की घोषणा कर दी गयी है। उक्त बातें शिवशंकर उरांव सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। श्री उरांव ने कहा कि अगस्त माह में संगठन को दुरुस्त करने के साथ ही सितंबर से कार्यक्रम का शुभारंभ सोशल मीडिया प्रशिक्षण, जनजाति छात्रावास प्रवास और बूथ सम्मेलन किया जायेगा। इसके साथ ही 1 अक्टूबर से दिसंबर तक मोर्चा के कई कार्यक्रम निर्धारित हैं। जिसमें विधानसभावार सम्मेलन, माटी, रोटी, बेटी बचाव पदयात्रा, जनजाति गौरव दिवस, रानी दुर्गावती जयंती आदि कार्यक्रमों के साथ जनजाति समाज को एकजुट करने का लक्ष्य रखा गया है। मोर्चा प्रभारी रामकुमार पाहन ने भी हेमंत सरकार पर निशाना साधा कहा कि झारखंड में जनजाति समाज की बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। आदिवासी समाज हत्या, दुष्कर्म, लव जिहाद से त्रस्त है। राज्य में भ्रष्टाचार, गिरती कानून व्यवस्था, हत्या, लूटमार से जनता ऊब चुकी है। मणिपुर में हो रही घटनाओं पर मोर्चा के नेताओं ने कहा कि एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। केंद्र और राज्य सरकार इससे पूरी तरह निपट रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। देश के बाकी हिस्सों में हो रही घटनाओं पर भी राजनीति नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसका मुकाबला मिल कर करना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र मुंडा एवं कार्यालय मंत्री रवि मुंडा मौजूद थे।

# राज्यपाल से स्वास्थ्य मंत्री ने की मुलाकात विभाग की गतिविधियों से कराया अवगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मुलाकात की। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यपाल को झारखंड में चल रहीं स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजनाओं से अवगत कराया।

मंत्री ने राज्यपाल को बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग सीमित संसाधन के बावजूद इनोवेटिव आइडिया के साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा का लाभ दे रहा है। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि मुख्यमंत्री ने विगत दिनों समीक्षा बैठक कर निर्देश दिया है कि राज्य के मेडिकल अस्पतालों में 24 घंटे सातों दिन चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त किया जाये। हम इस पर कार्ययोजना बना कर कार्य कर रहे हैं। साथ ही कालाजार उन्मूलन, सिकल सेल एनीमिया, सर्वाइकल कैंसर के उन्मूलन के साथ टीबी मुक्त झारखंड के लिए कार्य किया जा रहा है। राज्यपाल ने सभी बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और स्वास्थ्य सेवा को सुधारने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिये।

## जेएसएससी पीजीटी शिक्षक भर्ती परीक्षा की तिथि घोषित

# 18 अगस्त से 10 सितंबर तक चलेगी परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित प्रतियोगिता परीक्षा की तारीख जारी कर दी है। यह परीक्षा 18 अगस्त से 10 सितंबर तक चलेगी। इसके लिए राज्य के सभी जिले में केंद्र बनाये जायेंगे। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने इसे लेकर नोटिफिकेशन जारी किया है। हालांकि अभी झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड नहीं जारी किये हैं। अपने नोटिस में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने कहा है कि आयोग की वेबसाइट पर परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी किये जायेंगे।

आयोग ने कहा है कि 40 फीसदी या इससे अधिक निःशक्तता वाले अंधापन एवं कम दृष्टि, हाथ-पैर की निःशक्तता, सेरेब्रल पाल्सी की कोटि के उम्मीदवारों को आयोग की ओर से स्क्राइबर की सुविधा दी जायेगी। यह सुविधा तभी मिलेगी जब उम्मीदवार की ओर से इसकी लिखित जानकारी दी जायेगी। ऐसे उम्मीदवारों को सिविल सर्जन के यहां से निर्गत किया गया प्रमाण पत्र देना होगा। वहीं जिन्हें आयोग की ओर से दी जाने वाली सुविधा लेना है, उन्हें आयोग की ओर से जारी किये गये फॉर्मेट को भर कर देना होगा। उम्मीदवारों को यह फॉर्म तीन अगस्त तक जमा करना होगा।

### 3120 पीजीटी शिक्षकों की होगी नियुक्ति

परीक्षा के माध्यम से 3120 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इसमें 2855 नियमित पदों पर और 265 बैकलॉग के पदों पर नियुक्ति होगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से चार मई तक इसके लिए ऑनलाइन आवेदन लिये गये थे।

### रिक्तियों की संख्या

**नियमित (सीधी भर्ती)**

जीव विज्ञान - 218, रसायनशास्त्र - 227, भूगोल - 164, हिंदी - 163, अर्थशास्त्र - 167, इतिहास - 182, संस्कृत - 169, भौतिकी - 251, गणित - 185, वाणिज्य -200 और अंग्रेजी - 211

**सीमित भर्ती (कार्यरत टीजीटी शिक्षक के लिए आरक्षित पद)**

जीव विज्ञान - 73, रसायन शास्त्र - 75, भूगोल - 54, हिंदी - 54, अर्थशास्त्र - 55, इतिहास - 61, संस्कृत -58, भौतिकी - 85, गणित - 63, वाणिज्य - 67 और अंग्रेजी - 73

**स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक : बैकलॉग (सीधी भर्ती)**

रसायनशास्त्र - 30, संस्कृत -18, भौतिकी - 45, गणित - 72, वाणिज्य - 17 और अंग्रेजी - 22

सीमित भर्ती - (टीजीटी के लिए आरक्षित पद)

रसायन शास्त्र - 10, संस्कृत - चार, भौतिक शास्त्र - 14, गणित - 23, वाणिज्य - पांच और अंग्रेजी - पांच।

## जिस धर्म, पंथ, घर, समाज और राष्ट्र में नारी का शोषण होता है, वह नष्ट हो जाता है : पंडित रामदेव

# नारी का केश कंस और कौरव ने पकड़ा तो समूल राष्ट्र का विनाश हो गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राम जानकी मंदिर बरियातू में पांचवें दिन की कथा में पं रामदेव पांडेय ने कहा कि अधर्म जब बढ़ता है, तो पृथ्वी देवताओं के पास गुहार लगाती है।

राम और कृष्ण के जन्म के समय भी यही हुआ और देवता पृथ्वी के वेदना को समझकर मनुष्य बन जाते हैं। यह कथा कहती है कि जब अधर्मी बढ़ते हैं, तो सबसे अधिक शिकार नारी और राजा होता है। दुनिया के सभी युद्ध, विभाजन, आंदोलन और विभीषिका की शिकार नारी होती हैं। पृथ्वी नारी स्वरूप है और धर्म की ग्लानि को नारी और ईश्वर दोनों समझते हैं। नारी अधर्म को रोक सकती है। राम, कृष्ण शिवाजी और गुरु गोविंद जैसे पूत को जन्म देकर या स्वयं दुर्गा काली बन कर, सनातन की गौरव नारी है। अनुसुइया से लेकर लक्ष्मी बाइ, अहिल्याबाई होलकर तक, बहन देवकी का केश पकड़ा कंस और द्रौपदी का केश पकड़ा दुशासन, परिणाम आप सब जानते हैं। कृष्ण ने छठी के दिन जहर लेकर आयी पुतना को माता की गति दी। कृष्ण ने भामासुर के जेल में बंद सोलह हजार नारियों को मर्यादा दी और पति होने का नाम दिया।

### माता-पिता अपने बच्चों को संस्कार दें अधिक, सहूलियत कम

लाचार, मजबूर द्रौपदी का भाई बन कर न्याय दिलाया, परंतु नारी अपने बच्चों के लिए प्रथम आचार्य है। इन्हें चाहिए कि सप्ताह में एक दिन बच्चों को मंदिर और कथा भजन कीर्तन में जरूर लें जायें। जो माता बेटा-बेटी में संस्कार नहीं देते, वही बाद में पुलिस, नेता, पंडित, मुल्लों के पीछे बच्चों के लिए रोती हैं। माता सबसे पहले बच्चों को संस्कार दें, तब सहूलियत दें। यह कथा 12 अगस्त तक चलेगी।

# उमाशंकर मालवीय का पासपोर्ट रिलीज करने का दिया आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने सोमवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसे पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही के तत्कालीन निजी सचिव उमाशंकर मालवीय का पासपोर्ट रिलीज करने का निर्देश दिया। विदेश से लौटने पर उन्हें निचली अदालत में अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। यह निर्देश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने दिया। उन्होंने कोर्ट से दिसंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह तक के लिए पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह किया था, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इडी के विशेष न्यायाधीश के कोर्ट ने पासपोर्ट रिलीज करने के उमाशंकर मालवीय की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे उन्होंने हाइकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि उनकी बेटी लंदन में हुल यूनिवर्सिटी में लॉ की पढ़ाई कर रही है, इसलिए वह लंदन उससे मिलने जाना चाहते हैं। ऐसे में इडी की अदालत में जमा उनके पासपोर्ट को रिलीज करने का आदेश दिया जाये। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा एवं अधिवक्ता निरुपमा ने पैरवी की।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 25 जुलाई, 2023
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण न्यूज

### नेतरहाट स्कूल को हाइकोर्ट का आदेश- पिछले वर्ष एडमिशन से वंचित तीन बच्चों का दाखिला लें

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने सोमवार को नेतरहाट स्कूल प्रबंधन को आदेश दिया है। कोर्ट ने स्कूल को कहा है कि राज्य सरकार से जारी एज प्रूफ के कारण जिन तीन बच्चों का नामांकन पिछले साल नहीं लिया गया था, उन्हें इस साल कक्षा सात में नामांकन दिया जाये। इस संबंध में सुमित रॉय, आयुष गोप और रोहित टुडू की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी। इनकी ओर से अधिवक्ता शुभाशीष सोरेन ने पक्ष रखा। पिछले वर्ष स्कूल प्रबंधन की ओर से 18 बच्चों का नामांकन इसलिए नहीं लिया गया था, क्योंकि सभी बच्चों का एज सर्टिफिकेट राज्य सरकार की ओर से जारी किया गया था।

### मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर सोमवार को डेली मार्केट थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता कोतवाली पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय ने किया। जबकि संचालन थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने किया। बैठक में दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए तथा दोनों समुदायों के लोगों ने मुहर्रम पर्व को शांति एवं सामाजिक सौहार्द के वातावरण में मनाने का संकल्प लिया। मुहर्रम पर्व को लेकर कानून व्यवस्था तथा लाइसेंसधारी जुलूस के तय रूट आदि पर गहन चर्चा किया गया। इस दौरान सभी स्थानीय मुहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकताओं से बारी बारी से विचार विमर्श किया गया। साथ ही जुलूस से संबंधित सभी तरह के बातों को साझा किया गया। मुहर्रम जुलूस को निर्धारित रूट एवं निर्धारित समय से ही निकालने और समापन करने का निर्देश दिया गया। लाइसेंसधारियों को अपनी लाइसेंस नवीकरण तथा लाइसेंस में दिये गये निदेर्शों का अनुपालन करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में असामाजिक एवं शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने, जुलूस में मशाल लेकर नहीं चलने, मरकरी का खेल नहीं दिखाने, नशा करने वालों को जुलूस में शामिल नहीं होने देने के संबंध में चर्चा की गयी। साथ ही सामाजिक और धार्मिक उन्माद फैलाने वाले स्लोगनों एवं संगीत पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करने, सामाजिक तथा धार्मिक सद्भावना बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से पेश आने सहित अन्य दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में हिंदपीढ़ी थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह, जितेंद्र गुप्ता, यूनुस, राजेन्द्र सिंह, मो इस्लाम शामिल थे।

### मणिपुर की घटना को क्यों दबाने का प्रयास कर रही है मोदी सरकार : अशोक यादव

**रांची (आजाद सिपाही)।** एटक के द्वारा राजधानी रांची के अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। इससे पहले सीपीआई प्रदेश कार्यालय से जुलूस के शक्ल में गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री इस्तीफा दो, मणिपुर सरकार को बर्खास्त करो, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाओ आदि नारों के साथ अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से एटक के प्रदेश महासचिव अशोक यादव, सूर्यमणि तिर्की, सरिता किंडो, सुनीता खलखो, सतीश केसरी, रामाश्रे ठाकुर, मनोज कुर्रे, चिंटू सिंह, एस पाठक, चंदेश्वर सिंह, सुनील शाह, नीरज सिंह, रमेश दुबे, केबी वर्मा और अजय सिंह शामिल थे। अशोक यादव ने कहा कि मणिपुर की घटना ने देश को शर्मसार किया है। देश के नरेंद्र मोदी की सरकार देश के सांप्रदायिक उन्माद को फैलाने के लिए बेताब है। केंद्र सरकार किस तरह से लोगों को बांट कर राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। मणिपुर जल रहा है । इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार मस्त रही। इंटरनेट को बंद करके सरकार ने पूरी घटना को दबाने का प्रयास किया।

### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना पर सीएम ही गंभीर नहीं : कुणाल षाड़ंगी

**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा ने राज्य में यूपीए शासन के गरीब कल्याण निमित्त इच्छाशक्ति पर सवाल खड़े किये है। प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने सोमवार शाम अपने प्रेस नोट में बताया की सरकार की मंशा सेवा नहीं बल्कि सत्ता का मजा लेने भर है। राज्य में गरीब कल्याण योजनाओं का बुरा हाल है और जिम्मेदार लोग संवेदनशून्य हैं। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के आशय में विभिन्न अस्पतालों से सरकार की एमओयू खत्म हो चुकी है। इसका खामियाजा गरीब और बीमारों को भुगतना पड़ रहा है। कैंसर एवं किडनी ट्रांसप्लांट के मरीजों का उपचार फिलहाल लटक गया है। मरीजों के इस त्राहिमाम स्थिति को लेकर भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने सत्ता रुढ़ गठबंधन की मंशा पर सवाल उठाते हुए पूछा है की सरकार की निंद्रा मसले खराब होने के बाद ही क्यों भंग होगी है। विभागीय सचिव एवं जिम्मेदार मंत्री समय रहते उचित संज्ञान क्यों नहीं लेतें। भाजपा ने कहा की ऐसा प्रतीत होता है की मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के संदर्भ में स्वयं सीएम ही गंभीर नहीं हैं। भाजपा प्रवक्ता कुणाल ने राज्य सरकार से शीघ्र एमओयू संबंधित कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए उपचार शुरू करने की मांग की है।

## रामगढ़ के रजरप्पा क्षेत्र में सीसीएल कर्मी हत्याकांड का खुलासा

# साले ने रची थी हत्या की साजिश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** पारिवारिक कलह में इंसान के सब्र का बांध कब टूट जाये यह कहना मुश्किल है। रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र में एक सीसीएल कर्मी आशीष बनर्जी पर गोली चलने की वारदात का खुलासा हुआ तो उसके पीछे उसके साले इंद्रोनील बनर्जी का नाम सामने आया। लेकिन वजह जानकर हर कोई हैरान रह गया। उसने अपनी बहन और भांजों को न्याय दिलाने के लिए अपने ही बहनोई की हत्या की साजिश रची थी। आशीष बनर्जी अभी भी अस्पताल में भर्ती है।

**गिरफ्तार कर लिया गया मुख्य साजिशकर्ता :** रामगढ़ एसपी पियूष पांडे ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान यह बताया कि रजरप्पा थाना क्षेत्र में गोलीबारी की वारदात के मुख्य साजिशकर्ता इंद्रोनील बनर्जी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह हम बोकारो जिले के चास थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकनाथपुरी, भवानीपुर सौलांगीडीह का रहने वाला है।

**बैंक का अधिकारी बहन के लिए बन गया अपराधी :** रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि इंद्रोनील बनर्जी एसबीआइ बैंक में मैनेजर स्तर का अधिकारी है। लेकिन वह अपनी बहन और भांजे के लिए अपराधी बन गया। उसने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि आशीष बनर्जी के साथ उसकी बहन के संबंध अच्छे नहीं थे। दोनों के बीच काफी विवाद चल रहा था। उन दोनों के बीच का मामला कोर्ट में भी था। इस बीच आशीष बनर्जी ने अपनी पत्नी को गुजारा भत्ता देना भी बंद कर दिया था। इंद्रोनील पर अपनी बहन और भांजे के परवरिश का दबाव बढ़ता जा रहा था। आर्थिक रूप से बढ़ता जा रहा है यह दबाव वह झेल नहीं पाया। उसने 5 लोगों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

**फरार अपराधियों की जारी है तलाश :** एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि आशीष बनर्जी पर गोली चलाने वाले अपराधियों की तलाश अभी भी जारी है। जिन लोगों ने आशीष पर गोली चलायी थी वह कुल 5 लोग थे।

**टीम में ये थे शामिल :** टीम में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, रजरप्पा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर हरिनंदन सिंह, सब इंस्पेक्टर गुलशन भेंगरा, संजय कुमार नायक, सौरभ कुमार, सोनू कुमार शामिल थे।

## पहाड़ी मंदिर सहित शिवालयों में उमड़ी शिव भक्तों की भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के सावन मास की तीसरी सोमवारी को लेकर पहाड़ी मंदिर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। रांची से कांके, कोकर, बूटी, बरियातू, हिनू, चुटिया के सुरेश्वर धाम, किशोरगंज, हरमू लालपुर, दीपाटोली सहित अन्य शिवालयों में लोग सुबह से ही भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे थे।

**पहाड़ी बाबा की संध्या में भव्य महाआरती का आयोजन हुआ :** आयोजक नंद किशोर सिंह चंदेल ने कहा कि श्रावण मास के तृतीय सोमवारी के दिन रांची के सुप्रसिद्ध पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार के पास रांची शहर के तमाम धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा संध्या 5:00 बजे पहाड़ी बाबा की 101 दीयों से भव्य महाआरती की गयी। आज के महाआरती के मुख्य अतिथि रांची के विधायक सीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू, झारखंड महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अंतू तिर्की, आम आदमी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, मुकेश गुप्ता, भारतेंदु कुमार, उज्जवल कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

**संध्या महाआरती में विशेष रूप से इनका योगदान रहा :** नंद किशोर सिंह चंदेल, सत्येंद्र सिंह, राजकुमार सिंह, दीपक ओझा, वीरेंद्र सिंह, विनय सिंह, सुनील यादव, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, बिट्टू सिंह, शुभाशीष चटर्जी, अशोक यादव, राणा सिंह, गुलशन मिड्ढा, अमन वर्मा, संजीत सिंह, नीतू सिंह, शिल्पी कुमारी वर्मा, ज्योति सिंह, वीना श्री, संजना शर्मा, लक्ष्मी, प्रभा शर्मा, मधु सिंह, सुधा नायक, निभा सिंह, बबीता सिंह, मीना, रेशमी सिंह, सोनम, मनीषा सोनी, निधि, मोनी,स्वीटी सिंह, छवी, ममता मिश्रा और सोनी का रहा।

## सहायक अध्यापक के 26,001 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया पर छात्रों की आपत्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने सहायक अध्यापक के 26,001 पदों पर नियुक्ति निकाली है। हालांकि, नियुक्ति प्रक्रिया पर पेंच फंसता दिख रहा है। दरअसल, इस नियुक्ति परीक्षा से वैसे 2 लाख अभ्यर्थी वंचित रह जायेंगे, जिन्होंने बीएड और डीएलएड की डिग्रियां तो हासिल की हैं, लेकिन उनके पास राज्य शिक्षक पात्रता (जेटेट) नहीं है। वहीं सीटेट अभ्यर्थियों ने भी नियुक्ति प्रक्रिया के दायरे से उन्हें बाहर रखने का विरोध शुरू कर दिया है। दरअसल, झारखंड सरकार वर्ष 2016 के बाद से राज्य में जेटेट की परीक्षा आयोजित नहीं करवा पायी है। वहीं, शिक्षक नियुक्ति के लिए आवेदन करने के लिये उसकी पात्रता जरूरी है।

**बीएड और डीएलएड अभ्यर्थी विरोध में :** राज्यभर में बीएड और डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थी सड़क पर उतर आये हैं। उनका कहना है कि यदि हमारे पास जेटेट की पात्रता नहीं है, तो यह सरकार की गलती है। इसमें हमारा क्या दोष है। सरकार ने 2016 के बाद से जेटेट की परीक्षा नहीं ली। ऐसे में 2016 के बाद बीएड और डीएलएड करने वाले अभ्यर्थी सहायक अध्यापक नियुक्ति प्रक्रिया से वंचित रह जायेंगे। यह सरासर अन्याय होगा। इन अभ्यर्थियों की मांग है कि सरकार सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा आयोजित करने से पहले टेट की परीक्षा आयोजित करे, ताकि सबको समान अवसर मिले। राज्य सरकार द्वारा जारी सहायक अध्यापक नियुक्ति प्रक्रिया में सीटेट को मान्यता नहीं दी गयी है। सीटेट पास सहायक अध्यापकों और बाकी अभ्यर्थियों में इसे लेकर खासी नाराजगी है। अभ्यर्थियों ने हिमाचल प्रदेश और असम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी सरकार ने टेट की परीक्षा लिये बिना शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी थी। अभ्यर्थियों की शिकायत पर हाइकोर्ट ने मामले में दखल दिया। राज्य सरकारों को टेट के बाद ही शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि 19 जुलाई को राज्य के कार्मिक विभाग ने सहायक शिक्षक के 26001 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का विज्ञापन जारी किया। इसमें 50 फीसदी सीटें पारा शिक्षकों के लिए आरक्षित की गयी है। 8 अगस्त से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी।

## यूपीएससी के सफल छात्र क्षितिज वर्मा पहुंचे चाणक्य आइएएस एकेडमी

# अभ्यर्थियों से साझा किये अपने अनुभव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** यूपीएससी में 366वां रैंक लाकर सफलता हासिल करनेवाले चाणक्य आइएएस एकेडमी से तैयारी पूर्ण करनेवाले क्षितिज वर्मा संस्थान की रांची शाखा पहुंचे और यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने सफलता के अनुभव साझा किये। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए मार्गदर्शन आवश्यक है और उसके लिए कोचिंग की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि चाणक्य आइएएस एकेडमी से तैयारी करने के बाद कोचिंग की अहमियत का एहसास हुआ। वहीं चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने चाणक्य आइएएस एकेडमी के 30 वर्षों के सफर का अनुभव हुए संस्थान से 30 वर्षों के दौरान सेलेक्ट ऑफिसर्स के बारे में बताया। उन्होंने क्षितिज वर्मा को भविष्य में अपने और संस्थान का नाम रौशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं संस्थान की जनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि सिविल सेवा के क्षेत्र में झारखंड अव्वल स्थान पर आये, इसी उद्देश्य के चाणक्य आइएएस एकेडमी आगे की दिशा में बढ़ यहा है। चाणक्य आइएएस एकेडमी के झारखंड हेड अभिनव मिश्रा के निर्देशन में कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कॉमनवेल्थ चेस एसोसिएशन के चेयरमैन भरत सिंह चौहान रांची पहुंचे



**रांची (आजाद सिपाही)।** फिडे टेक्नीकल कमीशन एवं कॉमनवेल्थ चेस एसोसिएशन के चेयमैन तथा एशियन चेस फेडरेशन उपाध्यक्ष भरत सिंह चैहान का आगमन सोमवार को रांची एयरपोर्ट पर हुआ। उनके स्वागत के लिए रांची जिला चेस एसोशियन के सचिव नवजोत अलंग, आइए दीपक कुमार एवं वसंत कुमार भुईयां उपस्थित थे। रांची में उन्होंने झारखंड चेस एसोशियन के अध्यक्ष डॉ प्रदीप वर्मा से प्रदेश में चल रहे चेस प्रतियोगिता के बारे में चर्चा किया और साथ में रांची जिला सचिव नवजोत अलंग, दीपक कुमार एवं वंसत कुमार भुइयां भी उपस्थित थे। इस चर्चा के बाद भरत सिंह चैहान झारखंड के जमशेदपुर में होने वाले एशियन जूनियर चेस प्रतियोगिता की तैयारी एवं व्यवस्था का जायजा लेने के लिए जमशेदपुर के लिए प्रस्थान किये।

### आरएसएस के श्रेष्ठ प्रचारक मदन दास को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**रांची (आजाद सिपाही)।** छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति में परिवर्तित करनेवाले कुशल संगठक, आरएसएस के श्रेष्ठ प्रचारक मदन दास जी के निधन पर विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्र सह संयोजक प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि मदन जी 9 जुलाई 1942 को सोलापुर में जन्मे, मूलतः गुजरात से, बी कॉम, एलएलबी, चार्टर्ड अकाउंटेंट, बचपन से स्वयंसेवक, 1962में तृतीय वर्ष किया, 1964 में विद्यार्थी परिषद् से जुड़े, 1969 से संघ के प्रचारक बने। आज यदि 160 देशों में हिंदू संगठन का कार्य दिखता है तो उसके पीछे मदन जी का योगदान अप्रतिम है। वह राजनीतिक क्षेत्र के संपर्क का भी छह वर्ष दायित्व निभा चुके थे। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास झारखंड की प्रदेश अध्यक्ष प्रो सविता सेंगर, प्रो अखौरी गोपाल सहाय, प्रो अंजनी श्रीवास्तव, प्रो विष्णु प्रिये, अमरकांत झा, डॉ पियूष रंजन, महेंद्र सिंह, डॉ बालेश्वर नाथ पाठक, डॉ रामकेश पांडेय, डॉ धर्मराज कुमार, डॉ सुनील कुमार झा, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ कविता परमार, प्रो अमित गुप्ता, डॉ भारद्वाज शुक्ल आदि ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की है।

### आजसू की रामलखन कॉलेज रांची कमेटी का गठन



**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रामलखन सिंह यादव कॉलेज कमिटी का गठन किया गया। कमिटी इस प्रकार है-प्रभारीः प्रशांत कुमार अध्यक्ष : अमर गुप्ता कुमार, कार्यकारी अध्यक्षः रानी महतो, वरीय उपाध्यक्षः गोलू सिंह, पूजा गुप्ता, उपाध्यक्षः विकास कुमार, पूजा कुमारी महासचिवः मिथलेश कुमार, कोषाध्यक्षः खुशी कुमारी सह कोषाध्यक्षः अजय महतो , मीडिया प्रभारीः राहुल कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रदेश सचिव ओम वर्मा,, चेतन प्रकाश, प्रशांत कुमार उपस्थित थे।

### हिंदू जागरण मंच ने लगाया सेवा शिविर



**रांची (आजाद सिपाही)।** हिंदू जागरण मंच रांची महानगर की ओर से सोमवार को पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार पर सेवा शिविर लगाया गया। तीसरी सोमवारी पर भी भक्तों के लिए मंच की तरफ से निःशुल्क दूध, फूल, बेलपत्र आदि की व्यवस्था की गयी थी। भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए मंच के कार्यकर्ता सेवा कार्य में सुबह चार बजे से ही लगे हुए थे और दर्शनार्थियों का सहयोग कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुजीत सिंह, चंदन मिश्रा, ऋषभ सिंह, चंदन सिंह, कुशाग्र चौहान, कुमकुम गुप्ता, हर्ष कुमार, धनदीप, रवि चौधरी, अंशु सिन्हा, अभिजीत मिश्रा, सत्या सिंह शामिल थे।

## डोमिसाइल आंदोलन में शहीद हुए संतोष कुंकल, विनय तिग्गा, कैलाश कुजूर को श्रद्धांजलि दी

# मैं जिंदा रहूं या ना रहूं झारखंड और झारखंडी समाज के हक अधिकार की लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा: लोबिन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मैं जिंदा रहूं या ना रहूं झारखंड और झारखंडी समाज के हक और अधिकार की लड़ाई को अंतिम सांस तक लड़ता रहूंगा। उक्त बातें सोमवार को बोरियो विधायक सह झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक लोबिन हेंब्रम ने कही। मेकन श्यामली कॉलोनी त्रिमूर्ति चौक डोरंडा में झारखंड बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में संकल्प दिवस सह माल्यार्पण समारोह में बोल रहे थे। लोबिन हेंब्रम ने कहा कि आज से 21 वर्ष पूर्व संतोष कुंकल, विनय तिग्गा, कैलाश कुजूर जिस सपनों के साथ शहीद होने का काम किया था उनके शहीदी तथा बलिदान को हम लोग व्यर्थ नहीं जाने देंगे और सड़क से सदन तक उनके देखे गए सपनों को पूरा करने के लिए खतियान आधारित स्थानीय नीति नियोजन नीति को लागू कराने के दिशा में हम लगातार संघर्ष करते रहेंगे। आज राज्य निर्माण के 23 वर्ष के बाद भी झारखंड में दलित आदिवासी मूलवासी भाइयों के जल जंगल जमीन नौकरी लूटी जा रही है और पूर्ववर्ती सरकार हो या वर्तमान सरकार हो सब धृतराष्ट्र की भूमिका में बैठकर इस लूट को देखने का काम कर रही है जिसकी हम निंदा करते हैं। झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कहा कि हम डोमिसाइल आंदोलन के वीर शहीदों के देखे गए सपनों को पूरा करने के लिए हम गोलबंद होकर संघर्ष करने का काम करेंगे। और उनके देखे गए सपनों को पूरा करने का काम करेंगे। यह दुर्भाग्य का विषय रहा कि आज हम उन वीर शहीदों के सपनो को पूरा नहीं कर सके। इन्होंने कहा कि बर्तमान हेमंत सोरेन सरकार को हम लोग लगातार आईना दिखाने का काम कर रहे हैं हेमंत सोरेन सरकार इस दिशा में 4 वर्ष के बाद भी एक कदम आगे नहीं बढ़ा सकी है जो दुख और आक्रोश का विषय है। इस अवसर पर सुशांतो मुखर्जी ने कहा कि यह आक्रोश का विषय है कि राज निर्माण के 23 वर्ष हो जाने के बाद भी आज झारखंडी समाज अपने अस्तित्व और पहचान की लड़ाई लड़ने पर मजबूर है जो वर्तमान सरकार के लिए शर्म की बात है ।

इस अवसर पर झारखंड बचाओ मोर्चा के नेता प्रेम साही मुंडा, जगदीश पाहन, हलधर चंदन पाहन ने अपनी बातें रखी। इस अवसर पर मुख्य रूप से भीम तिर्की, बंसी लोहरा, सबरीना टोप्पो, संदीप राम, मुन्ना टोप्पो, राजेश लोहरा, निरंजना हेरेंज, अजय नाग, भोला अंसारी, मनटु राम, भूषण कच्छप, कुंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

# बरनवाल महिला समिति का सावन महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बरनवाल महिला समिति रांची कि बहनों के द्वारा श्रावण महोत्सव कार्यक्रम समिति कि अध्यक्ष वीणा बरनवाल की अध्यक्षता में स्वयंवर वाटिका कोकर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंवर वाटिका की संस्थापिका यशोदा देवी, समिति की संरक्षिका सुमन बरनवाल, दीपा चौधरी, खुशबू बरनवाल, दिप्ती बरनवाल ने बरनवाल समाज के जन्म दाता महाराजा अहिबरन महाराज को माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। बरनवाल महिला समिति झारखंड प्रदेश अध्यक्षा पूनम बरनवाल के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए सामूहिक महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। आर्ना आनंद और दिव्या त्रुप्ति ने तिलक लगाकर सभी का अभिवादन किया। श्रावण के झूले का उद्घाटन दो नन्हे कलाकार अनमोल और क्रांति ने भगवान शंकर और माता पार्वती के रूप में नृत्य का सुंदर प्रस्तुति दिया।

वहां उपस्थित बहनों को संबोधित करते हुए अध्यक्षा वीणा बरनवाल ने अपने मन की वेदना बतायी। उन्होंने कहा कि आज किसी भी सामाजिक कार्यक्रमों में बच्चों की उपस्थिति लगभग नगण्य रहती है, बच्चे पूरी तरह से अपने आपको मोबाइल और किताबों के वश में आ गये हैं, इसमें दूसरे बच्चों के प्रतिस्पर्धा के कारण अभिभावक का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। बच्चे अपने आप में इस प्रकार गुम हो गये हैं कि उनके आसपास क्या हो रहा है उन्हें कुछ भी पता नहीं होता है। ऐसे में वे डिग्रियां और पद तो ले लेते हैं, पर वे संवेदनहीन हो रहे हैं। समिति हर कार्यक्रम में बच्चों के ऐसे कार्यक्रम रखती है, जिससे बच्चे यहां आयें और लोगों के साथ मिलें उनके साथ थोड़ा समय दें, तो समझेंगे कि समाज क्या है और यहां से जायें तो कुछ सीख कर जायें, जो उनके व्यावहारिक जीवन में काम आ सके। जिन बच्चों को हम समाज से दूर किये जा रहे हैं, वो बच्चे समाज परिवार तो दूर अपने माता -पिता से भी दूर हो गये, जिसके कारण आज धड़ल्ले से अंतरजातीय विवाह और वृद्धाश्रम देखने को मिल रहा है। वे अपने माता- पिता के भावना को कुचल कर निकल रहे हैं। इसके जिम्मेदार हम स्वयं हैं। हमारी बहनें इसके कुपरिणाम को समझें।

इस मौके पर 11 नये सदस्य संगठन से जुड़े सभी को समिति का पट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। बुजुर्ग सदस्य मीना बरनवाल कोकर और कार्यक्रम को सुंदर व्यवस्था देने के लिए कोषाध्यक्ष पूर्णिमा प्रसाद, इन दोनों को समिति की ओर से सम्मानित किया गया। पूरा कार्यक्रम भजन, नृत्य,वाद-विवाद प्रतियोगिता बच्चों से किया गया, जो श्रावण और भगवान भोलेनाथ और माता पार्वती पर आधारित था। स्वरुचि भोजन और सभी बहनों के बीच उपहारों की बौछार रही। मंच संचालन सत्या कंचन, कार्यक्रम कि सुंदर प्रस्तुति के लिए सांस्कृतिक प्रभारी दिप्ती बरनवाल और रूपा बरनवाल सभी बहनों का स्वागत और रजिस्टर व्यवस्था सिंधु बरनवाल, आशा बरनवाल, सभी बहनों से सम्पर्क में रहीं। शोभा बरनवाल, कंचन बरनवाल ने सुंदर और सुयोजित तरीके से कार्य को किया। सचिव प्रीति बाला सह सचिव मधु बरनवाल, बबिता देवी, निर्मला देवी, सिंधु निराला, पूजा बरनवाल, माधुरी बरनवाल, कल्याणी बरनवाल और बच्चे सहित 175 लोगों ने इस कार्यक्रम का आनंद लिया।

# आग फैलने न दें

मणिपुर में पिछले करीब तीन महीने से जारी दंगों पर रोक लगना तो दूर, अब पड़ोसी राज्य मिजोरम में भी इसका असर दिखने लगा है। मणिपुर में दो महिलाओं को वस्त्रहीन कर-के उनकी परेड कराये जाने से जुड़ा एक विडियो वायरल होने के बाद मिजोरम में भी तनाव बढ़ने की खबर है। इसी संदर्भ में शनिवार को पूर्व उग्रवादियों के एक ग्रुप पामरा ने मिजोरम में रह रहे मणिपुर के मैतेई समुदाय के लोगों से कहा कि वे जल्द से जल्द मिजोरम छोड़ दें। उसके बाद इन लोगों में घबराहट फैल गई और कई लोग विमान से या सड़क मार्ग से वहां से निकलने लगे। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बेहद खतरनाक है। इसमें दो राय नहीं कि मणिपुर में जो कुछ हुआ और हो रहा है, उसकी जितनी निंदा की जाये वह कम है। वहां हालात काबू करने की कोशिशें की जा रही हैं। हालांकि उन कोशिशों को किस तरह आगे बढ़ाया जाये और किन उपायों से उन्हें कारगर बनाया जाये इस पर अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात यह कि संसद में उस पर कोई चर्चा तक नहीं हो पा रही। केंद्र और विपक्ष को अविलंब पहलकदमी लेकर इस गतिरोध को जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत है, ताकि मणिपुर की घटनाओं पर राजनीतिक आम सहमति बनती दिखे और वहां हालात संभालने के प्रयासों को और तेज किया जा सके, लेकिन इस बीच यह सावधानी भी बरतना जरूरी है कि मणिपुर की आग अन्य क्षेत्रों में न फैल जाये। यह अच्छी बात है कि मिजोरम से अभी तक हिंसा की कोई सूचना नहीं है। पामरा की कथित धमकी को भी राज्य सरकार के गृह मंत्रालय ने तत्काल संज्ञान में लिया और पामरा ने भी यह स्पष्ट किया कि उनकी तरफ से दिया गया बयान अडवाइजरी नेचर का था, लेकिन किसी भी जिम्मेदार संगठन से इस तरह की सलाह की भी उम्मीद नहीं की जाती। अगर देश के किसी हिस्से में कुछ अप्रिय घटा है, तो उससे दुख या तकलीफ होना स्वाभाविक है, लेकिन जो व्यक्ति उन अप्रिय घटनाओं के लिए दोषी हों, गुस्सा भी सिर्फ उन लोगों के खिलाफ होना चाहिए, सजा की मांग भी उन्हीं के लिए की जानी चाहिए। अगर किसी एक पूरे समूह को उसके लिए दोषी माना या बताया जाने लगे तो यह भी सांप्रदायिक, जातिवादी या नस्लवादी सोच का ही नमूना है। अगर मणिपुर की घटनाओं से मिजोरम में तनाव दिख रहा है, तो जिम्मेदार संगठनों को माहौल ठीक करने की कोशिश में जुटना चाहिए, जिसका उपाय यह है कि मणिपुर के लोगों को आश्वस्त किया जाये कि आप न घबराएं, हम आपके साथ हैं। यह नहीं कि उन्हें इलाका छोड़ देने की सलाह दी जाये। जरूरी है कि राज्य सरकार ऐसे माहौल में गड़बड़ी फैलाने वाले तत्वों से विशेष तौर पर सावधान रहे।


**अगर देश के किसी हिस्से में कुछ अप्रिय घटा है, तो उससे दुख या तकलीफ होना स्वाभाविक है, लेकिन जो व्यक्ति उन अप्रिय घटनाओं के लिए दोषी हों, गुस्सा भी सिर्फ उन लोगों के खिलाफ होना चाहिए, सजा की मांग भी उन्हीं के लिए की जानी चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**चंद्रयान -3 के उद्देश्यों की यदि हम यहां बात करें तो इस मिशन के मुख्य उद्देश्य क्रमशः चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सुगम लैंडिंग करना, रोवर को चंद्रमा पर घूमते हुए प्रदर्शित करना तथा यथास्थान वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करना है। इसरो ने बहुत ही कम समय में और बहुत कम लागत में बेजोड़ मेहनत का प्रदर्शन करते हुए चंद्रयान-3 मिशन का सफल प्रक्षेपण कर दुनिया को दिखा दिया है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत दुनिया के किसी भी विकसित देश से कमतर नहीं है।**

# इसरो के कदम अब सूर्य की ओर

सुनील कुमार महला



**इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में नित नवीन प्रतिमान गढ़ रहा है और ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो चांद ही नहीं अपितु सूरज पर भी अपना काम निरंतर कर रहा है। अपने सौर मिशन के अंतर्गत इसरो जल्द ही आदित्य एल-1 को भी लांच करने जा रहा है।**

दुनिया जानती है कि 14 जुलाई 2023 को इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) द्वारा चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक लांच कर दिया गया। चंद्रमिशन के तहत चांद पर भेजा गया चंद्रयान-3 आने वाली 5 अगस्त के दिन चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा और 23 अगस्त को चांद के दक्षिणी हिस्से पर उतर कर चांद के विभिन्न रहस्यों से पर्दा उठाएगा। चंद्रयान-3 ने 14 जुलाई, 2023 को दोपहर 2:35 बजे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से उड़ान भरी थी। वास्तव में, चंद्रयान -3 मिशन को लेकर भारत का लक्ष्य संयुक्त राज्य अमेरिका, रूस और चीन जैसे विकसित देशों की कतार में शामिल होकर यह उपलब्धि हासिल करने वाला विश्व का चौथा देश बनना है।

चंद्रयान -3 के उद्देश्यों की यदि हम यहां बात करें तो इस मिशन के मुख्य उद्देश्य क्रमशः चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सुगम लैंडिंग करना, रोवर को चंद्रमा पर घूमते हुए प्रदर्शित करना तथा यथास्थान वैज्ञानिक प्रयोगों का संचालन करना है। इसरो ने बहुत ही कम समय में और बहुत कम लागत में बेजोड़ मेहनत का प्रदर्शन करते हुए चंद्रयान-3 मिशन का सफल प्रक्षेपण कर दुनिया को दिखा दिया है कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत दुनिया के किसी भी विकसित देश से कमतर नहीं है। भारत दूसरी बार चांद की सतह पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा है। वह भी ऐसी जगह, जहां पर अब तक दुनिया के किसी भी देश ने लैंडिंग की कोशिश तक नहीं की है और न ही हिम्मत जुटायी है। वैसे दुनिया में 11 देश हैं, जिन्होंने अपने मून मिशन भेजे हैं। अगर भारत का यह मिशन सफल होता है, तो भारत दक्षिणी ध्रुव के पास अपना लैंडर उतारने वाला पहला देश बन जायेगा और ऐसा करने वाली भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दुनिया की पहली स्पेस एजेंसी बन जाएगी।

**सूर्य का अध्ययन इसलिए भी अधिक कठिन है क्यों कि सूर्य की प्रभावी सतह का तापमान लगभग 6000 डिग्री है।**

इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में नित नवीन प्रतिमान गढ़ रहा है और ऊंचाइयों को छू रहा है। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि इसरो चांद ही नहीं अपितु सूरज पर भी अपना काम निरंतर कर रहा है। अपने सौर मिशन के अंतर्गत इसरो जल्द ही आदित्य एल-1 को भी लांच करने जा रहा है। बताया जा रहा है और इस यान के जरिए सूर्य की विभिन्न प्रक्रियाओं को देखा जा सकेगा। हम सभी यह देख सकेंगे और जान पायेंगे कि सूर्य की गतिविधियों का अंतरिक्ष के मौसम पर कैसे प्रभाव पड़ता है? माना जा रहा है कि भारत का पहला सूर्य मिशन आदित्य एल-1 आने वाली 26 अगस्त को लांच किया जायेगा।

सच तो यह है कि इसरो सौर वातावरण का गहन अध्ययन करने के लिए ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान यानी कि पीएसएलवी रॉकेट पर अपना कोरोनोग्राफी उपग्रह आदित्य एल-1 भेजेगा। धरती पर ऊर्जा का एकमात्र स्रोत सूरज है और यही सूर्य हमारे सौरमंडल का सबसे नजदीकी तारा भी है। विज्ञान के छात्र यह बात अच्छी तरह से जानते हैं कि सूरज की किरणें 8 मिनट में धरती पर पहुंच जाती हैं। बाकी तारे इतनी दूर हैं कि उनकी किरणों को धरती तक पहुंचने में 4 साल तक का लंबा समय लग जाता है।

जानकारी के अनुसार आदित्य एल-1 इसका पेलोड एकीकरण और परीक्षण अंतिम चरण में है। इसरो के मुताबिक अंतरिक्ष यान को स्पेस क्राफ्ट लैग्रेंज प्वाइंट1 (एल-1) हालो ऑर्बिट में स्थापित किया जायेगा। यह पृथ्वी से 1.5 मिलियन किलोमीटर दूर है। एल-1 प्वाइंट हैलो ऑर्बिट पर सैटेलाइट स्थापित हो सकती है और इससे सूरज बिना किसी ग्रहण के दिख सकता है। यूरोपियन स्पेस एजेंसी यानी इएसए इसरो के सूर्य मिशन को सपोर्ट करने जा रही है। ये आदित्य एल-1 को ट्रैकिंग में मदद करेगी। इसके अलावा गोनहिली और कौरो ट्रैकिंग गतिविधियां शामिल होंगी।

आदित्य एल-1 को 7 पेलोड (उपकरणों) के साथ लांच किया जा/२गा। ये 7 पेलोड हैं- सौर पराबैंगनी इमेजिंग टैलीस्कोप, सोलर लो एनर्जी एक्स-रे स्पैक्ट्रोमीटर, आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपैरीमैंट, हाई एनर्जी एल-1 ऑर्बिटिंग एक्स-रे स्पैक्ट्रोमीटर, आदित्य के लिए प्लाज्मा विश्लेषक पैकेज और उन्नत त्रि-अक्षीय उच्च रिजॉल्यूशन डिजिटल मैग्नेटोमीटर। बताया जा रहा है कि अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के पहले लैग्रेंज प्वाइंट (एल-1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जा/२गा। अब यहां यह जानना जरूरी है कि आखिर लैग्रेंज प्वाइंट आखिर है क्या ? नासा के अनुसार सूर्य तक पहुंचने में मंगल तक पहुंचने से 55 गुना अधिक ऊर्जा लगती है। एक कारण यह है कि पृथ्वी सूर्य के सापेक्ष लगभग पूरी तरह से 67,000 मील प्रति घंटे की गति से घूम रही है। सूर्य की संरचना में हम हाइड्रोजन और हीलियम जैसे बहुत प्रचुर मात्रा में तत्व देखते हैं।

अगर हमारे ग्रह से माप लिया जाये, तो इसका कोणीय आकार लगभग आधा डिग्री होता है। यदि हम सूरज के आकार की तुलना अपने ग्रह के आकार से करें तो हम पाते हैं कि इसका आकार पृथ्वी के आकार का लगभग 109 गुणा है। सूर्य का अध्ययन इसलिए भी अधिक कठिन है क्यों कि सूर्य की प्रभावी सतह का तापमान लगभग 6000 डिग्री है। यह एक औसत तापमान है, हालांकि इसके मूल और शीर्ष गर्म क्षेत्र हैं और कोई भी उपग्रह सूरज के नजदीक जाने पर पिघल सकता है। यहां पाठकों को यह जानकारी भी देना चाहूंगा कि सूर्य की गतिविधियों के बारे में आज तक किसी ने भी पूर्वानुमान नहीं लगाया है। यह ठीक है कि दुनियाभर से अभी तक 22 सौर मिशन भेजे गये हैं। इसमें भी नासा ने सबसे अधिक 14 मिशन भेजे हैं। आमतौर पर आदमी 45 से 50 डिग्री तक का तापमान ही सहन करने की क्षमता रखता है। इससे अधिक तापमान सहन करना आदमी के लिए बहुत ही कठिन हो जाता है। अतः इस संदर्भ में देखा जाये, तो इसरो का मिशन सूर्य बहुत ही महत्वपूर्ण कहा जा सकता है, क्योंकि इसरो सूरज के गर्म गोले का अध्ययन करने जा रहा है, जहां पहुंचना आदमी के वश से लगभग बाहर ही माना जाता है।

## स्मृति दिवस पर विशेष

# विनम्र गुमनामी में कार्यरत मृत्युंजय महावतार बाबाजी

डॉ मंजुलता गुप्ता

'किसी भी शताब्दी में बाबाजी कभी जन साधारण के सामने प्रकट नहीं हुए। सृष्टि में एकमात्र शक्ति होते हुए भी चुपचाप अपना काम करते रहने वाले स्त्रष्टा की तरह ही बाबाजी भी विनम्र गुमनामी में अपना कार्य करते रहते हैं।' संसार की सौ सर्वोत्कृष्ट आध्यात्मिक पुस्तकों में से एक के रूप में चयनित 'योगी कथामृत' में वर्णित ये शब्द हमें इन महावतार के कार्यों के विषय में जानने के लिए उत्सुक बनाते हैं। श्रीश्री परमहंस योगानंदजी द्वारा रचित इस गौरव ग्रंथ में अमर महावतार बाबाजी के विषय में कुछ अध्याय सम्मिलित हैं, जिन्हें पढ़कर हमें हमारे इस प्रश्न का उत्तर बहुत सहजता से मिल जाता है।

क्रियायोग के लुप्त ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कुंभ के मेले में स्वामी श्रीयुक्तेश्वरजी, योगानंदजी के गुरु, से उन्होंने कहा, कुछ वर्षों पश्चात मैं आपके पास एक शिष्य भेजूंगा, जिसे आप पश्चिम में योग का ज्ञान प्रसारित करने के लिए प्रशिक्षित कर सकते हैं।

वही शिष्य थे परमहंस योगानंद, जिन्होंने पूर्व में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया तथा पश्चिम में सेल्फ रियलाइजेशन फेलोशिप की स्थापना करके आध्यात्मिक विज्ञान की प्रविधि, क्रियायोग का प्रसार किया।

धार्मिक उदारतवादियों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने हेतु अमेरिका जाने से पहले जब योगानंद ने आशीर्वाद पाने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की, तब बाबाजी ने उनके समक्ष प्रकट होकर उनके संपूर्ण संरक्षण का आश्वासन दिया। यह दिन था 25 जुलाई का, जिसे संसार भर में भक्तगण स्मृति दिवस के रूप में हर साल मनाते हैं।

इस प्रकार, इस जगत में अवतरित विशेष कार्यों के लिए जो महापुरुष आते हैं, उनकी सहायता करना, जगत को आत्मोद्धारक स्पंदन भेजना बाबाजी का कार्य है। लाहिड़ी महाशय के अनुरोध पर उन्होंने संन्यासी जीवन जीने वालों के अलावा गृहस्थों को भी क्रियायोग विद्या सिखाने की अनुमति प्रदान कर हम सभी को अनुग्रहित किया है।

क्रियायोग विज्ञान के विषय में गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं, इस धर्म का थोड़ा सा भी साधन जन्म-मृत्यु के चक्र में निहित महान भय से तुम्हारी रक्षा करेगा। इस विज्ञान को सीखने का मार्ग भी उपलब्ध है और वह है पाठमाला का गृह अध्ययन। समय के अभाव और कार्यों की भीड़ में साधक पाते हैं कि वे योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध पाठमाला को नामांकित कर इस प्रविधि को सीख सकते हैं।

'योगी कथामृत' में वर्णित एक प्रेरक गाथा को सुनकर आत्म निरीक्षण करने का मन होता है। कुंभ मेले में लाहिड़ी महाशय ने बाबाजी को देखा कि वे एक जटाधारी संन्यासी के समक्ष नतमस्तक हैं। आश्चर्यचकित हो उन्होंने कहा, ये आप क्या कर रहे हैं? इस पर बाबाजी ने कहा, मैं इस संन्यासी का पद प्रक्षालन कर रहा हूं। इसके बाद मैं इनके खाने के बर्तन माजूंगा। और फिर उन्होंने कहा, ज्ञानी-अज्ञानी साधुओं की सेवा करके मैं उस सबसे बड़े सद्गुण को सीख रहा हूं, जो ईश्वर को अन्य सभी गुणो से सबसे अधिक प्रिय है, विनम्रता। आइए, आज के युग में नितांत आवश्यक विनम्रता के इस महान गुण को अपने दैनिक जीवन में जीने का प्रयास करें, जिसका निरूपण इन कल्पनातीत महागुरु ने किया।

ऐसे सर्वव्यापी ब्रह्म चैतन्य में निवास करने वाले अवतार को कोटि-कोटि नमन, जिन्हें ईश्वर ने इस वर्तमान कल्प के अंत तक इस संसार में सशरीर रहने के लिए चुना है। युग पर युग आयेंगे और जायेंगे, परंतु मृत्युंजय महागुरु युगों के नाटक का अवलोकन करते हुए इस विश्व रंगमंच पर उपस्थित रहेंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# चाइबासा में आइइडी ब्लास्ट से सीआरपीएफ जवान घायल

**एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची**

आजाद सिपाही सवांददाता



**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाइबासा) जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के तुंबाहाकत गांव के आसपास के जंगल में सोमवार को नक्सलियों की ओर से लगाये गये आइइडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ जवान घायल हो गया। घायल जवान को हेलीकॉप्टर से रांची लाया गया। खेलगांव में हेलीकॉप्टर से जवान को उतारा गया और वहां से एंबुलेंस से जवान को मेडिका अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जवान के चेहरे में चोट लगी है। घायल जवान का नाम सीआरपीएफ 197 बटालियन के असिस्टेंट कमांडर चंद्र प्रताप तिवारी है। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि विस्फोट में एक जवान घायल हुआ है। प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जवान को हेलीकॉप्टर से रांची के मेडिका अस्पताल भेजा गया है।

# हाइवा की चपेट में आने से स्कूटी सवार महिला घायल



**आदित्यपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के टाटा कांड्रा मार्ग में हो रही दुर्घटना अब आम हो गया है। सड़क दुर्घटना में कई परिवार में लोगो का जान जा रही है। बीते दिनों की अगर हम बात करें तो पांच अलग- अलग सड़क दुर्घटना में दो की मौत हो गई है। कई लोग घायल हुए हैं। ताजा घटना आदित्यपुर थाना क्षेत्र के आर आईटी मोड़ के समीप सोमवार दोपहर करीब 2:00 बजे के आसपास हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार को अनियंत्रित हाईवा ने रौंद दिया। बाइक सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे करीब आधे घंटे बाद पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहयोग से अस्पताल भिजवाया। युवती की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। उधर पुलिस ने हाईवा को जप्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।
लगातार हो रही सड़क दुर्घटना से ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है यातायात व्यवस्था सुधारने में प्रशासन विफल है।

# माता-बहनों को निर्वस्त्र करना मानवता की त्रासदी : आनंद बिहारी दुबे



**जमशेदपुर।** गोलमुरी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में हनुमान मंदिर में प्रार्थना सभा आ आयोजन किया गया। सोमवार को कांग्रेसियों ने मणिपुर के लोगो के लिए ईश्वर से प्राथना की। ताकि सभी में भगवान सद्बु-द्धि प्रदान करे, नफरत खत्म हो साथ ही भाईचारा कायम रहे। प्रार्थना के उपरांत गोलमुरी प्रखंड अध्यक्ष अतुल गुप्ता के अध्यक्षता में बाजार तक कैंडल मार्च सह विरोध मार्च निकला गया। मौके पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे,प्रखण्ड अध्यक्ष अतुल गुप्ता, गुरदीप सिंह,जसवंत सिंह जस्सी, सुखदेव सिंह मल्ली, परविंदर सिंह सोहेल, रंजीत सिंह कल्लू, राकेश तिवारी, जेबा खान, रियाजुद्दीन खान, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, सामंता कुमार, प्रिंस सिंह व वरीय नेता शामिल रहे। जिलाध्यक्ष ने कहा मणिपुर की घटना मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। घटना ने हर भारतीयों के दिल को झकझोर कर रख दिया। भाजपा नेताओ को सैनिकों से माफी मांगना चाइए। आम जनता को घर से बाहर निकल कर मोदी सरकार को सबक सिखाने की जरूरत है। किसी भी कीमत पर 2024 में मोदी सरकार को गद्दी से उतारने का कार्य करे। मानवता को बचाना है। माताओं–बहनों के लाज की रक्षार्थ में आगे आना ही होगा। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के साथ राज किशोर यादव, अवधेश सिंह, पुनीता चौधरी, रामदरस चौधरी, रजनीश सिंह, सीताराम चौधरी, जितेन्द्र सिंह, संजय यादव, अमर कुमार मिश्र, संजय चौधरी, कमलेश जी, सलीम खान, राहुल गोस्वामी, नलिनी सिन्हा, अशोक सिंह, शशी सिन्हा, अशोक सिंह क्रांतिकारी, राजेश चौधरी, अरुण त्रिपाठी, हरिहर प्रसाद, अरुण सिंह, रंजीत सिंह, धीरज कुमार, बिरेंद्रपाण्डेय, राजेश कुमार अध्यक्ष टेल्को प्रखंड, धर्मा राव अध्यक्ष साकची प्रखंड, रानी राव, रंजीत झा, चांदनी तिवारी, चंदा सिंह राजपूत, रश्मि निगार, शहनाज बानो, जिन्नत परवीन, परवाना बानो सहित अन्य शामिल रहे।

## वकीलों ने मणिपुर की घटना का काला बिल्ला लगा कर किया विरोध

# मणिपुर पर राष्ट्रपति से हस्तक्षेप का आग्रह

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** मणिपुर में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार के विरोध में जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन के महिला अधिवक्ताओं के आग्रह पर काला बिल्ला लगाकर दैनिक कार्य संपादित किया। सोमवार को अधिवक्ता विनीता कालिंदी,सोमा दास, विनीता सिंह, रेखा, उमारानी, अनुराधा, बबीता जैन, पूनम, ज्योति सहित अन्य महिला अधिवक्ताओं ने सभी अधिवक्ताओं को काला फीता लगाया। उन्होंने महिला संबंधी मुद्दों पर दृढ़ता से साथ देने का आह्वान किया। वही एडहॉक कमेटी के अधिवक्ता टीएन ओझा के अनुसार भारत देश की सभ्यता संस्कृति में महिला को देवी के रूप में पूजा जाता है। देश में नारी की मयार्दा व चीरहरण की घटना वास्तव में बहुत ही दुखदाई और निंदा जनक है। उन्होंने इस आशय की उद्घोषणा बार भवन में सार्वजनिक रूप से की। महिला अधिवक्ताओं के अनुसार मणिपुर, राजस्थान, बिहार, बंगाल हो या देश का कोई भी हिस्सा, इस तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा की घटनाओं की रिपोर्ट सभ्य समाज को चिंतित व विचलित कर रही है। यदि प्रशासन व राज्य सरकार अक्षम है तो ऐसे मामलों में महामहिम राष्ट्रपति को महिला होने के नाते खुद को हस्तक्षेप करना चाहिए। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार दिल्ली का निर्भया कांड में भी अधिवक्ताओं ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को मांग पत्र भेजा था। इस बार अधिवक्ता बहनों द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है। अधिवक्ता भवेश के अनुसार मणिपुर की घटना के विरोध में काला बिल्ला लगाया गया। राजस्थान व पश्चिम बंगाल की घटना के विरोध में भी लगाना चाहता है लगाए, लेकिन महिला के सम्मान मयार्दा अधिकार के लिए सभी को एकजुट होकर खड़े होना चाहिए।

# शहीद संतोष कुंकल स्मारक समिति ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



**जमशेदपुर।** दक्षिण गदड़ा पंचायत अंतर्गत जसकनडीह सोमा मैदान में शहिद संतोष कुंकल स्मारक समिति के द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रतियोगिता मुख्य अतिथि झारखण्ड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी शामिल हुए। विधायक ने शहिद संतोष कुंकल के बेदी में पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर श्रधांजली अर्पित की। मौके पर विधायक ने कहा झारखण्ड डोमीसाईल आंदोलन में शहिद हुए शहिद संतोष कुंकल के बलिदान को कभी भुला नही जा सकता। समिति के सदस्यों द्वारा शहिद संतोष कुंकल के स्मृति में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करना सरानीय पहल है। उन्होंने कहा इसके लिए समिति के सभी सदस्य को धन्यवाद दिया। मौके पर विधायक के द्वारा विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरुष्कार माँ दुर्गा टीम और द्वितय पुरुष्कार ए सी मिलन की टीम को दिया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राम कृष्णा सामड, दक्षिण गदरा मुखिया संजु भुमिज, मुखिया कालीदास टूडु, प्रखंड उपप्रमुख शिवकुमार हांसदा, झामुमो नेता राकेश चक्रवर्ती, कार्तिक मछुआ, पूर्व मुखिया भीमसेन भुमिज, बेतो कुंकल, हिकिम मार्डी, विक्की शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### श्रावण मास की तीसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**मेराल (आजाद सिपाही)।** पवित्र श्रावण मास की तीसरी सोमवारी पर प्रखंड मुख्यालय सहित गांव के शिवालयों में भी भक्तों की भीड़ देखी गई। प्रतिकूल मौसम होने के बाद भी पूजा-अर्चना करने के लिए मंदिरों में लोगों की भीड़ लगी रही। प्रखंड मुख्यालय के मुड़ल टोला में नवनिर्मित शिव मंदिर में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा कलश यात्रा निकालकर स्थानीय यूरिया नदी से जल लेकर भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर शाम से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। इसी तरह हासनदाग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकालकर स्थानीय यूरिया नदी से जल लेकर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। इसी तरह पढुआ में बुढ़वा बाबा शिव स्थान पर श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाल कर बांकी सुखड़ा नदी संगम स्थल से जल लेकर जलाभिषेक किया गया।

### खिराखांड़ एवं कोरहटी टोले में दो माह से बिजली नहीं रहने से अंधेरे में रहने को विवश हैं ग्रामीण



**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत टेहरी पंचायत के कोरवा एवं आदिवासी जनजाति बहुल खिराखाड़ एवं कोरहटी टोले में पिछले दो माह से बिजली नहीं रहने के कारण लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। उक्त टोले के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में किरण किसान के घर के पास लगा ट्रांसफॉर्मर काफी दिनों से खराब है, जिसे विभाग द्वारा शिकायत के बावजूद भी नहीं बनाया जा रहा है। जिस कारण टोले में निवास करने वाले लगभग तीस घरों के लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष इसी महीने में गांव में बिजली नहीं रहने के कारण रात के अंधेरे में घर में जमीन पर सो रही एक आदिम जनजाति महिला स्वास्थ्य सहिया बिनीता कोरबाइन की मौत सर्प दंश के कारण हो गई थी। गांव के ज्यादातर लोग रात्रि में जमीन पर सोते हैं, ऐसे में लोगों को सोने के दौरान जहरीले जीव-जंतुओं के काटने का भय हमेशा बना रहता है। ग्रामीण मुकेश पनिका, जितनी देवी, प्रतिमा देवी, मीणा देवी, सोरठी देवी, पूनम देवी, मंजू देवी, रामरतन कोरवा, चटकु कोरवा, बद्री पाल, संगीत देवी, छोटी कुमारी, सुनीता कुमारी, चन्द्रेश प्रसाद आदि ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जिले के उपायुक्त से जल्द खराब ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत कराकर टोले में बिजली बहाल करने की मांग की है।

### कांडी प्रखंड में मानसून की बेरुखी से सूख रहा धान का बिचड़ा, खेत पड़े हैं परती



**कांडी (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के कांडी प्रखंड में मानसून की बेरुखी से धान का बिचड़ा सूखने के कागार पर आ चुका है। पर्याप्त बारिश नहीं होने से जुलाई बीतने को है। इसके बावजूद प्रखंड क्षेत्र में धान की रोपाई शुरू नहीं हो पाई है। जिसे लेकर किसान काफी मायूस दिख रहे हैं। वजह है प्रखंड क्षेत्र में लगातार दूसरे वर्ष भी अकाल की स्थिति पैदा होना। कांडी प्रखंड के डूमरसोता पंचायत के समृद्ध किसान अरुण दुबे व जगरनाथ महतो तथा हरिहरपुर पंचायत के किसान अरविंद कुमार सिंह व धर्मेंद्र कुमार सिंह कहते हैं कि ईश्वरीय वर्षा नही होने पर जब हमने देखा कि खेत परती रहने को है तो किसी तरह कर्ज लेकर थोड़ी बहुत सिचाई के बल पर धान की रोपाई की गयी जो नहीं के बराबर है और शेष खेतों में गर्मी की तरह धूल उड़ने लगे हैं। जबकि मझिगावां पंचायत के बड़े स्तर पर खेती करने वाले किसान सूर्यनारायण चौबे व सत्यनारायण चौबे कहते हैं कि पानी के अभाव में हमारे पंचायत के सैकड़ों एकड़ भूमि की रोपनी करने के लिए धान के बिचड़ा खेतों में डाले गए थे, पर बारिश नहीं होने की स्थिति में बिचड़ा तो सूख ही रहे हैं सारे खेत भी परती पड़े हुए हैं। उसके अलावे टांड़ किस्म के खेतों में भदई फसल मक्का, तीलहन, मूंगफली, दलहन में अरहर की बुआई की गयी थी, पर बारिश के अभाव में वे भी सूखने के कागार पर हैं। यदि इस वर्ष बारिश नहीं होती है तो मझिगावां पंचायत में भयंकर समस्या उतपन्न हो जाएगी।

## प्रेस कांफ्रेंस : पहले होता था सिर्फ छलावा, अब हो रहा है सही मायने में विकास

# रमकंडा में ढाई करोड़ की लागत से होगा पुल का निर्माण : मंत्री

**इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रमकंडा प्रखंड के सड़काही नदी पर करीब ढाई करोड़ की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। इस पुल के निर्माण से लगभग आधा दर्जन गांव की 15 हजार से अधिक की आबादी लाभान्वित होगी। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है।



जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल गढ़वा 2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत जिले के रमकंडा प्रखंड में बलीगढ़ पंचायत के ग्राम कुशवार में सड़काही नदी पर दो करोड़, 45 लाख, 31 हजार, एक सौ रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जाएगा। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि पूरे गढ़वा में जहां कहीं भी छोटी से लेकर बड़ी समस्या है, उसे चिन्हित कर दूर किया जा रहा है। एक-एक कर अब सारी समस्याओं का निदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षों से इस क्षेत्र के ग्रामीण बगैर पुल के ही आवागमन कर रहे थे। परंतु इनकी परेशानी को किसी भी जनप्रतिनिधि ने समझने का प्रयास नहीं किया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में पहले विकास के नाम पर सिर्फ राजनीति और छलावा होता था, परंतु अब गढ़वा में सिर्फ और सिर्फ सही मायने में विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे गढ़वा की सभी बड़ी, छोटी समस्याओं को चिन्हित कर दूर करने का कार्य किया जा रहा है।

### कई गावों की 15 हजार से अधिक की आबादी होगी लाभान्वित

मंत्री ने बताया कि इस पुल के निर्माण से बलीगढ़ पंचायत का कुशवार, गोबरदाहा, बिराजपुर पंचायत का बैरिया, तेतरडीह होते हुए गोदरमाना, होमिया तक की सड़क जुड़ जाएगी। इसके निर्माण से लगभग 15 हजार की आबादी लाभान्वित होगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस पुल का निर्माण इस क्षेत्र के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय से क्षेत्र के ग्रामीण इसके निर्माण की मांग कर रहे थे। बरसात के मौसम में इन गांवों के लोगों को काफी लंबी दूरी तय कर गोदरमाना आदि क्षेत्रों में जाना पड़ता था। इसके निर्माण से ग्रामीणों को काफी सुविधा मिलेगी।

## मुहर्रम पर्व के मौके पर लॉ एंड ऑर्डर की रहेगी पूरी व्यवस्था : एसपी

**मुहर्रम पर्व को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समन्वय समिति के सदस्यों, मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों के साथ संपन्न की गई। मुहर्रम पर्व के जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त, शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। विभिन्न प्रखंडों से आए विभिन्न समुदायों के कई लोगों ने बारी-बारी से मुहर्रम पर्व मनाने को लेकर पर्व के आयोजन के संबंध में जुलूस निकालने के लिए रूट चार्ट, विधि-व्यवस्था व अन्य बातों से जिले के वरीय पदाधिकारियों व अन्य उपस्थित लोगों को अवगत कराया। अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम द्वारा मुहर्रम पर्व को लेकर विभिन्न एहतियातों को



लेकर प्रकाश डाला गया। पुलिस अधीक्षक गढ़वा द्वारा लॉ एंड ऑर्डर की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की बात कही गई। जुलूस आयोजकों को बताया गया कि पूर्व से लाइसेंसधारी आयोजक टीम को ही लाइसेंस निर्गत किये जाएंगे। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक जुलूस आयोजकों से समन्वय स्थापित कर लें कि जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाले जाएंगे। किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट व तथ्यों को नहीं फैलाने की बात कही गई। ऐसे किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट अथवा तथ्यों को सोशल मीडिया साइट पर प्रचारित-प्रसारित ना करके संबंधित जिम्मेवार पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रुप से सूचित करने की बात कही गई। भड़काऊ भाषण, गीत, आपत्तिजनक तथ्यों को फैलाने एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने जैसी चीजों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही गई। मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक मनाने हेतु सभी समुदायों के लोगों से आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना रखते हुए मनाने की अपील की गई।

उपायुक्त गढ़वा श्री जमुआर ने सभी की बातों को सुनते हुए लोगों को शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारा के साथ मोहर्रम पर्व मनाने की शुभकामनाएं दी गई। निर्गत सरकारी गाइडलाइंस के तहत पर्व को मनाने की बात कहते हुए बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए साथ हैं। उन्होंने विशेषकर इस बात का ध्यान रखने को दोनों समुदायों से कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व भीड़ व मौके का फायदा उठाकर कोई गलत कृत्य नहीं कर पाए। प्रशासन अपना दायित्व निभाएगा। पर्व मनाने वाले आमजनों से भी लॉ एंड आर्डर का सम्मान करने की बात कही गई। मुहर्रम पर्व की हार्दिक शुभेच्छाओं के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, जिला परिषद की अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, निदेशक डीआरडीए दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी नगर उंटारी आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका नारायण सिंह, जिला स्तर के विभिन्न पदाधिकारीगण, जिले के विभिन्न प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, विभिन्न प्रखंडों के थाना प्रभारी, पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी, माननीय सांसद एवं विधायक के प्रतिनिधिगण, गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों से आए जनप्रतिनिधि, समन्वय समिति के सदस्यगण, सामाजिक कार्यकर्ता आदि उपस्थित थें।

## बिना प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति की पूजा करने से शोक होता है : जीयर स्वामी

**खंडित मूर्ति की भी पूजा नही करनी चाहिए, अन्यथा भय, शोक, उपद्रव, अशांति होता है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** शास्त्र में बताया गया है कि दुनिया में एक ही भगवान हैं शालिग्राम। ये भगवान का कभी प्राण, प्रतिष्ठा नहीं किया जाता है। बाकी जितने भी मनुष्य द्वारा मूर्ति की स्थापना की जाती है। प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। यदि दो चार दिन भोग न लगे तो फिर से प्राण प्रतिष्ठा करीये। नहीं तो ऐसे बिना प्राण प्रतिष्ठा, बिना प्रतिष्ठित मूर्ति की पूजा करने से शोक होता है, भय होता है। अनेक प्रकार के यश कृति का समापन होता है, अपयश होता है। अतः नहीं करना चाहिए। जो खंडित मूर्ति हो उसकी भी पूजा नहीं करनी चाहिए। अन्यथा भय, शोक, उपद्रव, अशांति होता है। अलग अलग व्यक्ति की अलग अलग मर्यादा है। शास्त्र कहता है सभी व्यक्ति एक ही मर्यादा में रहेगा। यह ठीक नहीं है। गृहस्थ आश्रम में रहकर विवाह करके कोई संकल्प ले लिया कि हमें पत्नी से मतलब ही नहीं है उनको पाप लगेगा। महा नर्क हो जाएगा। ऐसा नहीं कि विवाह कर लिया फिर दाढ़ी बढ़ा करके, दंड कमंडल ले करके घुमने लगे। यह कौन तरीका है। काहे को विवाह किया। घर परिवार को सजाओ। शिक्षित करो। बच्चों को संस्कार दो। बेटा-बेटी को विवाह करो। सारे परिवार के लोगों को संवर्धन कर दो। तब वैराग्य धारण करो ऐसा बताया गया है। तब भगवान प्रसन्न होंगे। तब आत्म कल्याण होगा।

**पात्र के अनुसार ही दण्ड भोगना पड़ता है :** बड़े लोगों द्वारा थोड़ी सी ही चूक होती है उसका बहुत बड़ा परिणाम भोगना पड़ेगा। जो जितना पात्र का अधिकारी होगा उसी के अनुसार दंड का अधिकारी होगा। जो जितना बड़ा होता है उसके अनुसार वैसा ही दण्ड की प्रक्रिया होती है। यदि किसी के घर पर कौवा तथा गिद्ध बैठ जाए तो यदि उस घर वाले का कोई सामर्थ्य नहीं हो तो सुंदरकाण्ड का पाठ कर ले। हनुमान चालीसा का पाठ कर ले उसी से मार्जन हो जाएगा। कोई धनी व्यक्ति हो तो उसको पूजन पाठ, भोग भंडारा इत्यादि करना पड़ेगा। ऐसा बताया गया है। इसीलिए सबके लिए अलग अलग व्यवस्था बनायी गयी है। सबके लिए एक ही नियम लागू नहीं हो सकता है। जैसे कि गलती एक पागल व्यक्ति करता है तो उसे थोड़ा सा डांट करके छोड़ा जा सकता है। परंतु वही गलती यदि बड़े अधिकारी या पढ़े-लिखे लोग करते हैं तो उन्हें कठोर दण्ड भोगना पड़ता है।

### मेराल थाना क्षेत्र में कीटनाशक खाकर महिला ने की आत्महत्या

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मेराल थाना क्षेत्र के सोवरिया गांव निवासी मुकेश चौधरी की पत्नी शीला देवी (19) ने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दो माह पूर्व शादी हुई थी। रविवार को किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच आपस में घरेलू विवाद उत्पन्न हो गया। जिसके बाद शीला देवी ने कीटनाशक दवा खा ली। घटना के बाद स्थिति बिगड़ने पर परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान देर रात्रि उसकी मौत हो गई।

### बाइक और लूना की टक्कर में एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** रमना बुलका सड़क में सिलिदाग के समीप आमने सामने दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल व्यक्ति रमना थाना क्षेत्र के टंडवा गांव निवासी किशन राम बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि वह अपने लूना से रमना से वापस घर आ रहा था इसी बीच सिलिदाग के समीप सामने से आ रहे मोटरसाइकिल सवार ने लूना में धक्का मार दिया, जिससे वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद आसपास के लोगों ने उठाकर उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### भवनाथपुर में 62वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड के तहत 62वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उच्च विद्यालय के मैदान में किया गया। मैच का उद्घाटन बीपीओ रविंद्र मेहता ने फुटबॉल को किक मारकर किया। उन्होंने इस मौके पर कहा सरकार के द्वारा इस तरह के आयोजन से गांव में छिपी प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है। आयोजन के तहत तीन मैच कराए गए। जिसमें पहला मैच परियोजना बालिका उच्च विद्यालय एवं जमा उच्च विद्यालय के बालिकाओं के बीच खेला गया। जिसमें समय पर दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर सकीं। पेनाल्टी में जमा उच्च विद्यालय की बालिका वर्ग ने तीन गोल से जीत दर्ज की। दूसरा मैच झगड़ाखांड़ उच्च विद्यालय व जमा उच्च विद्यालय बालक के बीच खेला गया। जिसमें जमा उच्च विद्यालय बालक वर्ग ने दो गोल से जीत दर्ज की। तीसरा मैच कस्तूरबा बालिका विद्यालय व जमा उच्च विद्यालय बालिका के बीच खेला गया, जिसमें जमा उच्च विद्यालय की बालिका वर्ग एक गोल से विजय हुई। इस अवसर पर वरुण सिंह, लेखापाल प्रदीप कुमार शुक्ला, धनंजय गुप्ता, राकेश वर्मा, प्रियरंजन यादव, मनोज यादव सहित सभी बीआरसी शिक्षक उपस्थित थे।


**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी**
**नया समाहरणालय भवन, ब्लॉक–C, चाईबासा रोड खूँटी, पिन – 835210**
**Email Id – deoofficekhunti@gmail.com**

**वाहन क्रय हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण।**

श्री महेश पोद्दार, माननीय सांसद (राज्य सभा) के द्वारा अपने सांसद निधि से सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर, बिनगांव कर्रा, खूँटी में एक School Bus New Star Bus SLK 59+A+DLP 812/52 के लिए अनुशंसा किया गया है, निविदादाता से सभी शुल्क TCS+Insurance+ Registration एवं कर सहित क्रय किया जाना है। वाहन क्रय हेतु निम्न मानक स्तर के कम्पनियॉ, निर्माताओं, अधिकृत एजेंसियों से अल्पकालीन मुहरबन्द निविदाएँ (Technical एवं Financial bid अलग अलग)दिनांक 31.07.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी में आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 01.08.2023 को अपराह्न 03:00 बजे उपायुक्त महोदय खूँटी के सभा कक्ष में क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

1. निविदा के साथ अग्रधन के रूप में 50000/–(पचास हजार रूपये मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जो " जिला शिक्षा पदाधिकारी खूँटी " के नाम से होगा, जिसे जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाता का वाणिज्य कर निबंधन प्रमाण पत्र, वाणिज्य कर अनापत्ति प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण पत्र, अन्य प्रासंगिक कागजात यथा पैन कार्ड/विगत तीन वर्षो का अंकेक्षण प्रतिवेदन संलग्न करने होंगे तथा पिछले वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 50 लाख का टर्न ओवर अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर वाहन आपूर्ति करना अनिवार्य होगा, उक्त के जाँचोपरान्त भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।
5. किसी निविदा को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार करने अथवा रद्द करने का अधिकार क्रय समिति के पास सुरक्षित होगा।
6. वाहन क्रय से संबंधित जानकारी खूँटी जिले के वेबसाईट khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.303110 District(23-24):D — जिला शिक्षा पदाधिकारी, खूँटी


## बैठक : उपायुक्त ने की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा, दिये निर्देश

# लंबित पीएम आवास निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करायें

**सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित कार्य में गति प्रदान कर 15 अगस्त से पूर्व प्रदर्शन में सुधार के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आज ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से 15वें वित्त, मनरेगा, आधार सीडिंग, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण, कूप निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना समेत अन्य योजनाओं की एक-एक कर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति एवं आगे की कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने एंप्लॉयमेंट जेनरेशन, 100 डेज एंप्लॉयमेंट, लंबित योजनाएं, एरिया मॉनिटरिंग, आंगनबाड़ी केंद्र, आधार एंट्री, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, स्कीम कंप्लीशन समेत अन्य की बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की समीक्षा कर उपायुक्त ने लंबित निमार्णाधीन आवास निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। बिरसा हरित ग्राम योजना एवं वीर शहिद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत खेल मैदान निर्माण की उपायुक्त ने गहन समीक्षा की। बिरसा हरित ग्राम योजना को लेकर उपायुक्त ने कहा कि गढ़वा जिला में पेयजल की समस्या बनी रहती है, जिसके निराकरण हेतु वृहद रूप से पौधरोपण काफी आवश्यक है। बिरसा हरित ग्राम योजना को सभी संबंधित पदाधिकारी गंभीरता से लेते हुए इसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में पंचायत भवन सुदृढ़ीकरण एवं पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र का संचालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रत्येक सप्ताह, दिन बुधवार को अपने-अपने क्षेत्र के पंचायत भवन का निरीक्षण करने एवं शतप्रतिशत पंचायत भवन संचालन कराने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना की भी समीक्षा कर ससमय किस्त की राशि का भुगतान लाभुकों को करने एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने योजना से संबंधित कार्य में गति प्रदान कर 15 अगस्त से पूर्व प्रदर्शन में सुधार का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने पद के अनुसार जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यों को पूर्ण करने की बात कही। बैठक में डीडीसी राजेश कुमार राय, निदेशक डीआरडीए-सह-पंचायती राज पदाधिकारी, दिनेश प्रसाद सुरीन, एसडीओ गढ़वा राज महेश्वरम, एसडीओ रंका राम नारायण सिंह, एसडीओ श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, साकेत कुमार पांडेय समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –08 वर्ष 2023–2024**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि एवं समय : दिनांकः 02.08.2023 को अपराहण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 03.08.2023 को अपराहण 3.00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः 03.08.2023 को अपराहण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of public Toilet & Drinking water facility at collectorate building khunti dist khunti for the year 2023-24. | 16,83,700.00 | 5,000.00 | 33,700.00 | 2 माह |
| 2. | Construction of RCC Drain near Circuit house khunti dist khunti for the year 2023-24. | 3,42,500.00 | 750.00 | 6,900.00 | 1 माह |

नोटः-झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्तें सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।

PR 303109 (Building) 23-24 (D)

# गांवों को राशन व पेंशन से ऊपर लाने का लक्ष्य: सुदेश महतो

**विधायक सुदेश महतो ने किया दो वाचनालय भवन और चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**


शिलान्यास के मौके पर उपस्थित विधायक सुदेश महतो व अन्य।

**राहे।** सिल्ली के आजसू विधायक व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने राहे प्रखंड के कानकट्टा गांव में सोमवार को एक वाचनालय भवन और चबूतरा निर्माण कार्य के अलावा भेलकी गांव में वाचनालय भवन का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जा रहा है। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। हमारा प्रयास जेनरेशन ग्रोथ को लेकर है। गांव को राशन और पेंशन से ऊपर लाना है। शिक्षा को लेकर स्मार्ट क्लास, निःशुल्क कोंचिंग, निःशुल्क बस सेवा, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था की जा रही है। हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से गांव की एकता को तोड़ने वाले लोगों से सावधान रहने की अपील की। इस मौके पर प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ, बीडीओ, सीओ, रंग बहादुर महतो, वीरेंद्र महतो, मनोरंजन भोक्ता, वीरेंद्र बैठा और राजू महतो आदि मौजूद थे।

# मनरेगा लोकपाल ने की प्रखंड में चल रही योजनाओं की समीक्षा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सोनाहातू।** मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल ने प्रखंड में चल रही योजनाओं काशीनाथ महली के जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण, राघव महली का सुअर शेड निर्माण आदि की समीक्षा की। सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और कनीय अभियंता को मनरेगा से संबंधित जानकारी दी गई और उन्हें अभिलेख संधारण एवं योजना सुचारू रूप से क्रियाविंत करने के साथ ही पूर्ण होने के पश्चात अभिलेख संधारित रखने संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद पंचायत गलऊ के वित्तीय वर्ष 2021-2022 एवं 2022-2023 की योजनाओं का भौतिक स्थल एवं अभिलेखों की जांच की गई।

साथ ही लाभुकों से योजनाओं से संबंधित जानकारी साझा किया गया और कुछ दिन पूर्व प्राप्त शिकायतों का सत्यापन भी किया गया, जो तथ्यपूर्ण नहीं पाए गए। लाभुकों ने बताया कि उनके द्वारा योजना में लगाए गए सामग्री का भूगतान पूर्व में ही कर दिया गया है। इस मौके पर गलऊ मुखिया, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक उपस्थित थे।

## कुछ पार्टियां अपने राजनीतिक लाभ के लिए बांग्लादेशियों-रोहिंग्या को दे रहे प्रश्रय

# आदिवासियों-मूलवासियों को यूसीसी से डरने की जरूरत नहीं : कड़िया मुडा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** भाजपा के वयोवृद्ध नेता और लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा ने कहा कि समान नागरिक संहित (यूसीसी) से आदिवासियों और मूलवासियों के साथ ही अल्पसंख्यकों को डरने की कोई जरूरत नहीं है। जब तक सीएनटी एक्ट है, तब तक उनकी जमीन कोई नहीं छीन सकता है। आठ बार खूंटी लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाल कड़िया मुंडा ने सोमवार को अपने आवास में पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि कुछ लोग बिना यूसीसी को जाने-समझे अपने निहित स्वार्थ के लिए इसका विरोध कर रहे हैं। अभी कानून बना नहीं है। विपक्ष लोकसभा में बहस कराए। लेकिन विपक्ष बहस से भाग रहा है। कड़िया मुंडा ने कहा कि यूसीसी को लागू करने के पक्ष में उच्चतम न्यायालय ने भी विचार दिया है। देश में रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमान सबसे अधिक यूसीसी का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कानून के लागू हो जाने से तीन-चार शादी करने पर रोक लग जाएगी। यूसीसी देश हित में अच्छा कानून है। कड़िया मुंडा ने कहा कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी मुसलमानों का घुसपैठ देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि कुछ पार्टियां अपने राजनीतिक लाभ के लिए उन्हें प्रश्रय दे रहे हैं।

### देखना है विपक्ष का बेमेल गठजोड़ कब तक टिकेगा

26 राजनीतिक दलों के महागठबंधन ( इंडिया) पर चर्चा करते हुए कड़िया मुंडा ने कहा कि विपक्षी दलों का बेमेल ठबंधन कब तक टिकता है, यह देखने वाली बात होगी। कहा कि अभी से मतभेद होने लगे हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान सीटों के बंटवारे को लेकर भी एक राजनीतिक दल कब तक साथ रहेंगे, कहा नहीं जा सकता, क्योंकि उनमें वैचारिक मतभेद है। उनका एकमात्र उद्देश्य मोदी को सत्ता से हटाना है। उन्होंने कहा कि 1977 में कांग्रेस को हराने के लिए अन्य सभी दलों ने चुनाव लड़ा था और इंदिरा गांधी को सत्ता से हटा दिया था। अब स्थिति यह हो गई कि प्रधानमंत्री को हटाने के लिए एक दूसरे के धुर विरोधी दल भी एक मंच पर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल भी तय नहीं कर पाया है कि प्रधानमंत्री का उम्मीदवार कौन होगा, क्योंकि राहुल गांधी, नीतीश कुमार ममता बनर्जी, शरद पवार सहित कई दावेदार हैं। वर्तमान रानीति स्थिति पर दुःख जताते हुए कड़िया मुंडा ने कहा कि पहले राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं का एक ही उद्देश्य था समाज, पार्टी और देश हित के लिए समर्पित भाव से काम करना, लेकिन आज की राजनीति पैसे कमाने का माध्यम बन गई है। लोग कमा भी रहे हैं।

# केडीएच परियोजना के रैयत विस्थापितों की समस्याओं का जल्द हो समाधान : दामोदर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा की बैठक सोमवार को केडीएच कांटा घर के समीप हुई। जिसकी अध्यक्षता दामोदर गंझू ने किया। बैठक में केडीएच परियोजना के रैयत विस्थापितों के नौकरी-मुआवजा, रोजगार सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। विस्थापित मोर्चा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्रबंधन से रैयत विस्थापितों को नौकरी-मुआवजा एवं रोजगार की व्यवस्था सहित विस्थापन की प्रक्रिया में तेजी लाने का आग्रह किया। प्रबंधन को परियोजना से जुड़े 18 गांव के रैयत विस्थापितों की रोजी-रोटी एवं रोजगार पर प्रबंधन को ध्यान देने की बात कही गयी। इस मौके पर जालिम सिंह, विनय खलखो, नरेश गंझू, प्रमुख सोनी तिग्गा, अनिता एक्का, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, दामोदर गंझू, सलामत असारी, प्रभाकर गंझू, इस्माईल असारी, सिपता गंझू, मुनेश्वर गंझू, बैजू गंझू, प्रेम साव, मनोज तुरी, दशरथ तुरी, रियाज, फिरोज असारी, अजय, किसुन गंझू, किसुन मुंडा, रामदयाल उरांव, श्याम उरांव, हैदर खान, अनूप सिंह, उदय सिंह, शिवनारायण लोहरा, हेमलाल गंझू, सोनू, चंद्रदीप, कुलदीप प्रसाद, वीरू सिंह, राजेंद्र प्रसाद, पप्पू सिंह, रामलगन मुंडा, मिलु गंझू, विकास, सोनी देवी, लालो देवी, सुनीता सिन्हा, बुधनी गंझू, रीना गंझू, कलावती देवी, ज्योति देवी, देवंती देवी, शिवंति देवी, शुक्रमनी देवी, फुलमनी, दमिया देवी, मूर्ति देवी और सुधा देवी आदि मौजूद थीं।

## उद्योगपति श्रेय गर्ग ने पद्मभूषण कड़िया मुंडा से की मुलाकात



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जानेमाने उद्योगपति और वॉक्सपोल कंपनी के निदेशक श्रेय गर्ग और समाजसेवी विश्वराम चौधरी ने सोमवार को पद्मभूषण कड़िया मुंडा से मुलाकात की और उनका कुशल क्षेम जाना। श्रेय गर्ग ने कहा कि उनकी तीन पीढ़ियों से कड़िया मुंडा के साथ आत्मीय संबंध रहे हैं। कड़िया मुडा द्वारा संचालित अस्पताल में उनके परिवार द्वारा हमेशा सहयोग किया जाता है। कोरोना संकट के दौरान भी ऑक्सीजन के लिए सहयोग दिया गया था। गर्ग ने कहा कि उनके दादा पूणार्नंद गर्ग और पिता प्रवीर गर्ग भी हमेशा कड़िया मुंडा के साथ रहे हैं और उनके सामाजिक कार्यों में सहयोग दिये है। वहीं, कड़िया मुडा ने कहा कि उन्हें राजनीति में आने के लिए पूर्णानंद गर्ग ने ही प्रेरित किया था। उन्होंने कहा कि पूरा परिवार हमेशा सामाजिक कार्यों में आगे रहता है। श्रेय गर्ग ने बताया कि एसजीवीएस अस्पताल में सभी सुविधाओं से युक्त आईसीयू वार्ड बनाया जा रहा है। वॉक्सपोल कंपनी इसमें भी सहयोग करेगी।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पिपरवार थाना में शांति समिति की बैठक में मिल-जुल कर त्योहार मनाने का निर्णय



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम त्योहार को लेकर पिपरवार थाना में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी गोविंद कुमार एवं संचालन अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो ने किया। बैठक में पुलिस पदाधिकारियों के साथ मुहर्रम समितियों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, हिन्दू संगठनों के प्रतिनिधि एवं सीसीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने उपस्थित लोगों से मुहर्रम पर आपसी सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। कहा कि मुहर्रम समितियां अपने कार्यक्रम के अनुसार विधि व्यवस्था एवं धार्मिक सद्भाव कायम रखने हुए असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी विवाद की स्थिति में क्षेत्र के गणमान्य लोगों को शामिल कर मुहर्रम समितियां विवाद का आपसी हल निकालने की कोशिश करें। विवाद होने की स्थिति में अगर किसी के घर या व्यवसायिक प्रतिष्ठान में सीसीटीवी लगा हो तो उसका फुटेज सोशल मीडिया पर ना डालें। ऐसा करने पर उनपर सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखने के लिए सभी लोगों से अपील की। कहा कि ग्रुप के एडमिन इसका ख्याल रखे की ग्रुप में कोई अफवाह या सद्भाव बिगाड़ने वाला पोस्ट ना हो। ऐसी स्थिति में एडमिन द्वारा तुरंत इसे डिलीट किया जाए। बैठक में उपस्थित लोगों में थाना प्रभारी गोविंद कुमार, अवर निरीक्षक रूपेश कुमार महतो, दिलीप कुमार बास्की, टिकवानंद भगत, सीसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतो, मोहम्मद कासिम उर्फ मुन्ना, इकबाल हुसैन, कुद्दुस अंसारी, सलीम जावेद, इदरीस अंसारी, आशिक अली, गीता एक्का, मुंद्रिका प्रसाद, बिनोद सिंह, कमला महतो, मोहम्मद निजाम, राधा देवी,किरन देवी सरिता देवी, रीना देवी, गणेश भुंईया, आशिक, धीरेंद्र शर्मा, रोशन पाण्डेय, मोहम्मद खुर्शीद, लक्ष्मण कुमार, कृष्णा यादव, उमेश मेहता आदि उपस्थित थे।

## रेल अभियान के तहत छात्र-छात्राओं का किया गया मूल्यांकन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीसी शशि रंजन के निर्देश पर जिला में रेल अभियान का संचालन किया जा रहा है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और उनके अधिगम स्तर में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त कराने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट रेलवे के अंतर्गत मुरहू प्रखंड के उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं विषय के शिक्षकों, संबंधित प्रखण्ड एवं संकुल साधनसेवी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को आदर्श विद्यालय के सभागार में किया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को बताया गया कि अगस्त से प्रोजेक्ट रेल के तहत पढ़ाये गये सिलेबस के आधार पर बच्चों का मूल्यांकन वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अनुसार किया जायेगा। कार्यशाला में अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी एमजीएनएफ संजना पात्रो आदि उपस्थित थे।

# दो दिवसीय गीता का रहस्य भागवत कथा का समापन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन के तत्वावधान में स्थानीय नगर भवन में आयोजित दो दिवसीय गीता का रहस्य भागवत कथा का सोमवार को समापन समारोह हुआ। भोपाल के इस्कॉन से आए कथा वाचक वैष्णव दास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से प्रेममय संबंध को छोड़कर जीव इस जगत में प्रेम ढूंढ रहा है, लेकिन वास्तविकता यह है कि यहां एक पति भी अपनी पत्नी से प्रेम नहीं करता है और पत्नी भी अपने पति से प्रेम नहीं करती। हर कोई अपनी इंद्रियों के लिए मनोरंजन ढूंढ रहा है। जैसे एक रेशम का कीड़ा रेशम बांधते हुए अपने आपको उसी धागे के अंदर बांध लेता है और मृत्यु को प्राप्त होता है, उसी प्रकार जीव अपनी इंद्रियों के लिए इस तरह पागल हो चुका हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन को व्यर्थ गंवा रहा है। आज कलयुग में नर्क भी हाउसफुल है। लोगों को सोचना चाहिए कि वहां जगह नहीं है। इसलिए सभी मनुष्यों से अनुरोध हैं किस मानव जीवन का लाभ उठाएं और जन्म-मृत्यु के सागर को जानने के रास्ते पर आगे बढ़े। इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार और समाजसेवी रोशनलाल भटिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शुक्रामृत दास ने किया।

## खलारी थाना में मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में मुहर्रम त्योहार को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने की। बैठक में सर्वसम्मति से 29 जुलाई को मुहर्रम का त्योहार शांति एवं सौहादपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर फरीद आलम ने कहा कि क्षेत्र में सभी समुदाय के लोगों को शांति व्यवस्था को कायम रखना है। इसके अलावा सोशल मीडिया सहित शरारती तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। कहा कि सोशल मीडिया पर जाति-धर्म से संबंधित किसी भी प्रकार के भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने किसी भी आफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात करते हुए स्थानीय पुलिस को तत्काल सूचना देने की अपील की। वहीं विधायक प्रतिनिधी श्याम सुन्दर सिंह कहा कि अनेकता में एकता का प्रतीक माने जाना वाला खलारी क्षेत्र में सभी जाति धर्म के लोग आपसी भाईचारगी के साथ सभी त्योहार मनाते आ रहे हैं। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। बैठक को धीरेंद्र प्रसाद, मजहर आलम, असर्फी राम, तनवीर आलम, जफरूद्दीन अंसारी, कृष्णा चौहान आदि ने भी संबोधित किया। अंत में शहीद चौक में मुर्गे व मछली सहित अन्य दुकानों का पानी सड़क पर बहाकर गंदगी फैलाने को लेकर चर्चा की गयी। इस पर थाना प्रभारी ने सभी को नोटिस देकर इसे बंद कराने का आश्वासन दिया। बैठक में खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा, तनवीर आलम, जहीर अंसारी, विक्की सिंह, सदीक अंसारी, आनन्द सिंह, कार्तिक कुमार पांडे, मो अरसद, मनोज यादव, शंकर बड़ाईक, पृथ्वी सिंह, कुंदन साव, मो.खालिद, सलामत अंसारी, रामप्रीत यादव, जुल्फिकार, मो मुस्तफा, अनिल गुप्ता, रमेश चौहान आदि थे।

## राकोमयू ने किया कार्मिक प्रबंधक का स्वागत



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार परियोजना के नए शाखा प्रबंधक शिशिर गर्ग का राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (राकोमयू) पिपरवार एरिया कमेटी की ओर से स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार यूनियन के लोगों ने बुके देकर उनका परियोजना कार्यालय में स्वागत किया। इस दौरान यूनियन की ओर से कोयला कामगारों से संबंधित कई समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। साथ ही इसके समाधान की मांग की। इधर, कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग ने समस्याओं के समाधान करने का यूनियन को भरोसा दिलाया। ज्ञात हो कि अशोक परियोजना में पदस्थापित कार्मिक प्रबंधक शिशिर गर्ग का तबादला पिपरवार परियोजना में किया गया है, जबकि पिपरवार परियोजना में पदस्थापित कार्मिक प्रबंधक सोमित सेनापति का तबादला अशोक परजिनों में किया गया है। इस मौके पर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष केके चतुर्वेदी, क्षेत्रीय सचिव भीम प्रसाद मेहता, लखन साव, कृष्ण मुरारी दूबे, श्याम सुंदर महतो, कमलेश प्रसाद महतो, अर्जुन मिस्त्री, सुशांत नायक, एसएन चौधरी, नरेंद्र कुमार, रामटहल महतो, सुनील दूबे, राणा प्रताप सिंह, जगन्नाथ मिस्त्री, विपिन कुमार, राज कुमार, भोला नाथ सिंह आदि थे।

## हजारों भक्तों ने किया बाबा का जलाभिषेक

# बोल बम के नारों से गूंजा बाबा आम्रेश्वर धाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**खूंटी।** वर्षों बाद पवित्र सावन महीने के मध्य में लगे पुरुषोत्तम मास (मलमास) की तीसरी सोमवारी को क्षेत्र के प्रसिद्ध बाबा आम्रेश्वर धाम अंगराबारी के पवित्र स्वयंभू शिवलिंग में हजारों भक्तों ने जलाभिषेक किया। बाबा आम्रेश्वर धाम में जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए रविवार रात से ही श्रद्धालु यहां पहुंचने लगे थे। देर रात से ही यहां मुख्य मंदिर के प्रवेश द्वार पर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गई थी। तड़के 3.30 बजे जैसे ही मुख्य मंदिर और अन्य मंदिरों के पट खुले, पूरा वातावरण बोल बम और हर-हर महादेव के नारों से गुंजायमान हो उठा। मंदिर परिसर में शांति और सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस के जवान और प्रबंध समिति के सदस्य व्यवस्था संभालते हुए भक्तों को कतारबद्ध मंदिर में प्रवेश कराते रहे। पुलिस प्रशासन के साथ ही बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अधिकारी और सदस्य भी दिन भर सक्रिय रहे। पूजा-अर्चना के बाद दूर दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने धाम परिसर में लगे श्रावणी मेला का आनंद उठाया। जलाभिषेक के लिए आनेवाले भक्तों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसे ध्यान में रखकर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के अध्यक्ष लाल ज्ञानेंद्र नाथ शाहदेव, महामंत्री मनोज कुमार के अलावा उपाध्यक्ष रमेश मांझी, कोषाध्यक्ष संतोष पोद्दार, श्रीपाल जैन, सुखदेव भगत, उपेंद्र कश्यप, महेंद्र भगत, आनंद वर्मा, जमुना प्रसाद, प्रेमचंद महतो, सत्यजीत कुंडू, अरुण कर, राजू भगत, जगदीश शर्मा आदि प्रबंध समिति के पदाधिकारी व सदस्य पूरे दिन धाम परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्था की निगरानी करते रहे। दूसरी ओर शहर के पुरातन महादेव मंडा सहित अन्य शिवालयों में भी जलाभिषेक व पूजन अर्चन के लिए सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कर्रा प्रखंड के चांपी दिवरी पतरा स्थित स्वयंभू शिवलिंग में भी शांतिपूर्ण वातावरण में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की।

## बहेरा में 31 जुलाई को होगी मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** बहेरा कर्बला मैदान में सोमवार को बहेरा अंजुमन और नौजवान कमेटी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन फहीम रजा व खुर्शीद आलम ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में इस वर्ष भी बहेरा में मुहर्रम मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से 31 जुलाई को मुहर्रम सद्भावना मेला सह लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने पर सहमति बनी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, उपाध्यक्ष मो जुलफान, सचिव वसीम रजा, उपसचिव नौशाद आलम, खुर्शीद आलम, कोषाध्यक्ष मो गुड्डे और मो सद्दाम को बनाया गया। इसके अलावा इरफान आलम, मो असगर, मो नदीम, मो आजाद, मो प्रिंस, मो सजल, मो मोहसिन, राजा, समीर, छोटन, मुमताज, इमरोज, अफरोज सहित कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## आजसू ने रांची के नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत स्थित बड़ा तालाब के किनारे बन रहे वेंडर मार्केट में संवेदक द्वारा बरती जा रहे अनियमितता को लेकर सोमवार को आजसू के रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में रांची के नगर विकास सचिव, डीसी और बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि जिस जगह पर वेंडर मार्केट बन रहा है वहां पूर्व में एक तालाब था। जिसे बुंडू नगर पंचायत की ओर से कचरे से भरा गया। जिसमें अधिकांश प्लास्टिक की मात्रा है। संवेदक द्वारा मात्र 2 फीट गड्ढा कर वेंडर मार्केट की नींव रखी गई, जो सरासर गलत है। जबकि नींव के लिए सख्त मिट्टी की जरूरत होती है। नींव कमजोर होने से भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। जिससे जान-माल की क्षति होगी। प्रतिनिधियों ने प्रशासन से इसकी जांच के साथ ही कार्रवाई की मांग की गयी है।

## अनगड़ा में विधायक राजेश कच्छप ने सड़क जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सोमवार को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत रांची पुरूलिया रोड से बेड़वारी हेसल तक स्वीकृत पथ के विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने की जिम्मेवारी ग्रामीणों की है। ग्रामीण अपनी देखरेख में सड़क का निर्माण कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि गुणवता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। कार्य में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर संवेदक के साथ-साथ संबंधित अभियंता के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, मुखिया सरिता तिर्की, दुर्गा पहान, उपमुखिया विमला चौधरी, पंसस कृष्णा महतो, पूर्व जिप सदस्य रंथा महली, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो, शिवदास गोस्वामी, नरेश साहू, उमेश बड़ाईक, सिकंदर अंसारी, साकीर अंसारी, जितेन्द्र महतो, सफीक अंसारी, रामपोदो महतो, अनिता देवी, धर्मेन्द्र सिंह, दशरथ पहान, समीम खान, सतीश महतो, बाली महली, रब्बानी राज, इरफान अंसारी, इम्तियाज अंसारी, दयाल महतो आदि मौजूद थे।

## गरुड़ फॉल शिवधाम स्थित नवनिर्मित मंदिर की हुई छत ढलाई, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने दिया सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्राकृतिक सौंदर्यता से परिपूर्ण प्रखंड के बोंगईबेड़ा पंचायत अंतर्गत गरूड़ फॉल शिवधाम स्थल पर सोमवार को ग्रामीणों ने आस्था से ओतप्रोत श्रमदान से नवनिर्मित शिव मंदिर की छत की ढलाई कार्य को संपन्न किया। इस ढलाई कार्य में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा सहयोग किया। ढलाई से पहले विधिवत पूजा-अर्चना की गयी। पूजा अर्चना के बाद बतौर अतिथि प्रणय कुमार सिन्हा, पंसस संज्योति देवी, समाजसेवी जगेश्वर महतो, धनीराम महतो, लक्ष्मी दीदी आदि ने नारियल फोड़कर और पहली कढ़ाई उठाकर ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। मौके पर पंसस संज्योति देवी ने कहा कि गरुड़ फॉल शिवधाम प्राकृतिक रूप से काफी मनोरम है। जंगल और पहाड़ों की गोद में अवस्थित यह स्थल आने वाले समय में पर्यटकों को आकर्षित करेगा। श्रमदान में महेश्वर महतो, रूपचंद भोगता, मनोज गंझू, कंचन गंझू, राजू चौधरी, राजेश चौधरी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष शामिल हुए।

## रातू में सोना-चांदी साफ करने के बहाने ढाई लाख के जेवरात ले भागे चोर

**रातू (आजाद सिपीह)।** सोना-चांदी साफ करने के बहाने दो ठगों ने सोमवार को रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत झिरी आंनद नगर के रहने वाले हरिश्चंद्र वर्मा की पत्नी किरण देवी व पड़ोसी पिंकी देवी की जेवरात की ठगी कर फरार हो गये। पीड़िता किरण देवी का कहना है कि सोमवार की दोपहर करीब 1:30 बजे एक लाल रंग की पल्सर बाइक में सवार दो लोग उसके आवास में बर्तन साफ करने के बहाने पहुंचे। सोना-चांदी चमकाने के बहाने दोनों बदमाशों ने महिलाओं को अपनी बातों में फंसा कर केमिकल से बर्तन साफ करने के लिए जेवरात निकालने को कहा। महिलाएं जब जेवर लेकर बाहर आयीं तो ठगों ने एक कटोरा में केमिकल डाल गर्म पानी लाने को कहा। जैसे ही किरण देवी गर्म पानी लाने घर के अंदर गयीं दोनों ठग सोने का मंगल सूत्र, दो जोड़ी कान की बाली, सोने की एक अंगूठी, तीन जितिया और टॉप लेकर रफू-चक्कर हो गये। जब वह बाहर निकलीं, तो उनके होश उड़ गये। हालांकि, समीप की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में उनकी तस्वीर कैद हो गयी है। जेवरात की अनुमानित कीमत लगभग ढाई लाख रुपये बतायी जा रही है। मामले को लेकर पीड़िता की ओर से रातू थाने में दो अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर ठगों की तलाश में जुट गई है।

## शिक्षक ने तीन छात्राओं के साथ स्कूल में की अश्लील हरकत

**कांके (आजाद सिपाही)।** निश्चल मेमोरियल हाई स्कूल पिठोरिया में अध्ययनरत तीन छात्राओं के साथ स्कूल के शिक्षक रंथू मिश्रा उर्फ जगन्नाथ मिश्रा के खिलाफ तीन छात्राओं के पिता ने पिठोरिया थाने में आवेदन देकर शिक्षक पर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा है कि स्कूल के शिक्षक रंथू मिश्रा द्वारा हमारी पुत्रियों के साथ पिछले कई दिनों से शरीर पर हाथ रखकर छेड़खानी और अश्लील हरकत की जा रही है। जिससे छात्राएं डरी हुई हैं और स्कूल जाना नहीं चाहती हैं। इसलिए पढ़ाई कर रही हमारी बेटियां निर्भीक होकर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें, इसलिए शिक्षक पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए। शिक्षक रंथू मिश्रा के खिलाफ पिठोरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी पिठोरिया ने कहा कि आवेदन मिला है, इसकी जांच की जा रही है। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई होगी। बताते चलें कि तीनों छात्राएं राड़हा पंचायत के सुदूरवर्ती गांवों से पढ़ने आती हैं।

## सावन मिलन समारोह का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सूर्य नगर लालगंज टाटीसिल्वे की ओर से सोमवार को सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह के आवास पर श्रावण महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हरा वस्त्र पहन कर महिलाओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा बंगाली और भोजपुरी गीत गाये गये। आशा सिंह और डेजी सिंह के द्वारा नृत्य नाटिका एवं गायत्री देवी और उर्मिला देवी के द्वारा गणेश वंदना, कजरी एवं सावन के मनभावन गीत गाए गये। इस अवसर पर आशा सिंह, डेजी सिंह, गायत्री देवी, उर्मिला देवी, सावित्री मिश्रा, उषा शर्मा, सीता देवी, सावित्री देवी, चंचला देवी, चंपा देवी, दुर्गा देवी, रिंकू देवी, गुड़िया देवी, प्रतिभा मिश्रा के साथ अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।

## सीआइटी के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के पांच विद्यार्थियों का कैंपस सिलेक्शन शिक्षा जगत से जुड़ी दो नामचीन कंपनियों ने किया। नोएडा की कंपनी वाईहिल्स एडुटेक प्रा.लि में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विद्यार्थी कुमारी निकिता, सानिया राज सिन्हा, आशुतोष तिवारी व इसीइ ब्रांच की कस्तूरी पल्लवी का चयन किया गया है, जबकि बैंग्लोर की कंपनी विंस्पार्क इनोवेशन लर्निंग प्रा.लि में सीएसइ ब्रांच के मोजामिल साहब का चयन किया गया है। इनका चयन बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट के पद पर किया गया है। टीएनपी प्रो. इंचार्ज डॉ केपी दत्ता ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को सात लाख का सालाना पैकेज मिलेगा। सभी सफल विद्यार्थियों को प्रभारी प्राचार्य प्रो. अर्शद उष्मानी ने बधाई दी है।

**कार्यक्रम :** भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत बाइक रैली व नुक्कड़ नाटक

# पीएम मोदी के कार्यकाल में वापस लौटा देश का गौरव : गंगोत्री कुजूर

**नौ वर्षों में केंद्र सरकार की उपलब्धियां अद्वितीय हैं : सन्नी टोप्पो**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं : राकेश भगत**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के सफलतम नौ वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महाजनसंपर्क अभियान के तहत नरकोपी व बेड़ो मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। बाइक रैली का शुभारंभ मांडर की पूर्व विधायक सह भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत व भाजपा के युवा नेता सन्नी टोप्पो की अगुवाई में किया गया। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली निकालकर केंद्र सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। इस दौरान नेताओं ने आमजन को केंद्र की मोदी सरकार की नौ साल की जनहितैषी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही पत्रकों का वितरण कर योजनाओं की जानकारी दी। इससे पूर्व ऐतिहासिक मुड़हर पहाड़ मंदिर में पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद बाइक रैली में शामिल कार्यकर्ता नरकोपी, सेरो, मुरतो टेरो महुंगांव होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां बाइक रैली का समापन किया गया। वहीं लोहरदगा व गुमला रोड में नुक्कड़ नाटक के द्वारा केंद्र सरकार की योजनाओं का जिक्र किया गया।

मौके पर पूर्व विधायक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश का खोया गौरव वापस लौटा है। उन्होंने कहा मजबूत इच्छा से शक्ति समृद्धशाली भारत की कल्पना को साकार करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश ही नहीं पूरा विश्व गर्व कर रहा है। आज गरीबी को करीब से देखने वाले प्रधानमंत्री ने गरीबों, पीड़ितों व कमजोर वर्ग को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। भ्रष्टाचार मुक्त, विकास युक्त भारत का सपना आज साकार हुआ है। राकेश भगत ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ साल में देश-प्रदेश बदल रहा है। मोदी सरकार के कामों को हम जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

वहीं सन्नी टोप्पो ने कहा नौ वर्षों में केंद्र सरकार की उपलब्धियां अद्वितीय हैं। गरीबों के कल्याण की योजनाओं और विश्व स्तरीय ढांचागत विकास से लेकर अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक प्रगति और भारत के लिए वैश्विक सम्मान स्थापित किए हैं। जिससे हर भारतीय गर्व से अपना सिर ऊंचा कर सके। मौके पर राजीव रंजन अधिकारी, बलराम सिंह, राजेश साहू, सुखदेव कच्छप, सुखदेव उरांव, भीखा उरांव, जतरु उरांव, महादेव कुजूर, रंजन गुप्ता, प्रकाश साहू, ज्ञान सिंह, नारायण महली, लाल सत्यप्रकाश, आदित्य ताम्रकार, तेजू दास सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भोजन में मोटे अनाज को शामिल कर हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं : आरती कुजूर

**मिलेट उत्सव के अवसर पर मदर जीरामणी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**नामकुम।** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से मिलेट उत्सव के अवसर पर सोमवार को मदर जीरामणी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज गूंजा ओरमांझी में एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ नाजिश नाज ने की। गोष्ठी में ट्रेनिंग कॉलेज के शिक्षक, नॉन टीचिंग स्टाफ, स्टूडेंट्स उपस्थित थे। कार्यक्रम में आये अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज और मांदर की थाप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये गोष्ठी की मुख्य वक्ता सह भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से इस वर्ष को पूरी दुनिया में मिलेट वर्ष घोषित किया गया है। आज के इस व्यस्तता भरे समय में अपनी सेहत पर ध्यान देना जरूरी होता है, पर हम ध्यान नहीं दे पाते हैं। अपने खान-पान का तरीका और उसमें मोटे अनाज को शामिल करके आज हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं और अपने बच्चों को भी स्वस्थ रख पाएंगे। क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। कहा कि सभी लोग भविष्य में अच्छे शिक्षक बनेंगे। अपने अपने कार्यक्षेत्र में तो मोटा अनाज के सेवन की बात करें ही किंतु अपने गृह जिला में भी मोटे अनाज का सेवन और उत्पादन में ध्यान देंगे। आज लोग कई तरह की गंभीर बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं और ऐसी स्थिति में लोग पुनः मोटे अनाज का सेवन करने की ओर मुड़ रहे हैं। किंतु हमें इसके उत्पादन पर ज्यादा ध्यान देना है।

विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमर नाथ चौधरी ने कहा कि आज हम सभी को मोटे अनाज का सेवन करना चाहिये। साथ ही इसका उत्पादन करने वालों को सम्मानित करना चाहिये। आज हमारी पुरानी परंपरा लुप्त हो रही है इसे बचाने और बढ़ावा देने की जरूरत है।

गोष्ठी को महामंत्री मंजुलता दुबे, कार्यक्रम प्रभारी जयश्री इंदवार, कार्यसमिति सदस्य अंजली लकड़ा, सुजीत सिन्हा, सोनी हेमरोम, रेखा महतो, दिलीप मेहता, राजेंद्र चौधरी, नरेश साहू, धनीराम महतो ने संबोधित किया। कार्यकम में दीपा चौरसिया, डॉ नीलम सिंह, राखी कुमारी, आरके साहू, आर्यन कुमार, जितेंद्र सिंह, मुबारक अंसारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पांच दिवसीय छात्र विकास संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** वाईबीएन विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी और स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज के सहयोग से पांच दिवसीय छात्र विकास कार्यक्रम संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास का शुभारंभ सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर एवं अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

मौके पर डॉ आरती गुप्ता डीन सह एसओएएच ने कहा कि हर व्यक्ति जन्म से अनूठा है। सभी में कुछ विशेष ऐसा होता है जो हमें औरों से अलग करता है। यही विशेषताएं तय करती हैं कि हम कौन है और किस परिस्थिति में किस तरह व्यवहार करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन टीम में डॉ. आशीष सरकार निदेशक, आईक्यूएसी, डीन स्कूल ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज डॉ आरती गुप्ता एवं डॉ. अर्पणा शर्मा डीएसडब्ल्यू सह एसोसिएट डीन, एसओएजी एंड एएच थी। वक्ताओं में डॉ आरती गुप्ता डीन, एसओएएच, वाईबीएनयू, डॉ प्रियंका मिश्रा अंग्रेजी विभाग एवं डॉ. एस.आर. हैदर अंग्रेजी विभाग वाईबीएनयू से थे। कार्यक्रम में वाईबीएन विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ रामजी यादव, कुलपति डॉ एसपी यादव, डॉ आशीष सरकार निदेशक, आईक्यूएसी, डीन एसओएएच डॉ आरती गुप्ता एवं डॉ अर्पणा शर्मा डीएसडब्ल्यू सह एसोसिएट डीन एवं सभी संकाय के डीन और एचओडी सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

**बैठक :** पिस्का-लोधमा बाईपास रेलवे लाइन परियोजना को लेकर प्रभावित रैयतों व अधिकारियों की आमसभा आयोजित

# प्रभावित सैकड़ों रैयतों ने कम मुआवजा राशि का किया विरोध

**रैयतों ने कहा- वर्तमान जमीन दर के हिसाब से मुआवजा राशि दी जाये अन्यथा इस योजना का करेंगे पुरजोर विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के कुदलोंग पंचायत भवन में सोमवार को पिस्का-लोधमा बाईपास रेलवे लाईन परियोजना को लेकर बाईपास रेलवे लाईन से प्रभावित गांव कुदलौंग, बलालोंग बारीडीह, सेम्बो, सिंगपुर, गांव के सैकड़ों ग्रामीण रैयत, जनप्रतिनिधि, भूअर्जन विभाग, रेलवे अधिकारी और नगड़ी सीओ के साथ अंचल की टीम की उपस्थिति में आम सभा आयोजित की गई। बैठक में रेलवे के अधिकारियों ने रेल लाइन के संबंध में रैयतों के मुआवाजा की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित रैयतों ने विकास कार्य में सहयोग देने का आश्वासन दिया, पर सभी लोगों ने कम मुआवजा मिलने का पुरजोर विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे विभाग द्वारा जो जमीन ली जा रही है उसकी राशि बहुत कम है। हमें वर्तमान जमीन दर के हिसाब से मुआवजा राशि दी जाए अन्यथा रैयत इस योजना का पुरजोर विरोध करेंगे। मौके पर उपस्थित नगड़ी सीओ संतोष कुमार शुक्ला ने कहा कि आपकी मांग के संबंध में जिला के वरीय अधिकारियों और रेल विभाग को सूचना दे दी जाएगी। आप विकास कार्य में सहयोग करें प्रशासन आपके साथ है। मौके पर उपस्थित कुदलोंग पंचायत की मुखिया मंजू लिंडा और बलालोंग मुखिया शंकर उरांव ने कहा कि ग्रामीणों की जीविका का मुख्य साधन यही खेत खलिहान हैं। अगर यह खेत खलिहान को रेलवे विभाग ले रहा है तो उसका उचित मुआवजा दे तो ग्रामीण रैयतों को राहत मिलेगी। मौके पर भूअर्जन विभाग एवं रेलवे के अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपकी मांग को हम अपने वरीय अधिकारियों के समक्ष रखेंगे।

आमसभा का संचालन कुदलोंग पंचायत के पूर्व मुखिया जीतू लिंडा ने किया। मौके पर नगड़ी अंचल निरीक्षक रूद्ध प्रसाद साहू, बलालोंग पंचायत मुखिया शंकर उरांव, अमित कुमार गुप्ता, अशी कुमारी, राम कुमार महतो, गोपाल मंडल, रवि रोशन, राजेश उरांव, बुधवा उरांव, घसिया उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## मुहर्रम पर्व को लेकर मांडर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना परिसर मे सोमवार को मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक बीडीओ सुलेमान मुंडरी की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही विभिन्न गांव से आये मुहर्रम कमेटी लोगों को जुलूस पर नियंत्रण रखने एवं निर्धारित मार्ग से जुलूस निकालने की सलाह दी गई। मौके पर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, सीओ विजय हेमराज खलखो, मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, बाबू पाठक, रामबालक ठाकुर, मजीबूल अंसारी, मासूक अली, शमीम अख्तर आजाद, आबिद अंसारी, तस्लीम अंसारी, सोहर अंसारी, अजहर अंसारी, जमील अंसारी उर्फ चरकु, समीम अंसारी, हसन अंसारी, साकिर इस्लाही, सावित्री उरांव, आलम अंसारी, वीरेन सेन, तहारत अंसारी, अमानत अंसारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## मुहर्रम को लेकर ओरमांझी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम पर्व को लेकर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की अध्यक्षता में थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सम्प्रदाय के लोगों ने भाग लिया। समाज के सभी सम्प्रदाय के बुद्धिजीवियों ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्रमुख अनुपमा देवी, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, पूर्व उप प्रमुख लालू उर्फ जयगोविंद साहू, पूर्व उप प्रमुख मुन्तज़िर अहमद रजा, समाजसेवी सत्तार अंसारी, कुद्दूस अंसारी, इम्तियाज ओहदार, सुनिल उरांव, शिवनाथ मुंडा, मनेशर महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## लापुंग में युवक को गोली मारी, रिम्स रेफर

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग थाना क्षेत्र के पोला निवासी 32 वर्षीय युवक जितेंद्र उरांव को सोमवार की रात गोली मार दी गई। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जितेंद्र उरांव घर के बाहर बैठा हुआ था इसी दौरान दो लोग आये और दो गोली चलाई जिसमें एक गोली युवक के सिर में लगी और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद लापुंग थाना पुलिस ने स्वजन व आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। इस दौरान स्वजनों ने पुलिस को बताया कि गांव के ही दो लोगों ने जितेंद्र उरांव को गोली मारी है। वहीं पुलिस पोला गांव पहुंचकर छापेमारी कर रही है।

## आरटीसी कॉलेज ने कैंसर जागरूकता रैली सह सेमिनार का किया आयोजन




**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** आरटीसी कालेज दड़दाग के द्वारा कैंसर जागरुकता निकाली गई। यह रैली कॉलेज कैंपस से निकलकर शास्त्री चौक दड़दाग होते हुए वापस कॉलेज पहुंची। कॉलेज के विवेकानंद सभागार में कैंसर जागरूकता से संबंधित सेमिनार का आयोजन किया गया। सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को क्यूरी कैंसर अस्पताल इरबा के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ आफताब आलम के द्वारा कैंसर की पहचान और बचाव के उपाय बताये गये। डॉ सतीश कुमार शर्मा द्वारा भी कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव पर प्रकाश डाला गया। सेमिनार का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। सेमिनार में चिकित्सकों संग देवाशीष रॉय, डॉ पीएन महतो, डॉ भीम महतो, सभी प्रोफेसर, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे। सेमिनार का संचालन प्रो. राम कुमार महतो द्वारा किया गया।

## मणिपुर हिंसा के विरोध में नगड़ी में आदिवासी संगठनों ने केंद्र और मणिपुर सरकार का पुतला फूंका

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** मणिपुर में आदिवासी महिलाओं पर हुए अत्याचार और हिंसा के खिलाफ सोमवार को नगड़ी के आदिवासी 21 पड़हा, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ और राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ पैदल विरोध मार्च निकालकर केंद्र और मणिपुर सरकार का पुतला दहन किया गया। सभी आदिवासी संगठन के लोग नारो बाजार में इकट्ठा होकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए चेकनाका में पुतला दहन किया। लोगों का कहना है कि मणिपुर के आदिवासियों को न्याय मिलना चाहिये। आदिवासी विरोधी कानून को वापस लिया जाये। पुतला दहन कार्यक्रम में क्षेत्र के दर्जनों आदिवासी नेता शामिल हुए।

## बेड़ो में मणिपुर की घटना के खिलाफ आदिवासी समुदाय ने किया विरोध-प्रदर्शन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** महावीर चौक बेड़ो में सोमवार को मणिपुर की घटना के खिलाफ आदिवासी समुदाय व ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान समाजसेवी देवनीश तिग्गा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जुलूस निकाला। साथ ही मणिपुर सरकार का पुतला दहन किया गया। जुलूस प्रखंड मुख्यालय से शुरू हुआ। इस दौरान लोगों ने मणिपुर सरकार विरोधी नारे लगाए। इधर जुलूस महावीर चौक, थाना गेट, जिला परिषद, बाजार टांड़, देवी मंडप होते हुए पोस्ट ऑफिस से वापस महावीर चौक पर पहुंचकर नुक्कड़ सभा में बदल गया। इस दौरान मणिपुर सरकार का पुतला दहन किया गया। मौके पर करमा उरांव उपप्रमुख मोद्दसिर हक, देवनीश तिग्गा, नवल किशोर सिंह, रमेश उरांव, जुलिया मिंज, सेलवेस्टर तिर्की, बिरसु उरांव, मो शमसाद, विरेन्द्र उरांव, अकबर अंसारी, मुन्ना मलिक, रूस्तम अंसारी व सोमरा लोहरा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## लोकतंत्र की मजबूती संगठन की ताकत से है : अविनाश देव



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। लोकतंत्र के बड़े मंदिर में लोकतांत्रिक मूल्यों की हिफ़ात के लिए चुनावी सियासत शुरू हो गयी है। आवाम के मतदान पर सियासत की शक्ति है। नहीं तो एक मत के लिए प्रधानमंत्री की कुर्सी चली गई थी। आवाम के मत के लिए केंद्र में गठबंधन जारी है। हमारे शहरों में नेताओं की बैठकें चल रही है। कुछ ही महीनों में चुनावी अश्वमेध के घोड़े जनता के चौकट पर दस्तक देंगे। जिनकी जैसी शक्ति होगी वैसी सवारी करेंगे। इसीलिए माटीकला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने पांकी प्रखण्ड सगालिम सन साइन पब्लिक स्कूल के प्रशाल में झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। संगठन में चट्टानी एकता, आपसी फूट से बचने, समन्वय बनाकर सलाहियत से काम करने, झांसा में न पड़ने, अपने अंतिम निर्णय हेड क्वार्टर में छोड़ने, छोटी-छोटी बातों से बचने, जनता के बीच जाने, एवं कोष संग्रह के लिए भिक्षाटन करने पर बल दिया। इस कार्य के लिए जिला कमेटी से भी मदद ले सकते हैं। बैठक में प्रमुखता से पलामू जिला कमेटी के अध्यक्ष अविनाश देव, सचिव प्रदीप नारायण, कोषाध्यक्ष ललन प्रजापति व जिला युवाध्यक्ष प्रमेंद्र प्रजापति, संदीप प्रजापति सहित कमेटी के सदस्य संतोष प्रजापति और भुनेश भी मौजूद थे। पांकी प्रखण्ड से अनिरुद्ध प्रजापति, ईश्वरी प्रजापति, श्यामनारायण प्रजापति, राजेश प्रजापति, संजीत प्रजापति, संजय प्रजापति, कमलेश प्रजापति, सुधीर प्रजापति, शंभु प्रजापति सहित दर्जनों कोर कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## अभिमन्यु सिंह डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष और उदय यादव बने सचिव



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पंच सरोवर मंदिर परिसर में सोमवार को फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के जनवितरण प्रणाली व स्वयं सहायता समूह के दुकानदार शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अर्जुन मेहता ने की। बैठक में जनवितरण प्रणाली डीलरो की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। साथ ही सर्वसम्मति से संगठन का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष अभिमन्यु सिंह, उपाध्यक्ष मिथिलेश राम, विजय कुशवाहा, उमेश पासी, महासचिव विमलेश कुमार कश्यप, सचिव उदय प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष जमील अहमद, मीडिया प्रभारी प्रवीन चौधरी, ललन पासवान, रमेश कुमार, रजनीश सिंह, रविंद्र सिंह, अजीत चौधरी, भोला राम, इरफान अंसारी, जितेंद्र सिंह, अजमल अंसारी, अरविंद विश्वकर्मा के अलावा विशेष आमंत्रित सदस्य रामजन्म सिंह, सूर्यनाथ राम, नरेश प्रसाद व अजित कुमार को बनाया गया।

## बाइक के धक्के से युवक की मौत, एक गंभीर


नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के पांकी मेदिनीनगर-मुख्य पथ पर राजोगाडी में बाइक के धक्के से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे लेस्लीगंज सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर रेफर कर दिया। युवक की स्थिति गंभीर देखते हुए मेदिनीनगर से रांची रेफर किया गया। पर रांची जाने के क्रम में युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान मुकेश मिश्रा (35) के रूप में हुई है। वह राजोगाड़ी का रहने वाला था। वहीं बाइक चालक को भी गंभीर रूप से चोट लगी है। इस घटना से गांव में मातम पसरा है। मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मुहर्रम को लेकर हुसैनाबाद थाना में शांति समिति की बैठक, अफवाहों को नजरअंजाद करने की अपील



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। मुहर्रम पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण मनाने को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में सोमवार को बैठक हुई। जिसका अध्यक्षता बीडीओ रतन कुमार ने की। इसमें समाजसेवी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, थाना प्रभारी जगरनाथ धान, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रतिनिधि हसनैन जैदी, मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दिकी सहित क्षेत्र के अन्य प्रबुद्ध लोग शामिल हुए। बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर चर्चा की गई। बीडीओ रतन कुमार ने आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि मुहर्रम शांति व सौहार्द का प्रतीक है। जबकि थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान किसी तरह के व्यवधान पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, बजरंग दल के आलोक केशरी, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, मुखिया पति बिमलेश पासवान, अशोक यादव, वार्ड पार्षद सुहैल आलम और उदय सोनी आदि थे।

## प्रखंड स्तरीय मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का हुआ गठन,आजम सिद्दीकी बने सदर



विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर नगर परिषद के दर्जी मुहल्ला में सोमवार को बैठक हुई। जिसमें विश्रामपुर, डीहरिया, झगरुआ, उरसुला, पांडेपुर, कविलाश और निमिटाड़ी आदि दर्जनों गांव के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर इस्माइल खलीफा ने किया। बैठक में मुहर्रम धूमधाम से मनाने व इसबार भव्य जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। जुलूस के सफल आयोजन व संचालन के लिए प्रखंड स्तरीय मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आजम सिद्दीकी को कमेटी का प्रखंड सदर बनाया गया। जबकि मिनहाज अंसारी को सचिव व जसमुद्दीन अंसारी को खजांची का पदभार सौंपा गया। वहीं 12 लोगों को सदस्य बनाया गया है। बैठक में गयासुद्दीन अंसारी, रफीक मास्टर, मो सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, सैकत खलीफा, सफी आलम, अमीन अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, हकीम अंसारी, नसरुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# हरिहरगंज में रसोई गैस सिलेंडर फटने से 15 लोग झुलसे, 10 रेफर

### गृहिणी के चूल्हा जला कर गैस वितरक को पैसे देने के क्रम में हुआ धमाका

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। जिले के हरिहरगंज शहर अंतर्गत अररुआ खुर्द बड़ी मस्जिद के पास एक घर में रसोई गैस सिलेंडर फटने से करीब 15 लोग झुलस गए। जिन्हें सीएचसी में उपचार के बाद 10 लोगों को दूसरे अस्पताल रेफर किया गया। जबकि मामूली रूप से झुलसे लोगों को घर भेज दिया गया। वहीं, जोरदार धमाके में आग लगने से घर में रखे सभी सामान जल कर राख हो गए। पक्के मकान की दीवारों में दरारें पड़ गए हैं। घटना सोमवार की दोपहर 12.30 बजे आजम रिजवी नामक व्यक्ति के घर में घटित हुई। इस घटना से हरिहरगंज शहर के अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में भी दहशत है। जानकारी के मुताबिक घटना से पहले गैस वितरक द्वारा सिलेंडर को चूल्हे में सेट किए जाने के बाद आजम रिजवी की पत्नी ने खाना बनाने के लिए चूल्हा जला दिया और गैस वितरक को पैसे देने के लिए बाहर निकली। तभी जोरदार धमाके के साथ घर में आग लग गई। धमाके सुनकर पड़ोसी भी घर में आ गए जिससे 15 लोग आग की चपेट में आ कर झुलस गए। बताया जा रहा कि घटना के दौरान आजम रिजवी की आठ साल की बेटी उम्मे हबीबा घर में ही थी। पर वह खतरे से बाहर है। उधर, घटना की सूचना पाकर पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास पानी टैंकर को फोन किया और खुद तुरंत घटना स्थल पर पहुंच गए। पानी के टैंकर व लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। साथ ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



जहां चिकित्सकों ने इलाज के बाद रेफर कर दिया। घायलों में अख्तर हुसैन (40), रसिता खातुन (45), मोहन कुमार (40), रोशन कुमार (35), रूही प्रवीण (30), रामश्वरूप विश्वकर्मा (60), उम्मे हबीबा (8), उमेह हबीबा (45), शौकत आलम (16) शामिल हैं। मालूम हो कि हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं था। तब थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने घायलों को मदद करते हुए वाहन की व्यवस्था कर सभी को अस्पताल पहुंचवाया। उन्होंने कहा कि आजम रिजवी के घर में रसोई गैस सिलेंडर फटने से यह घटना हुई है। उधर, घटना के बाद बसपा नेता प्रमोद कुमार रवि, सुरजमल राम, सुशिल कुमार रवि, सामाजिक कार्यकर्ता संतोष प्रजापति, विधायक प्रतिनिधि सरोज प्रसाद कुशवाहा सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों ने घायलों का हाल जाना। समाचार लिखे जाने तक सभी घायल सुरक्षित थे।

## मुहर्रम में सभी जगह नियुक्त किये गये हैं दंडाधिकारी : विनय शर्मा



**सनातन धर्म सभा केंद्रीय कमेटी की ओर से सम्मानित होंगे मुहर्रम कमेटी के पदाधिकारी : अजीत तिवारी**

नीलांबर पीतांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। मुहर्रम को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर कुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया जितेंन्द्र शुक्ला की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। जिसमें प्रखंड कार्यालय से पहुंचे प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विनय कुमार शर्मा ने कहा कि मुहर्रम को लेकर प्रशासन सजग है। सभी जगह दंडाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। किसी भी समस्या पर प्रशासन को सूचित करें। वहीं सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने कहा कि लेस्लीगंज प्रखंड में सनातन धर्म सभा के नेतृत्व में नई परंपरा की शुरूआत की जाएगी। दशमी के दिन प्रखंड मुख्यालय में आने वाले मुहर्रम कमेटी के सदस्यों को थाना परिसर में सम्मानित किया जाएगा। कहा कि सनातन धर्म हमेशा विश्वकल्याण की बात करता है इस लिए सभी त्योहार हम हिंदू-मुस्लिम भाइयों को सौहार्द पूर्वक मनाना चाहिए। वहीं, थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने आपसी सद्भाव के साथ संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में जिला परिषद सदस्य बिजय राम, मुखिया गुड्डी देवी, रेखा देवी, अरबिंद शुक्ला, संगीता देवी, कृष्णा चौबे, पंसस कमेश यादव, बजरंगी सोनी, शलैश सिंह एवं एएसआई अभय त्रिपाठी, अरूण बाउरी, रामनाथ मंडल, महावीर साहू, मुहर्रम कमिटी के सदर मुन्ना खान आदि मौजूद थे।

## शांति भंग करनेवाले किसी भी असामाजिक तत्व को बख्शा नहीं जायेगा : शशि रंजन

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। मुहर्रम को लेकर सोमवार को विश्रामपुर थाना में शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी शशि रंजन व संचालन विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे के बीच मानने का निर्णय लिया गया। जुलूस को भी शांतिपूर्ण तरीके से निकालने का फैसला लिया गया।

## विधायक से बेहतर तो पूर्व मुखिया ने ही बनायी थी सड़क: प्रदीप मेहता



नीलांबर पीतांबरपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड की पीपरा खुर्द पंचायत के महरजा ग्राम से जामुनडीह पंचायत को जोड़ने वाली लगभग 1500 फीट लंबे विधायक कोटे की राशि बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बताया की मोरम की जगह सड़क में मिट्टी नुमा मोरम डाला जा रहा है, जो पानी पड़ने के बाद किचड़ में तब्दील हो जाएगा। नाराज ग्रामीण सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचे और संवेदक व अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताया। प्रदीप कुमार मेहता ने बताया कि विधायक से बेहतर तो पूर्व मुखिया द्वारा बनायी गयी सड़क ही अच्छी थी। अब तो इस सड़क में मिट्टी के बराबर मोरम डालकर पहले से भी सड़क को खराब किया जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की विभागीय जाच की माग की है। साथ ही चेतावनी दी कि अगर विभाग द्वारा जांच कर कार्रवाई नहीं की गई, तो उक्त सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि यह कार्य किस विभाग से कराया जा रहा है और कितने राशि की लागत से सड़क को मोरम डालकर बनाया जा रहा है यह सूचना अभी तक ग्रामीणों को प्राप्त नहीं है। कार्यस्थल पर संवेदक द्वारा किसी प्रकार का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है इससे साबित होता है कि काम में लीपापोती की जा रही है। इस मौके पर सतीश कुमार मेहता, अनुज कुमार मेहता, कुलदीप मेहता, नवीन मेहता, दीप नारायण मेहता, अजय मेहता, सौरव मेहता, नंदलाल मेहता, राहुल मेहता, पियूष मेहता, वशिष्ठ मेहता, कमलेश कुमार, दिनेश भुईया और गया दत्त सिंह मौजूद थे।

## 2024 में भाजपा को सबक सिखाने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता अभी से कस लें कमर : जैस रंजन पाठक

- हुसैनाबाद में कांग्रेस मंडल कार्यकारिणी की बैठक
- बूथ कमेटी को मजबूत करने पर दिया गया बल

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। कांग्रेस के हैदरनगर, मोहम्मदगंज प्रखंड एवं मंडल की कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष रंजीत पासवान ने किया। बैठक में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैस रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक भी मौजूद थे। इनके अलावा कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रतिनिधि हसनैन जैदी, प्रखंड प्रभारी नवल किशोर पाठक भी थे। बैठक का संचालन जिला महासचिव शंभू सिंह ने किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जुझारू तेवर के साथ पंचायतों में काम करें। क्योंकि 2024 लोकसभा चुनाव को अब ज्यादा समय नहीं बचा है। इसमें भाजपा को माकूल जवाब देने का समय आ गया है। क्योंकि देश की जनता भी समझ चुकी है कांग्रेश के नेतृत्व में ही संविधान और लोकतंत्र को बचाया जा सकता है। वहीं, हसनैन जैदी ने कहा कि देश महंगाई की आग में जल रहा है। देश के युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया। इस मौके पर अवध बिहारी सिंह, अर्जुन सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, अवधेश सिंह, शंभु सिंह, रंजीत पासवान, नदीम खान, मालती देवी, मीना देवी, शैलेश सिंह, बिग पासवान, महताब खान, रामसुंदर राम, अंबिका सिंह, सिद्धेस्वर सिंह, यासिर अरब खान और जगदीश पासवान आदि उपस्थित थे।

## देवघर के खिजुरिया में रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर ने लगाया स्वास्थ्य सेवा शिविर




गिरिडीह (आजाद सिपाही)। रोटरी क्लब ऑफ गिरिडीह ग्रेटर की ओर से रविवार को देवघर जिला अंतर्गत खिजुरिया गांव में कांवरियों के लिए स्वास्थ्य सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें विकास साव की ओर से मलहम, दवाई, स्प्रे की व्यवस्था की गई। कंपाउंडर की मदद से ड्रेसिंग की व्यवस्था की गयी थी। साथ ही कांवरिया के बीच फल का वितरण किया गया। इस दौरान लगभग 1200 कांवरियों को सेवा दी गई। शिविर को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष दीपक संथालिया, सचिव शंकर अग्रवाल, समन्वयक मनीष गुप्ता, अमित कुमार, अनिल गुप्ता, दीपक चिरानीया, रवि गाड़िया, अनिल मिश्रा, गौरव सिंघानिया, कन्हैया विश्वकर्मा सहित अन्य का योगदान सराहनीय रहा।

### डीसी ने 'आयुष्मान पखवाड़ा' जागरूकता रथ को दिखायी हरी झंडी

## आयुष्मान कार्ड जरूर बनवायें, ताकि मुश्किल समय में परेशान नहीं होना पड़े : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत जिले में आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान पखवाड़ा 21 जुलाई से 4 अगस्त 2023 तक मनाया जाना है। आयुष्मान पखवाड़ा के व्यापक प्रचार प्रसार और जन-जन तक इस अभियान की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डीसी ने कहा कि यह जागरूकता रथ गांव-गांव जाकर वैसे लाभार्थियों को जागरूक करेगी जो आयुष्मान भारत योजना के पात्र हैं, लेकिन अभी तक उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका है। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के दौरान लाभुकों को सूचित करते हुए सहिया, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पीडीएस डीलर, सीएचओ, आयुष्मान मित्र, सीएससी (प्रज्ञा केंद्र) के माध्यम से घर-घर जाकर एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। बता दें कि जिले के सभी गुलाबी, पीला और हरा राशन कार्डधारी के लाभुक ई-केवाईसी के माध्यम से निःशुल्क अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। इस योजना से आच्छादित परिवार एक साल में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त में उपचार सभी निबंधित अस्पतालों में करा सकते हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ में लाना होगा। इस मौके पर डीसी आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा डीपीएम दीपक कुमार गुप्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



जारूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने डीसी आजनेयुलु दोड्डे।


**कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू**

**खुली डाक से अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकर को बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114 / दिनांक 18 / 01 / 1992 के आलोक में वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक तीन वर्ष के लिए खुले डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु दिनांक 16 / 08 / 2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।

उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 21 / 08 / 2023 या इसकी अंतिम तिथि 25 / 08 / 2023 को होगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| **अंचल – पाँकी** | | | | | | |
| 1 | मंगलपुर आहर | 118 | 872 | 1.32 | 0.95 | 3000.00 |
| 2 | ताल तालाब | 3, 33, 35, 36 | 168, 170, 171, 142, 173,175 | 1.94 | 1.35 | 1500.00 |
| 3 | सीरम तालाब | 79 | 520 | 1.69 | 1.20 | 10000.00 |
| 4 | डंडारकला तालाब | 414 | 668, 667, 663 | 0.81 | 0.46 | 3500.00 |
| 5 | नवाडीह आहर | 34 | 387 | 3.26 | 2.30 | 12000.00 |
| 6 | कोटेया तालाब | 27 | 148 | 2.51 | 2.22 | 51500.00 |
| 7 | खाप तालाब | 43 | 179 | 0.52 | 0.37 | 3000.00 |
| 8 | कामत तालाब | 158 | 1383 | 2.32 | 2.27 | 35500.00 |
| 9 | पाँकी बाजार तालाब | 01 | 237, 3 | 0.41 | 0.36 | 1600.00 |
| 10 | लोहरसी तालाब | 122 | 1314 | 0.86 | 0.60 | 62100.00 |
| 11 | चोरेया आहर | 64 | 229 | 1.14 | 1.07 | 3000.00 |
| 12 | पाँकी पईन तालाब | 308 | 2845, 2475 | 0.14 | 0.14 | 2000.00 |
| 13 | उचहरा तालाब | 21 | 42 | 1.56 | 1.25 | 5000.00 |
| **अंचल – विश्रामपुर** | | | | | | |
| 14 | उली पहाड़ी तालाब | 45 | 359, 360 | 2.42 | 2.00 | 12000.00 |
| 15 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 16 | रकसाहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 17 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | - | - | 3000.00 |
| 18 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3000.00 |
| **अंचल – पाण्डू** | | | | | | |
| 19 | कुटमू मछली घाट | - | - | 7.00 | 6.12 | 2000.00 |
| **अंचल – मनातू** | | | | | | |
| 20 | झरीबा नाला | - | - | 20.00 | 13.62 | 10000.00 |
| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| **अंचल – छत्तरपुर** | | | | | | |
| 21 | खजुरिया बाँध | 192 | 1400, 1401, 1402, 1403, 1404 | 9.72 | 8.00 | 60000.00 |
| 22 | करमाकला तालाब | 32 | 184 | 0.70 | 0.50 | 12000.00 |
| 23 | कंचनपुर आहर | 01 | 229 | 1.50 | 1.10 | 6500.00 |
| **अंचल – हरिहरगंज** | | | | | | |
| 24 | तेन्दुआकला तालाब | 45 | 04 | 3.45 | 3.00 | 10000.00 |
| 25 | ढेकचा आहर | 81 | 4, 5 | 4.86 | 3.56 | 10000.00 |
| **अंचल – लेस्लीगंज** | | | | | | |
| 26 | बाँसडीह तालाब | 59 | 427 | 2.50 | 1.70 | 8000.00 |
| 27 | महुँगाई तालाब | - | - | 7.00 | - | 11000.00 |
| 28 | अम्बा मछली घाट | 01 | 75 | 2.40 | 1.60 | 3000.00 |

**डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 303077 Fish (23-24)_D

### लोयाबाद पहुंचे कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने बाघमारा विधायक पर साधा निशाना

# 14 साल के कार्यकाल में मिले सरकारी फंड का हिसाब दें ढुल्लू महतो : जलेश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोयाबाद।** विधयाक ढुल्लू महतो 14 साल का हिसाब दें। इन वर्षों में विधयाक जी को करीब 70 करोड़ रुपये का फंड मिला। जनता के सामने सार्वजनिक करें कि कौन-कौन सा विकास कार्य किया है। हमनें अपने कार्यकाल की उप्लब्धियां एक बुक छपवा कर जानता के सामने रख दिया था। अगर हिम्मत है तो विधायक ढुल्लू महतो भी अपने कार्यकाल में किये गए विकास को जनता के सामने सार्वजनिक करे। उक्त बातें कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो ने कही। वे सोमवार को लोयाबाद में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाघमारा विधायक यह भी बताएं कि 99 एकड़ भूमि किसकी है। जहां से कोयला का काला कारोबार चलता था। आज किसान 40 दिन से धरना दे रहे हैं, लेकिन जनता का हितैषी का ढिंढोरा पीटने वाले ढुल्लू महतो चुप है। बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाया जा रहा है। जलमीनार खड़ी की जा रही है। लेकिन ये बताए कि पानी कहां से लाएंगे। बिना पानी के पाइप बिछवाना चोरों को फायदा मिलेगा। जलेश्वर महतो ने मणिपुर के वीडियो कांड पर कहा कि यह घटना शर्मनाक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरि पर यह काला टिका की तरह है। बतातें चलें कि जलेश्वर महतो यहां एक शाहाना टेल्कम मोबाइल शॉप के उद्घाटन करने पहुंचे थे। शॉप के मालिक कांग्रेस के जिला महासचिव असलम मंसूरी के पुत्र आफताब मंसूरी ने कहा कि शाहाना टेल्कम का यह दूसरा ब्रांच है। इससे पहले बिनोद बिहारी चौक के निकट मोबाइल शॉप शुरू किया गया था। मौके पर इम्तियाज अहमद, असलम मंसुरी, राजकुमार महतो, रामगोपाल भुवानियां, रवि चौबै, इसराफिल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में सेल, बोकारो स्टील प्लांट प्लैटिनम अवार्ड के लिए चयनित

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट को पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में 14वां एक्सीड ग्रीन फ्यूचर अवार्ड 2023 में प्लैटिनम अवार्ड का विजेता घोषित किया गया है। एक्सीड ग्रीन फ्यूचर अवार्ड सस्टेनेबल लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में उत्कृष्ट पहल करने वाली संस्थाओं को सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन (एक काम देश के नाम की एक इकाई) द्वारा प्रदान किया जाता है। बीएसएल के पर्यावरण संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी विभाग ने 30 जून को पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में बीएसएल की ओर से आवेदन दायर किया था। 14 जुलाई को जूरी सदस्यों के सामने नितेश रंजन, एजीएम (पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी) द्वारा प्रस्तुति दी गई। जूरी सदस्यों के प्रश्नों का समाधान जीएम (पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी) एनपी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। जूरी सदस्य में पर्यावरण, प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल हैं। दायर आवेदन और दी गई प्रस्तुति के आधार पर जूरी सदस्यों ने बोकारो स्टील प्लांट को पर्यावरण सस्टेनेबिलिटी श्रेणी में विजेता घोषित किया। यह पुरस्कार 25 अगस्त को उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होने वाले 14वें एक्सीड ग्रीन फ्यूचर अवार्ड एंड कॉन्फ्रेंस 2023 के दौरान प्रदान किया जाएगा।

### मुखिया सहित अन्य पदाधिकारियों के लिए शपथ सह सम्मान समारोह का आयोजन



**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिला के बोकारो थमज़ल सुपन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए सोमवार को गोविंदपुर सी पंचायत में शपथ एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। नवनिर्वाचित मुखिया राम पुकार राम, सरपंच छोटेलाल राम, उर्फ ड्राइवर राम, छड़ीदार, रोशन राम, मुंशी रंजन राम एवं कार्यकारिणी सदस्य इंद्रदेव राम, किसमिस राम, राम प्रसाद राम, सोहन राम, रूपेश राम, प्रकाश राम, धीरज राम, सूरज राम, प्रेम राम, करगली डोम समाज के मुखिया मनोहर राम, उप मुखिया मुन्ना राम, भारतीय सुदर्शन समाज के प्रदेश कार्य अध्यक्ष शंकर कुमार, बोकारो जिला अध्यक्ष संतोष राम ने अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही सभी पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण किया। समारोह में मतौर मुख्य अतिथि करगली डोम समाज के मुखिया मनोहर राम भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपन समाज बोकारो थर्मल के पूर्व मुखिया किसमिस राम ने किया। इस मौके पर करगली डोम समाज के सरपंच रणधीर राम, सुरेश राम, किसमिस राम, किशन राम के अलावे अनिल राम, धर्मेंद्र राम, दीपक राम, हीरो राम, सूरज राम, मदन, दीपक कुमार और विजय राम आदि उपस्थित थे।

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक, जुलूस निकालने के लिए लेना होगा लाइसेंस



**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत चतरोचट्टी थाना परिसर में मुहर्रम को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी नीरज कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के प्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद थे। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि त्यौहार को शांति और सद्भाव के साथ मनायें। उन्होंने कहा कि जुलूस निकालने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती रहेगी। शांति व्यवस्था में खलल उत्पन्न करने की कोशिश करने वाले शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहार के दौरान पुलिस गश्ती तेज कर दी जाएगी। इस मौके पर समसुद्दीन अंसारी, रियासत अंसारी, अयुब अंसारी, चमन ठाकुर के अलावा सातो पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पूर्व जीप सदस्य की बेटी ने कराटे में पाया गोल्ड मेडल



**महुदा (आजाद सिपाही)।** प्रीमिया ऋषिकेश मेमोरियल स्कूल भेलाटांड़ प्रांगण में कोफुकन शितो-रयू कराटे स्कूल भारत के बैनर तले झारखंड राज्य में प्रथम ओपेन कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भाग लेने वाले सभी बच्चे अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए। इसमें 10 से 12 वर्ष वाले छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला। इस प्रतियोगिता में शामिल महुदा क्षेत्र के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह युवा भाजपा नेता संतोष कुमार महतो की बेटी अंचल स्वरूप ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए गोल्ड मेडल जीता। अतिथियों ने अंचल स्वरूप को गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं उसके माता-पिता को सॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# पूर्व सैनिकों और वीर महिलाओं को किया जायेगा सम्मानित: नवीन

**सैनिकों की शहादत पर 26 को मनाए जाने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई बैठक**



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** वेटर्न ऑर्गेनाइजेशन ऑफ गिरिडीह (पूर्व सैनिक) एवं फाइटिंग ग्रुप के सैनिकों की बैठक सोमवार को पुराने जेल कैंपस के मंदिर प्रांगण में हुई। जिसमें 26 जुलाई (कारगिल विजय दिवस) के अवसर पर नगर भवन में होने वाले कार्यक्रम एक शाम शहीदों के नाम की तैयारी के बारे में चर्चा की गई। संगठन के अध्यक्ष नवीन कांत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। 26 जुलाई की शाम 4.30 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा। बताया कि अभी तक की सूचना के आधार पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार विश्वकर्मा (सोनू) के अलावा जमुआ विधायक केदार हजरा, जिला परिषद अध्यक्षा मुनिया देवी, डॉ गुणवंत सिंह सलूजा, पूर्व विधायक निर्भय कुमार शहाबादी उपस्थित होंगे। यह भी बताया कि गिरिडीह डीसी, आरक्षी अधीक्षक के साथ कई गणमान्य लोगों के भी उपास्थित होने की संभावना है। यह कार्यक्रम कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए भारत मां के वीर सपूतों के श्रृद्धांजलि के लिए आहूत की जा रही है। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों, वीर नारी को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में देश भक्ति डांस, गीत, कविता, एकांकी नाटक का भी आयोजन किया जाएगा। संगठन के सचिव अमित रंजन ने बताया कि यह कार्यक्रम कारगिल के शहीदों के साथ-साथ नए युवाओं के लिए प्रेरणा एवं उत्साह वर्धन के लिए भी है। बैठक में विजय वर्मा, आरके वर्मा, दिलीप शर्मा, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, अरविंद सिंह, अनिल कुमार वर्मा, रामकुमार वर्मा, सैलेंद्र वर्मा और अशोक कुमार उपस्थित थे।

## अनियमित राशन वितरण की शिकायत पर जांच करने पहुंचे बीडीओ

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति सोमवार को झिंझि पहाड़ी स्थित एक पीडीएस दुकान पहुंचे और जांच पड़ताल की। जिसमें राशन वितरण संबंधित कई त्रुटियां मिली। उन्होंने 15 कार्डधारकों के बयान भी दर्ज किए। मौके पर पहुचीं मुखिया प्रेमलता कुमारी से भी बीडीओ ने कई बिंदुओं पर पूछताछ की। साथ ही अविलंब कार्रवाई का आश्वासन दिया। बताते चलें कि झिंझिपहाड़ी में विगत दिनों पीडीएस दुकानदार फूलचंद तुरी के खिलाफ कार्डधारकों ने राशन वितरण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया था। मुखिया प्रेमलता कुमारी से भी शिकायत की थी। मुखिया ने बाघमारा बीडीओ को लिखित शिकायत देकर जांच का आग्रह किया था। इसी आलोक में सोमवार को बीडीओ ने पीडीएस दुकान पहुँचकर शिकायत की जाँच पड़ताल की।

### पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत केरोसिन लेकर आत्मदाह करने पहुंचे रैयत

# संयंत्र के लिए जमीन लेकर बीएसएल प्रबंधन अब करोड़ों में बेच रहा विस्थापितों की जमीन : ललित

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा की ओर से बोकारो स्टील प्लांट के प्रशासनिक गेट के मुख्य द्वार के समक्ष रैयत-विस्थापितों ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। रैयत अपनी जमीन की मांग को लेकर सामूहिक आत्मदाह कार्यक्रम में शामिल हुए और परिवार समेत आत्मदाह करने का प्रयास किया। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के केंद्र अध्यक्ष ललित नारायण ने किया। उन्होंने कहा कि उत्तरी क्षेत्र में बाउंड्री वॉल से प्रभावित विस्थापितों की जमीन को लेकर चास अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता हुई थी। जिसमें लिए गए निर्णय के अनुसार नौ किलोमीटर बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया जिसमें 1030 एकड़ जमीन अनपेमेंट जमीन है। इस निर्णय में प्रभावित लोगों को नियोजन एवं रोजगार देने की बात लिखित हैं। लेकिन प्रबंधन इसका अनुपालन नहीं कर रहा है। जिस कारण रैयत अपनी जमीन के बदले मुआवजा व नियोजन की मांग को लेकर वर्षों से आंदोलनरत है। इस दिन अपने पूरे परिवार के साथ बोकारो स्टील प्लांट के प्रशासनिक गेट के मुख्य द्वार के समक्ष प्रबंधन के सामने सामूहिक आत्मदाह के लिए मजबूर हैं। कहा कि बोकारो के विस्थापित अपनी जमीन संयंत्र निर्माण के लिए दिए थे, लेकिन बीएसएल प्रबंधन अब जमीन का सौदागर बनकर करोड़ों रुपए में विस्थापितों की जमीन को बेच रहा है। कहा कि एशिया महादेश का सबसे बड़ा कारखाना विस्थापितों की देन है तो इतना बड़ा कारखाना लगाने के बाद यहां के लोग बेरोजगारी का दंश झेलने को मजबूर हैं। प्रबंधन से मांग है कि विस्थापितों को खतियान के आधार पर 75 फीसदी आरक्षण सभी तरह की बहाली निजी कंपनियों, उद्योग-धंधों, व्यापार, ठिकेदारी, दुकानदारी में दिया जाय और उन्हें सभी प्रकार की बहालियो में उम्र सीमा की छूट देते हुए 45 वर्ष किया जाए, ताकि इसका लाभ विस्थापितों को मिले। इस दौरान घोषणा की गई कि रैयत 15 अगस्त को अपनी अनपेमेंट जमीन ( जिनका जमीन के बदले मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हुआ) को लेकर 09 किलोमीटर बाउंड्रीवाल में हल-बैल, ट्रैक्टर व जेसीबी लेकर जुताई और अपनी जमीन में बुआई करेंगे। अपनी जमीन आजाद करवाने के लिए जमीन में तिरंगा झंडा फहराएंगे। इस मौके पर शंकर कुमार महतो, मांझू महतो, लखन महली, सुभाष कुमार, शैलेश महतो, राजेंद्र महतो, मदन महतो, धर्मेंद्र कुमार, सूरज कुमार, सुनील कुमार, उपेंद्र महली, बालेश्वर कुमार, अजय कुमार, छोटा बाबू, आनंद महतो, सरजू महतो, विराज महतो, बैजनाथ महतो, उमेश महतो, दिलीप कुमार, अरविंद कुमार, संतोष कुमार, इंद्रदेव सोरेन, प्रकाश कुमार, सचिन कुमार, सुरेश कुमार, संजय कुमार, चंद्रगुप्त कुमार और शंभु कुमार ादि उपस्थित थे।


## कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
## जिला गव्य विकास कार्यालय,सिमडेगा

### आम सूचना

सभी संबंधित पशुपालको/दुग्ध उत्पादको को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत जिला–सिमडेगा में गव्य प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए चयनित लाभुकों के स्क्रू अकाउंट में अनुदान राशि डी0बी0टी0 के माध्यम से प्रेशित की गई है। परन्तु आज तक लाभुक अंशदान जमा करने की सूचना इस कार्यालय को आप्राप्त है। चयनित लाभुकों को निदेश/आग्रह किया जाता है कि वे अपने बैंक खाते में लाभुक अंशदान की राशि को यथाशीघ्र जमा करें ताकि पशु क्रय कि प्रक्रिया को अतिशीघ्र पूरा किया जा सकें। अपने बैंक खाता सं0 में लाभुक अंशदान की राशि जमा करने के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय से संपर्क करें। वित्तीय वर्ष–2022–23 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत गव्य प्रक्षेत्र की दो दुधारू गाय, पाँच गाय,दस गाय डीप बोरिंग,वर्मी कम्पोस्ट,हस्त चलित चैफ कटर,विद्युत चलित चैफ कटर,काऊ मैट एवं मिल्की मशीन योजना जिन्होंने अब तक अपना अशंदान जमा नहीं किये है उनकी सूची निम्नवत है:–

1.दो दुधारू गाय की योजना:–

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या कुमारी | म्नमोहन साहू | नावटोली | कोलेबिरा |
| 2 | संगीता देवी | रामेश्वर ओहदार | बरसलोय | कोलेबिरा |
| 3 | खतीजा खातुन | स्व: नेजाम खान | शाहपुर | कोलेबिरा |
| 4 | कान्ती देवी | मुन्ना सिंह | बरसलोय | कोलेबिरा |
| 5 | दषमी देवी | राजु अहीर | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 6 | संगीता देवी | सुदामा सिंह | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 7 | माया मिश्रा | अवधेष प्रसाद | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 8 | शान्ति देवी | बिहारी शंकर पण्डा | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 9 | सरिता देवी | स्व0 जीतन साव | बरसलोया | कोलेबिरा |
| 10 | लगनी देवी | स्व0 नडहु सिंह | लचडागढ़ | कोलेबिरा |
| 11 | बिरसमुनी देवी | स्व0 सुरेन्द्र सिह | ऐडेगा | कोलेबिरा |
| 12 | सुषमा देवी | स्व0 विरेन्द्र साहु | लचडागढ़ | कोलेबिरा |
| 13 | देवन्ती देवी | स्व0 खुदीया सिंह | पण्डरूटोला | कोलेबिरा |
| 14 | पिटो देवी | कांता मेहार | सिमडेगा | सिमडेगा |
| 15 | आमरावती देवी | अरविद प्रसाद | टुकुपानी | ठेठाईटांगर |
| 16 | रूकमिणी देवी | प्रदीप कुमार | केरसई | केरसई |
| 17 | सुषमा रानी देवी | रामलाल राणा | केरसई | केरसई |
| 18 | धनमती देवी | सुदबल अहीर | बनगांव | कुरडेग |
| 19 | मकसीमा बाडा | दोमनीक बाडा | तामड़ा | सिमडेगा |
| 20 | पुनम देवी | बलदेव प्रधान | जोकबहार | सिमडेगा |
| 21 | हीरामानी बागे | सुरसेन बागे | कोनसोदे | बानो |
| 22 | सीमा देवी | मधु लोहरा | सोय | बानो |
| 23 | एरेन केरकेट्टा | स्व: विकसल केरकेट्टा | बरसलोया | कोलेबिरा |
| 24 | उषातारा केरकेट्टा | स्व: तेलस्फोर केरकेट्ट | डोमटोली | कोलेबिरा |
| 25 | सेलेस्टीना लुगुन | समुएल लुगुन | कोलेबिरा | कोलेबिरा |
| 26 | रिबन देवी | सेहन गोप | रैसिया | कोलेबिरा |
| 27 | पुटील देवी | श्राज किषोर भोक्ता | रैसिया | कोलेबिरा |
| 28 | रूपमावती देवी | लखनलाल सिंह | नवाटोली | कोलेबिरा |
| 29 | अनिता देवी | सुभाष सिंह | टुटीकेल | कोलेबिरा |
| 30 | माधुरी ड़ाग | सिलबेस्तर डांग | टुटीकेल | कोलेबिरा |
| 31 | फलोरेंसिया लुगुन | अलबिनुस लुगुन | डुमारटोली | कोलेबिरा |
| 32 | जिरमैत कुमारी | टहल राम | कोलेबिरा | कोलेबिरा |
| 33 | गुलाबी देवी | स्व 0 रूपलाल | कुरडेग | कुरडेग |
| 34 | सुमती देवी | दिलीप कु0 सिंह | टुटीकेल | कोलेबिरा |
| 35 | मीना देवी | सहरू सिंह | मुर्गटोली | कोलेबिरा |
| 36 | सुनीता देवी | स्व:मनोज कुमार | ठेठाईटांगर | ठेठाईटांगर |
| 37 | फिलिसिया कुल्लू | स्व: देवनिस डुगॅ2 | जोराम | ठेठाईटांगर |
| 38 | मंजेल डुॅग2 | पंकसियुस डुॅग2 | कोरोमियॉ | ठेठाईटांगर |
| 39 | मंजुलिका तिडू | परादीस डॅग2 | जोराम | ठेठाईटांगर |
| 40 | अकाय डुॅग2 | नेलसन डुगॅ | जोराम | ठेठाईटांगर |
| 41 | ओडिल डुॅग2 | स्व: बिनोद टेटे | जोराम | ठेठाईटांगर |
| 42 | रोजी कुल्लू | स्व0तिन्तुस कुल्लू | पांकरटाड़ | पांकरटाड़ |
| 43 | मुलयानी बागे | किरण कु0 बागे | बरसलोया | कोलेबिरा |
| 44 | मरथा जोजो | स्व: प्यारा जोजो | कोनमेरला | जलडेगा |
| 45 | सेतेंग लुगुन | मनसुख लुगुन | पतिआम्बा | जलडेगा |
| 46 | प्रीतिवन्ती जोजो | स्व: उम्बलन जाजो | कोनमेरला | जलडेगा |
| 47 | सुकेशनी बाड़ा | मनोहर बाड़ा | पांकरटाड़ | पांकरटाड़ |
| 48 | किरण कुजुर | पेत्रुस कुजुर | कुरडेग | कुरडेग |
| 49 | कुशमुनी देवी | स्व:किशन महतो | दुमकी | ठेठाईटांगर |
| 50 | कलावती देवी | स्व: गंगा चौबे | ठेठईटांगर | ठेठाईटांगर |
| 51 | सुधा देवी | स्व: कमलकान्त प्रसाद | टुकुपानी | ठेठाईटांगर |
| 52 | ननकी देवी | स्व: बसंन्त रावत | जोराम | ठेठाईटांगर |
| 53 | संगीता देवी | सत्येन्द्र प्रसाद | पाकरटांड | पांकरटाड़ |
| 54 | पम्मी महतो | नारायण महतो | सिंकरियाटांड | पांकरटाड |
| 55 | सुमती देवी | प्रदीप साहु | पांकरटाड़ | पांकरटाड़ |
| 56 | मंजु देवी | अशोक कु0 मोहन | कुरडेग | कुरडेग |
| 57 | असरीता देवी | स्व: अर्जून नायक | सिकरियाटांड | पांकरटाड़ |
| 58 | रामेश्वर प्रधन | स्व0 दुखन मोइलवार | कोम्बाकेरा | बार्सजोर |
| 59 | बहलेन सुरिन | स्व: सिलास सुरिन | विन्तुका | बानो |
| 60 | विनीता देवी | मंगल सिंह | लचड़गढ़ | कोलेबिरा |

2.पँाच दुधारू गाय की योजना:–

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भोला कुमार | अलखनाथ साहू | कोलेबिरा | कोलेबिरा |
| 2 | ममता देवी | संजय प्रसाद | कुलूकेरा | सिमडेगा |
| 3 | बलारूण भगत | स्व: लौरेस भगत | सेवाई | सिमडेगा |

3.दस दुधारू गाय की योजना:–

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | असलम खान | स्व: अस्लाम खान | अधरमा | कोलेबिरा |

4.मिल्किंग मशीन

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मंगल सिंह | स्व: नाडू सिंह | लचडागढ़ | कोलेबिरा |
| 2 | असलम खान | स्व: अस्लाम खान | अधरमा | कोलेबिरा |

5.डीप बोरिंग

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक कु0 रंजन | राजेन्द्र कु0 रंजन | लसिय | कोलेबिरा |
| 2 | मोहन सिंह | स्व: बुधू सिंह | श्री कोंडेकेरा | कोलेबिरा |
| 3 | दिव्या डुॅग2 | स्व: अजित डुॅग2 | कसडेगा | ठेठाईटांगर |

6.पनीर एवं खोआ मशीन

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सुचिता सोरेंग | अमर दीप खडीया | बन्दरचुआ | कोलेबिरा |

7.हस्त चलित चैफ कटर

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रदीप कु0साहू | नवीन किशोर साहू | लचडागडढ़ | कोलेबिरा |
| 2 | चन्द्रशेखर प्रधान | जगेश्वर प्रधान | खिण्डा | कुरडेग |
| 3 | बिहारी प्रसाद गुप्ता | स्व चरनु साव | कदमटोली | कुरडेग |
| 4 | गंगोत्री देवी | श्रवण प्रसाद | बरवाडीह | कोलेबिरा |
| 5 | रजनी देवी | अशोक सिंह | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 6 | विनीता देवी | मंगल सिंह | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 7 | पूनम देवी | कृष्णा प्रसाद | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 8 | विनीता देवी | रंजीत कु0साहु | नवाटोली | कोलेबिरा |
| 9 | कौशल्या कुमारी | म्नमोहन साहू | नवाटोली | कोलेबिरा |
| 10 | अनिता देवी | रामानन्द झा | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 11 | संगीता देवी | रामेश्वर ओहदार | बरसलोय | कोलेबिरा |
| 12 | खतीजा खातुन | स्व: नेजाम खान | शाहपुर | कोलेबिरा |
| 13 | गीता देवी | षिव कुमार राय | लचरागढ़ | कोलेबिरा |
| 14 | पुनम देवी | चित्रागढ़ वेहरा | केरसई | केरसई |

8.विद्युत चलित चैफ कटर

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | चंदन कुमार झा | रामानन्द झा | लचडागढ़ | कोलेबिरा |
| 2 | अशुतोष कुमार | कामेश्वर प्राद | बीरू | सिमडेगा |
| 3 | अमन प्रसाद | अलिन प्रसाद | बीरू | सिमडेगा |
| 4 | कौशल्य देवी | धनेश्वर सिंह | श्री कोडेकोरा | कोलेबिरा |

9.वर्मी काम्पोस्ट

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेंद्या देवी | नगेशवर मांझी | केशलपुर | पांकरटांड |
| 2 | बालमती देवी | जतरू मांझी | केशलपुर | पांकरटांड |
| 3 | तेतरी देवी | स्व: रजन भुईयां | पकरकच्छर | सिमडेगा |
| 4 | लक्ष्मी देवी | स्व: दरिनाथ नायक | जोकबाहर | सिमडेगा |
| 5 | सुमती देवी | प्रदीप साहु | पांकरटांड | पांकरटांड |
| 6 | बसंती देवी | स्व: बालकेश्वर साहु | पांकरटांड | पांकरटांड |
| 7 | सूर्या कुमारी | देवनारायण मांझी | खिण्डा | कुरडेग |
| 8 | मुकेश कुमार | सहदेव राम | खिण्डा | कुरडेग |
| 9 | सुमित सर्मपण मिंज | प्रेम प्रकाश मिंज | गरजा | सिमडेगा |
| 10 | किरण देवी | स्व: अनिल साहु | कुटमाकच्छर | कुरडेग |
| 11 | गीता देवी | संजीत नाग | सेवाई | सिमडेगा |
| 12 | मीरा देवी | स्व:गोविन्द सिंह | बगडेगा | केरसई |
| 13 | बन्टी देवी | संजीत कु0तिवारी | कोलेबिरा | कोलेबिरा |
| 14 | एम्रसिया बरला | अलकसियुस बरला | रैसिया | कोलेबिरा |
| 15 | अमीरा किड़ो | रजत किड़ो | अघरमा | कोलेबिरा |

10 काऊ मैट

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम | पिता/पति का नाम | पंचायत | प्रखण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बोरो देवी | सत्यानारयण प्रसाद | कोलेबिरा | कोलेबिरा |
| 2 | प्रशांत कुमार | सत्यानारयण प्रसाद | कोलेबिरा | कोलेबिरा |
| 3 | अनिरूद्व बड़ाईक | जयराम बड़ाईक | खिण्डा | कुरडेग |
| 4 | किरण देवी | स्व: अनिल साहु | कुटमाकच्छर | कुरडेग |
| 5 | समीमा खातुन | कुर्बान मिया | कोचेडेगा | सिमडेगा |
| 6 | पिटो देवी | कांता मेहार | कुलूकेरा | सिमडेगा |
| 7 | मालती देवी | कमल यादव | टैंसेरा | सिमडेगा |
| 8 | बिरसमुनी गोसाई | सुधीर गोसाई | बगरू | सिमडेगा |
| 9 | रश्मि देवी | ,शम्भु केशरी | तामड़ा | सिमडेगा |
| 10 | उपेन्द्र राम | देतारू राम | बड़कीबिऊरा | कुरडेग |
| 11 | गीता देवी | संजीत नाग | सेवाई | सिमडेगा |
| 12 | लक्ष्मी देवी | स्व: दरिनाथ नायक | जोकबाहर | सिमडेगा |
| 13 | मेंद्या देवी | नगेशवर मांझी | केशलपुर | पांकरटांड |
| 14 | बालमती देवी | जतरू मांझी | केशलपुर | पांकरटांड |
| 15 | तेतरी देवी | स्व: रजन भुईयां | पकरकच्छर | पांकरटांड |
| 16 | रेणु देवी | प्रदीप प्रासद | केरसई | केरसई |

नोट:– विशेष जानकारी के लिए,8002502495 / 9798150510 पर संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला गव्य विकास पदाधिकारी, सिमडेगा

PR 303079 Animal Husbandry(23-24)#D

## न्यूज रील्स

### साहब बेटे की मौत हो गयी जाने दीजिये...

कानपुर। कानपुर से जीएसटी अधिकारियों की घिनौनी करतूत सामने आयी है। यह घटना मानवता को शर्मसार करती है। अधिकारियों के सामने बेबस पिता गिड़गिड़ाता रहा कि आखिरी बार बेटे का चेहरा देख लेने दो। ट्रक खड़ा है। मेरा लाइसेंस ले लो। मुझे बेटे के अंतिम संस्कार की क्रिया में शामिल हो जाने दो। जीएसटी अधिकारियों का दिल नहीं पसीजा। इसी गम में ट्रक चालक ने भी दम तोड़ दिया। चालक की मौत की खबर अधिकारी पूरे दिन छिपाते रहे, लेकिन देर शाम जब उसका शव है घर पहुंचा, तो मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आयी।

### बिहार के बाद अब एमपी में जातीय जनगणना की मांग

नयी दिल्ली। बिहार के बाद अब मध्य प्रदेश में जातिगत जनगणना पर हलचल तेज हो गयी है। कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेश में जातीय गणना करायी जायेगी। हालांकि, विशेषज्ञों की राय है कि चूंकि जनगणना प्रक्रिया संघ सूची के अंतर्गत आती है, इसलिए राज्यों को इसे संचालित करने का अधिकार नहीं है।

### बैंक घोटाले में भाजपा नेता गिरफ्तार

दुर्ग। छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि सहकारी बैंक का अध्यक्ष रहते उन्होंने अपने परिचितों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुदान राशि और लोन दिलाने के नाम पर 15 करोड़ रुपये का घोटाला किया है। प्रीतपाल बेलचंदन ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी, जिसे खारिज कर दिया गया है।

### बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को विस से निकाला

जयपुर। राजस्थान के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा को मौजूदा सत्र से सस्पेंड कर दिया गया है। वे संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल का माइक खींच रहे थे। दरअसल, धारीवाल गुढ़ा को सदन से बाहर निकालने का प्रस्ताव रख रहे थे। इसी पर दोनों में तकरार हो गयी। कांग्रेस विधायक रफीक खान बीच में आये, तो रफीक और गुढ़ा के बीच धक्का-मुक्की और हाथापाई हो गयी। इसके बाद स्पीकर ने गुढ़ा को सदन से बाहर निकालने के आदेश दिये और मार्शल बुला कर उन्हें सदन से निकलवा दिया।

### सीमा-सचिन के घर पहुंचे सुप्रीम कोर्ट के वकील

नोएडा। पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर से मिलने के लिए सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट डॉ. एपी सिंह सोमवार को उसके प्रेमी सचिन के घर पहुंचे। ग्रेटर नोएडा स्थित सीमा और सचिन ने अपने ही वकील के लिए काफी देर तक दरवाजा नहीं खोला। एपी सिंह घर के बाहर खड़े रहे। उन्होंने दरवाजा खुलवाने के लिए पुलिस को फोन किया। एडवोकेट ने पुलिस से कहा कि राष्ट्रपति के यहां सीमा की तरफ से याचिका लगायी है। सचिन-सीमा से अकेले ही मिलेंगे। कोई और सदस्य नहीं जायेगा। दरवाजा खुलवा दीजिए। इसके बाद पुलिस के कहने पर सचिन ने दरवाजा खोला और सीमा-सचिन ने पैर छूकर एडवोकेट सिंह का स्वागत किया।

कोल इंडिया अध्यक्ष ने एमसीएल मुख्यालय में समीक्षा बैठक की

# एमसीएल 204 मिलियन टन लक्ष्य को हासिल करेगा : पीएम प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता




**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) पर अपना विश्वास व्यक्त करते हुए पीएम प्रसाद, अध्यक्ष, कोल इंडिया ने कहा कि एमसीएल वित्तीय वर्ष 2023-24 में 204 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को अवश्य हासिल करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में न केवल कोल इंडिया, बल्कि पूरे देश को ओड़िशा स्थित सहायक कंपनी एमसीएल पर भरोसा है। कोल इंडिया के अध्यक्ष का कार्यभार संभालने के पश्चात श्री प्रसाद ने महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) परिदर्शन किया एवं झारसुगुड़ा जिला स्थित ईब वैली कोलफील्ड्स के कोयला खनन कार्यों और प्रेषण कार्यों का निरीक्षण किया तथा शाम को एमसीएल मुख्यालय में महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री प्रसाद ने कहा कि पिछले कई वर्षों से एमसीएल ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है और न केवल कोल इंडिया, बल्कि पूरी कंपनी को एमसीएल से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अग्रणी सहायक कंपनी एमसीएल चालू वित्तीय वर्ष में 204 मिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को अवश्य सफलतापूर्वक हासिल कर सकेगी। उक्त समीक्षा बैठक में कंपनी की वरिष्ठ अधिकारियों में जेके बोहरा, निदेशक (तकनीकी/संचालन), एके बेहुरा, निदेशक (वित्त) और एएस बापट, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) उपस्थित थे, जबकि ईब वैली कोयलांचल क्षेत्रों और तालचेर कोयलांचल क्षेत्रों के क्षेत्रीय महाप्रबंधक वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुडे हुए थे। श्री प्रसाद ने कोयला खनन कार्यों और प्रेषण कार्यों के साथ-साथ ईब वैली कोयलांचल में आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का निरीक्षण किया तथा अधिक सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना करने और शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य प्राप्त करने जैसी विविधीकरण करने पर बल दिया। श्री प्रसाद ने एमसीएल की कॉर्पोरेट संयुक्त सलाहकार समिति (जेसीसी) की एक बैठक की अध्यक्षता की और लखनपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ईबी वैली कोल वाशरी, जो कोल इंडिया में 10 एमटीपीए की सबसे बड़ी गैर-कोकिंग कोल वाशरी है, का दौरा किया। अध्यक्ष श्री प्रसाद ने निमार्णाधीन न्यू वाई-कर्व रेलवे साइडिंग का भी निरीक्षण किया, जो कि ईब वैली क्षेत्र के समलेश्वरी ओसीपी से कोयला प्रेषण बढ़ाने में मदद करेगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से ओड़िशा के तीन दिवसीय दौरे पर

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को ओडिशा आ रही हैं। वह ओडिशा के तीन दिवसीय दौरे पर आ रही हैं। राष्ट्रपति 25 से 27 जुलाई तक ओड़िशा में रहेंगी। इस दौरान वह अलग-अलग जगहों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगी। राष्ट्रपति 25 जुलाई की शाम को भुवनेश्वर पहुंचेंगी और वह रात को राजभवन में रुकेंगी। 26 तारीख को कटक एससीबी मेडिकल कॉलेज के छात्र संघ के वार्षिक समारोह में भाग लेंगीं। इस संबंध में राष्ट्रपति भवन और केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से कॉलेज अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। इसी तरह, राष्ट्रपति कटक में स्थित ओडिशा उच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ में भी शामिल होंगे। वह उसी दिन कटक में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में एक समारोह में भी भाग लेंगी। 27 जुलाई को वह दसबाटिआ तमांडो भुवनेश्वर में ब्रह्माकुमारी सेंटर लाइट हाउस कॉम्प्लेक्स के भूमि पूजन समारोह में भाग लेने के बाद दिल्ली लौट जायेंगी।

राष्ट्रपति की यात्रा से पहले सोमवार को कटक, भुवनेश्वर में कारकेड रिहर्सल आयोजित की गयी। राष्ट्रपति का काफिला ब्लू-बुक दिशानिर्देशों के अनुसार अपने गंतव्य की ओर बढ़ेगा। प्रोटोकॉल के मुताबिक राज्यपाल, मुख्यमंत्री और अन्य गणमान्य लोग हवाई अड्डे पर महामहिम का स्वागत करेंगे। राष्ट्रपति की सुरक्षा में 36 प्लाटून पुलिस बल तैनात किया जायेगा। इसके अलावा 3 क्विक रेसस्पन टीमें, 2 विशेष सामरिक यूनिट राष्ट्रपति की सुरक्षा में रहेंगी। वहीं 12 एडिशनल डीसीपी, 25 एसीपी, 40 इंस्पेक्टर, 120 एसआई और एएसआइ राष्ट्रपति की सुरक्षा में लगेंगे। इसी तरह 160 ट्रैफिक अधिकारी और 150 होम गार्ड और अग्निशमन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल) दिनांक : 21.07.2023.
ई-निविदा संख्या: 26-GS-DHN-2023-24.
1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : गोमो :- इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव शेड गोमो के मौजूदा बुनियादी ढांचे की मरम्मत और उन्नयन। 08 (आठ) महीने। 2. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹4,30,78,493.95, 3. ब्याने की राशि (रूपये में) : ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 16.08.2023 को 17.00 बजे तक ई-निविदा खुलने की तारीख 17.08.2023 को 12.00 बजे से। 5. बेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।
नोट :- (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओ को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें। मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/00813/डीएचएन/डीएनआरजीएस/टी/23-24/36

# सोआ कम्युनिटी रेडियो ने स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) द्वारा संचालित 90.4 सोआ सामुदायिक रेडियो को ओडिशा की स्थानीय संस्कृति को लोकप्रिय बनाने और प्रसारित करने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार से प्रथम पुरस्कार मिला है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को राजधानी दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में सोआ रेडियो को 'अस्मिता' कार्यक्रम के लिए पुरस्कार प्रदान किया। सोआ के कुलधापति प्रो (डॉ) अमित बनर्जी और सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर मनोजरंजन नायक के ओएसडी प्रीतम नायक ने केंद्रीय मंत्री से पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने सोआ सामुदायिक रेडियो स्टेशन के 'अस्मिता' कार्यक्रम को सराहना की।

### एलन मस्क ने बदला ट्विटर का लोगो

**वॉशिंगटन।** ट्विटर का नया नाम अब 'X' हो गया है। कंपनी के मालिक एलन मस्क ने X.com को Twitter.com से जोड़ दिया है। यानी x.com लिखने पर आप सीधे ट्विटर की वेबसाइट पर पहुंच जायेंगे। अब माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म का नीली चिड़िया वाला लोगो भी बदल गया है।

SRINIVAS MOTOR
Free Pick & Drop Facility
Facility Available:-
Denting, Painitng, Mechanical, Electrical Works
All Types of Interior Work Done Her
Car Washing, Inside & Outside (Cleaning)
TEFCOAT
WAX POLISH
Specialist In All Types Of Bullet & Heavy Bike Repairing & Servicing
41, Industrial Area Kokar, Ranchi Mob:- 9608013923, 9334426471

# यूपी एटीएस ने 74 रोहिंग्या मुसलमान अरेस्ट किये

## अवैध तरीके से बॉर्डर क्रॉस कर बांग्लादेश से भारत आये

आजाद सिपाही संवाददाता

**मथुरा।** यूपी एटीएस ने रविवार रात गाजियाबाद, मथुरा समेत 6 जिलों में छापेमारी कर अवैध रूप से रह रहे 74 रोहिंग्या मुसलमानों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोहिंग्याओं में महिला और बच्चे भी शामिल हैं। ये सभी अवैध रूप से बांग्लादेश से बॉर्डर क्रॉस कर भारत आए थे और यहां पर झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे थे।

**मथुरा में सबसे ज्यादा 31 रोहिंग्या पकड़े गये :** मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र के अलहपुर और कोटा गांव के बीच बड़ी संख्या में रोहिंग्या झुग्गी-झोपड़ी बना कर रह रहे थे। एटीएस टीम ने मथुरा पुलिस के साथ टीम बनायी। टीम ने आगरा-दिल्ली नेशनल हाइवे पर अलहपुर गांव के सामने की तरफ बनी झुग्गी-झोपड़ियों में पहुंची और छानबीन शुरू की।

रात करीब 2 बजे पहुंची टीम ने पहले सभी के कागज चेक किये। 8 घंटे तक चली कार्रवाई में टीम ने मौके से 29 पुरुष और 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया। टीम सभी को बसों में लेकर चली गयी। एसपी सिटी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया कि 40 रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि एटीएस ने 31 लोगों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एटीएस ने हापुड़ के धौलाना में छापा मारा। टीम ने गांव खिचरा के आसपास अलग-अलग फैक्ट्री में काम करने वाले लगभग 16 रोहिंग्या मुसलमानों को पकड़ा है।

**किस जिले से कितने गिरफ्तार :** एटीएस के मुताबिक सहारनपुर से दो, मेरठ से दो पुरुष, एक नाबालिग और एक महिला, हापुड़ से 12 पुरुष, एक महिला, 3 नाबालिग, गाजियाबाद से 3 पुरुष, एक महिला, अलीगढ़ से 7 पुरुष, 10 महिला, मथुरा से 29 पुरुष और दो महिला को गिरफ्तार किया गया है।

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिविज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

Ranjeet Singh
Kundan Singh
Proprietor
SHIVA TRADERS
T:+91-99341 89684
76673 84788
Shiva Complex, Rajender Chowk, Giridih Bypass Road Koderma(JH)825410
Mob : 9939563560, 7004525571, Email id : shivacement1212@gmail.com

PERFECT AQUA
झारखंड बिहार में हमारी सर्विस उपलब्ध है संपर्क करें अपने बिजनेस को बढ़ाएं या नया बिजनेस लगाएं काफी किफायती दरों पर लगाया जाता है आसान किस्त में उपलब्ध हर घर को मिले रोजगार यह हमारा प्रयास
50 जार फ्री
टॉप क्वालिटी वाटर प्लांट सेटअप, शुद्ध पानी के साथ होगा फायदा जबरदस्त
Call now
9431701163
Perfect service
H:B ROAD KOKAR RANCHI JHARKHAND

# वोटर बहुत होशियार है, लालच में नहीं आता : नितिन गडकरी

- कहा- एक बार घर-घर मटन बंटवाया था, फिर भी हम चुनाव हार गये थे

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद के कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने चुनाव के दौरान का किस्सा सुनाया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वोटर बहुत होशियार होता है। वो खातासबका है, लेकिन वोट उसी को देता है, जिसे उसे देना होता है। गडकरी ने बताया कि उन्होंने एक बार लोगों के बीच एक-एक किलो मटन बांटा था। फिर भी चुनाव हार गए थे क्योंकि आज का वोटर बहुत जागरूक है।

दरअसल, गडकरी रविवार शाम महाराष्ट्र राज्य शिक्षक परिषद के कार्यक्रम में चुनाव जीतने के तरीके बता रहे थे। इसी दौरान उन्होंने यह बातें बतायीं। गडकरी ने कहा कि चुनाव प्रलोभन से नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में विश्वास और प्यार पैदा करके जीते जाते हैं।

गडकरी ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रचार के लिए बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए जाते हैं। कई लोग वोटर को पैसा खिलाते हैं, लेकिन मेरा मानना है कि इलेक्शन केवल लोगों के बीच विश्वास पैदा करके जीते जाते हैं।

गडकरी ने बताया कि कई लोग उनसे कहते हैं कि हमें सांसदी का टिकट दे दो। वह नहीं तो विधायक का टिकट दे दो। नहीं तो एमएलसी बना दो। ये नहीं तो आयोग दे दो, ये सब भी नहीं तो मेडिकल कॉलेज दे दो। मेडिकल कॉलेज नहीं तो इंजीनियरिंग कॉलेज या फिर बीएड कॉलेज दे दो। यह भी नहीं हुआ तो प्राइमरी स्कूल दे दीजिए। इससे मास्टर की आधी पगार हमें मिल जायेगी, लेकिन इससे देश नहीं बदलता।

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
All Computer courses
Vocational courses
Authorization Letter
Authorization Certificate
Web Login ID & Password
Study Material Support
Branded Name
PDF Certificate in 24 Hrs
Hard Copy Certificate & Mark sheet
Students Placement Support
Marketing Support
Online & Offline Certificate Verification
Yearly Career Guidance - Seminar in your city
Paper and Media Support
Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**